कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया 09:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 59, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ला नीना से मार्च तक बनी रह सकती है ठंड 16

तीसरे दिन भारत ने किया पलटवार 15

## एक नजर

### अधीनस्थ अधिकारियों को 'माननीय' कहकर संबोधित करने पर मांगा हलफनामा

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए आयुक्त, मुरादाबाद से अपने आयुक्तालय मंडल के अधिकारियों को उन्हें 'माननीय' कहकर संबोधित करने के लिए बाध्य करने पर व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है। कोर्ट ने आयुक्त से यह स्पष्ट करने के लिए कहा है कि किस प्रोटोकॉल के तहत उन्हें माननीय कहकर संबोधित किया जाए, साथ ही अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सियोहरा, बिजनौर से हलफनामा दाखिल कर एक संबंध में कारण बताने को कहा है कि याची की ग्रेच्युटी के विलंबित भुगतान, अवकाश नकदीकरण की बकाया राशि और अन्य सेवानिवृत्ति परिलाभों के लिए उनके द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के बाद याची को दंडात्मक लागत क्यों न दी जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने प्रमोद कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

### केंद्रीय मंत्री जोशी के भाई पर धोखाधड़ी का मामला

**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया कि वे अपने भाई गोपाल जोशी से तीन दशक से अधिक समय पहले से अलग हो चुके हैं। जोशी ने कहा कि उन्होंने अदालत में एक हलफनामा भी दायर किया था तथा एक सार्वजनिक नोटिस भी प्रकाशित करवाया था, जिसमें कहा गया कि जो भी व्यक्ति उनका भाई, रिश्तेदार या मित्र होने का दावा करेगा और किसी वित्तीय गतिविधि में शामिल होगा, वह उसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### आठ करोड़ का सोना जब्त, तीन गिरफ्तार

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड में शुक्रवार को पुलिस ने आठ करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। सोने के साथ तीन तस्कर को भी गिरफ्तार भी किया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आकस्मिक चेंकिग के दौरान बस स्टैंड भाठागांव रायपुर में तीन तस्करों से लगभग 12 किलो 800 ग्राम सोना बरामद किया जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने तीनों तस्करों लिंगराज नायक, हितेश तांडी और शुभम को गिरफ्तार कर लिया।

# शहनाई की धुन के साथ देवा मेले का आगाज

**संवाददाता, देवा(बाराबंकी)**



फीता काटकर देवा मेले की शुरुआत करतीं डीएम सत्येंद्र की पत्नी सुप्रिया कुमारी।

**देवा महोत्सव**

- शेख हसन गेट पर डीएम सत्येंद्र की पत्नी ने काटा फीता, उड़ाए शांति के प्रतीक कबूतर, उद्घाटन होते ही मेले में छाई रौनक

**अमृत विचार :** शहनाई की धुन और पीएसी बैंड की सुमधुर ध्वनि के बीच शुक्रवार को दस दिवसीय देवा मेले का आगाज हो गया। मेला अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे 38 मिनट की देरी से शुरू हुआ। डीएम सत्येन्द्र कुमार की पत्नी सुप्रिया कुमारी ने शेख हसन गेट पर फीता काटकर इसकी शुरुआत की। इसके बाद शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए गए।

उद्घाटन होते ही कई किमी की परिधि में फैला मेला परिसर जीवंत हो उठा। पूरी दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर उनके पिता सैयद कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां की याद में हर साल यह मेला लगाया जाता है। धीरे-धीरे यह मेला भव्य रूप लेता चला गया और आज देश ही नहीं दुनिया के कोने-कोने से लोग मेले में जियारत के लिए आते हैं। मेले के दौरान पूरे परिसर के साथ-साथ समूचा कस्बा भी जायरीनों की आमद से गुलजार रहता है। उदघाटन के मौके पर अपर जिलाधिकारी व सचिव देवा मेला प्रदर्शनी समिति अरुण कुमार सिंह, मेला सुपरवाइजर इत्तिदार अहमद शक्कू, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, कोतवाल देवा अनिल कुमार पांडेय, मेला प्रभारी राम नरेश यादव सहित तमाम अधिकारी व मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## सलमान खान को फिर जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है और कहा गया है कि अगर वह ये रकम नहीं देते हैं तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक गैंगस्टर द्वारा यह धमकी दिए जाने का संदेह जताया है। धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान के घर, कार्यालय, शूटिंग स्थलों, अभिनेता के काम पर आने-जाने के रास्तों तथा उनके आगंतुकों पर निगरानी बढ़ा दी है।

# कोहली ने पूरे किए 9,000 रन



**बेंगलुरु ।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं, पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली। 35 साल के कोहली ने भारत की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यह कारनामा हासिल किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कोहली पहली पारी में नौ गेंद में बिना रन जोड़े आउट हो गए थे और भारत 46 रन पर ऑल आउट हो गया था। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में टेस्ट श्रृंखला में कोहली सिर्फ 594 पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

**594** पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने विराट

**197** पारियों में हासिल की उपलब्धि चौथे भारतीय बल्लेबाज बने विराट कोहली

# बाल विवाह रोकथाम कानून को नहीं रोक सकता पर्सनल लॉ : सुप्रीम कोर्ट

## पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं बचपन के विवाह

- अदालत ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी पर्सनल लॉ के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई दिशानिर्देश भी जारी किए। हालांकि, पीठ ने इस बात पर गौर किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) पर्सनल लॉ पर प्रभावी होगा या नहीं, यह मुद्दा विचार के लिए संसद के पास लंबित है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) से पीसीएमए को पर्सनल लॉ पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि निर्णय में बहुत व्यापक समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीसीएमए का उद्देश्य बाल विवाह पर रोक लगाना है लेकिन इसमें किसी बच्चे के कम उम्र में विवाह तय करने की बड़ी सामाजिक कुप्रथा का उल्लेख नहीं है। इस सामाजिक बुराई से बच्चे के चयन के अधिकार का भी हनन होता है... यह उनसे उनके साथी और जीवन पथ के चयन के अधिकार को उनके परिपक्व होने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने में सक्षम होने से पहले ही छीन लेता है। अदालत ने कहा कि बाल विवाह के लिए एक अंतरविषयी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो हाशिए पर पड़े समुदायों के बच्चों, विशेषकर लड़कियों के इसके कारण और कमजोर होने की बात को स्वीकार करता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतरविषयी दृष्टिकोण में लिंग, जाति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और भूगोल जैसे कारकों पर विचार करना भी शामिल है, जो कम उम्र में विवाह के जोखिम को अक्सर बढ़ाते हैं।

### बेनामी संपत्ति कानून के प्रावधानों को असंवैधानिक बताने वाले वर्ष 2022 के अपने फैसले को लिया वापस

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों द्वारा कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एनवी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ द्वारा दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच स्पष्ट रूप से मनमानी होने के कारण असंवैधानिक थीं।

### कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूकता आवश्यक

कोर्ट ने कहा कि पीसीएमए में दंडात्मक प्रावधानों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि बाल विवाह और इसके कानूनी परिणामों के बारे में व्यापक जागरूकता हो। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह नहीं समझा जाना चाहिए कि अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने को हतोत्साहित किया जाता है। उसने कहा कि कानून प्रवर्तन तंत्र को बाल विवाह को रोकने और निषिद्ध करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करने चाहिए तथा केवल अभियोजन पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। यह निर्णय 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया गया।

# 32 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था वाला राज्य होगा उप्र : मुख्यमंत्री

## योगी ने मंत्रियों, अफसरों और सलाहकारों को सौंपा इस वर्ष का लक्ष्य



योजना भवन में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर की 10 क्षेत्रों की समीक्षा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की शुक्रवार को योजना भवन में समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत संबंधित विभाग के मंत्रियों, शीर्ष अफसरों, सलाहकारों और विशेषज्ञों को लक्ष्य सौंपा कि इस सत्र में प्रदेश को 32 लाख करोड़ रुपये का जीडीपी हासिल करना होगा। 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत 7 वर्षों के नियोजित प्रयासों से अर्थव्यवस्था अब सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ रुपये हुई। इस वर्ष जीडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ रुपये का है। जीडीपी के साथ प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में ग्रोथ इंजन बन रहा है। योगी ने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग में पूरी क्षमता है, इसलिए बड़े बदलाव के लिए तैयार रहें। वर्ष 2023-24 में कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) लगभग 16 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस साल 25 प्रतिशत का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में बेहतर बीज, फसल विविधीकरण व आपूर्ति चक्र प्रबंधन को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि हार्टिकल्चर में भी पर ब्लॉक-वन क्रॉप जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

योगी ने होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, व अन्य सेवाओं में तेजी से हुई तरक्की की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि यूपी देश में पर्यटकों की पहली पसंद है। वर्तमान वर्ष में अब तक 62 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है। निर्देश दिए कि बौद्ध सर्किट और नैमिषारण्य जैसे केंद्रों को चिन्हित कर उनकी बेहतर ब्रांडिंग करनी चाहिए। साथ ही पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाएं और बेहतर की जाएं।

# न्याय न मिला तो परिवार के साथ कर लूंगा आत्मदाह

**संवाददाता, बहराइच**

**बहराइच हिंसा**

- हिंसा में मारे गए राम गोपाल के पिता कैलाशनाथ ने दिया बयान
- घटना में घायल लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश नाथ ने बहराइच पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर चेतावनी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह पूरे परिवार के साथ आत्मदाह कर लेंगे। वहीं विसर्जन जुलूस के दौरान हुई गोलबारी में घायल हुए लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान महराजगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में नामजद पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें आरोपित सरफराज और तालिब को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उधर, मृतक के पिता कैलाश नाथ पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा उन्हें न्याय नहीं दिलाया जा रहा है। पुलिस का अपराधियों से गठजोड़ है। उन्होंने धमकी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह परिवार समेत आत्मदाह कर लेंगे। राम गोपाल की पत्नी रोली ने भी पुलिस पर अपराधियों से मिलने और घूस लेकर फर्जी मुठभेड़ दिखाने का आरोप लगाया है। उधर गोलीकांड में घायल हुए सिपहिया प्यूली गांव निवासी सत्यनाम मिश्रा समेत दो लोगों ने कहा कि वह लखनऊ से सही होकर घर आए हैं। कहा कि गोली के बदले गोली होनी चाहिए। कहा कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। दूसरी ओर हिंसा के सभी पांच आरोपियों मो. फहीन, मो. तालिब, मो. सरफराज, अब्दुल हमीद और अफजल की शुक्रवार को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के सिविल लाइंस में जजेज कालोनी स्थित आवास पर पेशी हुई, जहां से सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मुख्य आरोपी समेत 23 के मकान पर नोटिस चस्पा



महराजगंज में रविवार को हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर की कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 23 मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इनमें अब्दुल हमीद समेत अन्य के घर शामिल हैं। नोटिस जारी कर सभी से पूर्व में डीएम के आदेश की कॉपी मांगी गई है, जिसमें अनुमति पत्र न मिलने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसडीएम महसी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी को भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की सकती है।

## लापरवाही पर दो मत्स्य अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** जलाशयों व योजनाओं में लापरवाही पर शुक्रवार को दो मत्स्य अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मत्स्य विकास मंत्री संजय कुमार निषाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निलंबित अधिकारियों में कानपुर देहात के ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह यादव व फतेहपुर के सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश चन्द्र यादव हैं। अवनीश यादव पर जलाशयों की नीलामी, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना व मछुआ कल्याण कोष योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति में असफल रहने समेत कई आरोप हैं। मिर्जाताल की नीलामी प्रक्रिया को गुमराह करने का भी आरोप है।

गिरीश चन्द्र यादव पर मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन में जानबूझकर विलंब करने का आरोप है। फरवरी 2024 में प्राप्त आवेदनों पर समय से कार्रवाई न करने के कारण उन्हें निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में दोनों मत्स्य निदेशालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। उपनिदेशक मत्स्य अयोध्या मंडल को जांच सौंपी गई है।

# सपा कार्यालय के सामने औरैया की युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- पुलिस ने सिविल अस्पताल में कराया भर्ती हालत गंभीर, कानपुर के कल्याणपुर थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**अमृत विचार :** औरैया जिले की 27 वर्षीया युवती ने शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय के सामने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने वह इधर-उधर दौड़ने लगी। गौतमपल्ली थाने के पुलिसकर्मियों ने देखा तो उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। युवती ने कानपुर के कल्याणपुर थाने में दर्ज दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। जानकारी होने पर डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने कानपुर पुलिस से संबंधित मामले की रिपोर्ट मंगाई है।

युवती कानपुर के कल्याणपुर में किराए पर रहती थी। कन्नौज के ठठिया निवासी सिपाही निशांत कुमार की तैनाती 2023 में कानपुर में थी। इसी दौरान फेसबुक पर उसने युवती से दोस्ती कर कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। निशांत का तबादला लखीमपुर खीरी हो गया। कुछ दिन बाद लौटा तो फिर उसे बहाने से एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। निशांत का दोस्त अनुज भी युवती को प्रताड़ित करने लगा। परेशान हो युवती ने निशांत के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया था। युवती का आरोप है कि दोनों उसे धमकी दे रहे हैं। कल्याणपुर पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। युवती ने राज्य महिला आयोग में भी शिकायत की थी। वहां पर निशांत का बयान दर्ज हुआ था।

# विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ईडी ने दर्ज कराया था धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन से जुड़े एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। अब्बास अंसारी, गैंगस्टर और राजनेता मुख्तार अंसारी के पुत्र हैं। मुख्तार की कुछ महीने पहले जेल में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी को राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त को ईडी से अंसारी की उस याचिका पर जवाब मांगा था जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अंसारी की जमानत याचिका 9 मई को खारिज कर दी थी। ईडी ने 4 नंवबर 2002 को मामला दर्ज किया था।

### जैन को भी मिली बेल

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के एक मामले में जमानत दे दी। जैन को ईडी ने 30 मई, 2022 को उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं।

**जीवन की राह** लीची, अमरूद, आंवला, लहसुन, गुलाब की खेती को दिया नया आयाम, बांस, तेज पत्ता, दालचीनी, जिमीकंद के साथ खीरा, ककड़ी, तरबूज, मक्का और अदरक भी उगा रहे

# गैर परंपरागत खेती के जुनून ने यदुनंदन को बनाया अनुसंधान का केन्द्र

**धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)**



ताइवानी अमरूद की बाग।

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी की जगह खुशगवार गुलाबी सर्दी ने ले ली है। यदुनंदन सिंह पुजारी दर्जनों श्रमिकों के साथ सुबह से शाम तक खेतों में व्यस्त हो गए हैं। हवा का रुख भांप कर किसानी करने वाले यदुनंदन कैश क्रॉप जिमीकंद की खोदाई और बाजार का खाका खींच रहे हैं, वहीं गत वर्ष हुए लाभ को देखकर लहसुन की बुवाई में भी व्यस्त हैं। गैर परंपरागत खेती के जुनून ने उनके खेतों को कृषि अनुसंधान का केन्द्र बना दिया है।

कई सम्मान अर्जित कर चुके यदुनंदन सिंह पुजारी के खेतों की सैर करना मानों किसी कृषि विज्ञान से संबंधित ग्रंथ के पन्ने पलटना जैसा है। एक एकड़ में गुलाबों की बहार है तो दूसरे में गेंदे की पौध रोपी जा चुकी है। अगले खेत में एकड़ भर में ताइवानी अमरूद के पेड़ हैं तो अगले पड़ाव पर अनानास लहलहा रहे हैं। एक खेत में केला फसल दे रहा है तो दूसरे में केले की नई फसल चार फीट की हो चुकी है। उनके बाग में आंवले की टहनियां फलों से लदी हैं। सामने लीची के हरे भरे पेड़ हैं, उनमें कुछ तेज पत्ता और दालचीनी के भी पेड़ हैं। खेतों में लहलहाने को बांस की पौध तैयार है। इतनी विविधता की बाबत पूछे जाने पर वह कहते हैं कि धरती मां हमें उतना आशीर्वाद देती है, जितनी उसकी सेवा की जाए। इन्हीं फसलों के मध्य खीरा, ककड़ी, तरबूज तो कभी मक्के का भुट्टा और अदरक उगाते हैं। इन सभी फसलों से पूरे साल अच्छी आय होती है। वहीं उनकी बगिया को हरा-भरा रखने में सहयोग करने वाले श्रमिकों को भी पर्याप्त धन मिलता है। वह कहते हैं खेती करना उनका व्यवसाय नहीं है, बल्कि उनके जीवन की राह है। उन्हें चीनी मिलों या सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बेचने को कभी मुंह ताकना नहीं पड़ता है बल्कि लोग आकर फसल खरीदते हैं। उन्हें तब सुकून मिलता है जब शिक्षित युवक उनसे सलाह मांगने आते हैं।

### खेती करना भी एक कला है



यदुनंदन सिंह पुजारी कहते हैं कि खेती करना कला है। खराब मौसम तो कभी बीमारियों से सामना होता है, यही चुनौती है। खेती करना घाटे का सौदा कभी नहीं होता है। हां, इसकी सेहत का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना की अपनी सेहत का। यदि यह बात ध्यान रहे तो न खेती बीमार होगी न ही किसान मायूस होगा।

### वाराणसी और जौनपुर जिमीकंद का बाजार

यदुनंदन सिंह बताते है यूं तो दिवाली पर पूरे देश में जिमीकंद की मांग बढ़ जाती है, किंतु बनारस और जौनपुर जिमीकंद की मंडी है इसलिए दीपावली से करीब एक सप्ताह पूर्व जिमीकंद की खोदाई कराकर जौनपुर तथा बनारस भेजेंगे।

### यह फसलें कर रहे तैयार

यदुनंदन का केले से शुरू सफर शतावर, पपीता, स्ट्राबेरी, प्याज, लहसुन, ताइवानी तरबूज, ताइवानी अमरूद, जिमीकंद, गेंदा, गुलाब, ग्लैडियोलस, अदरक, अनानास से होकर गुजर रहा है। लीची, आंवला, तेज पत्ता, दालचीनी, बारहों मास वाली तुलसी बगीचे की शोभा बढ़ा रहे हैं।

# आया करवा चौथ का त्योहार, सज गए बाजार

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** पति की दीर्घायु की कामना और सुख, समृद्धि को लेकर करवाचौथ पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार पूरी तरह से सज गए है। तो वही करवाचौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। व्रत की तैयारियों और सजने संवरने को लेकर महिलाओं की भीड़ बाजार में खरीददारी के लिए जुटी। इससे बाजार में रौनक नजर आई और दुकानदारों के चेहरे खिले रहे।

करवा चौथ पर्व की तैयारी को लेकर अभी से महिलाएं तैयारी में जुटी हुई है, जिससे बाजार गुलजार हो गए हैं। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। बाजारों में रौनक बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। करवाचौथ के पर्व पर बाजार में रंग-बिरंगी चूड़ियां व पूजन सामग्री की दुकानें भी सजी हैं। शुक्रवार को भी महिलाओं की बाजार में भारी भीड़ देखी गई। इस व्रत में महिलाएं नए वस्त्र धारण कर, गहने का श्रृंगार कर पूजा करती हैं। महिलाएं इस दिन भगवान शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा की पूजा करती हैं। करवाचौथ के मद्देनजर बाजारों में खास रौनक नजर आ रही है। करवाचौथ के लिए फैंसी चूड़ियों से दुकानें भरी हुई हैं। दुकानदार रोहित, प्रतीक शर्मा, विनय कुमार ने बताया कि धागे की वर्क वाली चूड़ियों को बेहद पसंद किया जा रहा है। उसी के अनुरूप बाजार में चूड़ियां मौजूद हैं।



गुरसहायगंज में पूजा सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार



छिबरामऊ में करवा चौथ को लेकर खरीदारी करती महिलाएं। अमृत विचार




- त्यौहार की खरीदारी को लेकर बाजार हुए गुलजार
- व्रत से पहले महिलाओं ने की सामान की खरीदारी

### छिबरामऊ में खरीदारी को उमड़ी भीड़

**छिबरामऊ।** नगर के मुख्य मार्ग पर करवाचौथ की खरीदारी को लेकर महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ रही। ई-रिक्शा पर चलने के कारण जगह-जगह जाम लगा रहा। करवाचौथ की सामग्री की खरीदारी को लेकर चूड़ी बाजार, श्रृंगार प्रसाधन की दुकानों के साथ ब्यूटी पार्लरों पर भीड़ के कारण जगह-जगह जाम लगा। फुटपाथों पर मिट्टी के करवा आदि की बिक्री होने के साथ रोड पर लगी हत्था ठेली की वजह से जाम की समस्या विकराल हो गई। दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान फैला लिया, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों को भी जाम से जूझना पड़ा। बाजार में खरीदारी करने आयी महिलाओं ने ई-रिक्शा का सहारा लिया, जिससे मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लग गया। इसमें दो पहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन भी काफी देर तक फंसे रहे। नगर की सब्जी मण्डी, पीपल चौराहा, नगर पालिका तिराहा, रोडवेज बस स्टाप पर कई बार जाम की समस्या उत्पन्न हुई।

### पत्नी करती रही व्रत की तैयारी और पति ने दे दी जान

**कन्नौज।** करवाचौथ के लिए महिला खरीदारी करने निकली थी। घर लौटी तो पति फंदे पर लटका था। किसी तरह से उसे उतारकर डॉक्टर को दिखाया लेकिन डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे मानीमऊ चौकी क्षेत्र के नेरा गांव के मुकेश कुमार सैनी (47) ने पत्नी को ठठिया बाजार से करवा चौथ का सामान खरीदने भेज दिया। पत्नी के जाने के बाद मुकेश ने घर के कमरे में पंखे के हुक में साड़ी से फंदा बनाकर गले में कस लिया। पत्नी घर आई तो पति को फंदे से लटकता देख चीख पड़ी। फिर पड़ोसियों की मदद से पति को नीचे उतारा और गांव के डॉक्टर को दिखाया लेकिन उन्होंने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो पुत्रियां जिनकी शादी हो चुकी है। पति पत्नी अकेले घर में रह रहे थे। मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने बताया कि परिवार के लोग पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

### डिजाइनर चूड़ियों की मांग

महिलाएं साड़ी से मैचिंग चूड़ियां खरीद रही हैं। चूड़ियों और कंगन को करवा चौथ के हिसाब से डिजाइन किया गया है। बाजार में डिजाइनर की चूड़ियों का दाम 200 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक हैं। वहीं, ऑनलाइन खरीदारी का चलन भी तेजी से बढ़ा है। विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग से महिलाएं नई ड्रेस, चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन का सामान मंगा रहीं हैं। महिलाओं की मानें तो त्योहारों पर ऑलनाइन शॉपिंग करने पर ऑफर मिल रहे हैं। इसमें कलर, वैरायटी की भी च्वाइस रहती है। वहीं, बाजारों में सुबह-शाम रौनक बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे खिल उठे है।



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल पेश करते छात्र-छात्राएं।

# प्रदर्शनी: बाल वैज्ञानिकों ने पेश किए उम्दा मॉडल

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें सभी वर्गो के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

सीनियर वर्ग के प्रभारी डॉ. केके झा के नेतृत्व में चार मॉडल और दिव्य दीपक दीक्षित के नेतृत्व में जूनियर वर्ग से 29 मॉडल प्रदर्शित हुए। निर्णायक मण्डल में प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार के साथ योगेन्द्र प्रकाश भुक्ला, सुनील सिंह भदौरिया, अब्दुल कादिर एवं राहुल दुबे ने बाल वैज्ञानिको के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका मूल्यांकन किया। सीनियर वर्ग में पारुल एवं भावना (होम सिक्योरिटी माडल) को प्रथम, नमन एवं अभिनय (भूकम्प सूचक मॉडल) को द्वितीय तथा स्वरा एवं दृष्टि (कचरा प्रबंधन माडल) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग में नीतेश (ज्वालामुखी सूचक मॉडल) को प्रथम, कार्तिक (ट्रेफिक टरबाइन माडल) को द्वितीय एवं रिया एवं आनी तथा रिया, गायत्री व आदित्या (ग्लोबल वार्मिंग मॉडल) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# पूर्णिमा की रात रावण का दहन, गूंजे जयकारे

## शहर की दोनों रामलीलाओं में आयोजित हुआ रावण का दहन का कार्यक्रम, देखने भारी भीड़ उमड़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में चल रही दोनों रामलीलाओं में शरद पूर्णिमा की रात राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। अंततः राम ने रावण का वध करके अच्छाई की जीत का परचम लहराया। इसके बाद दोनों ही स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। सत्य की जीत के साथ ही मैदान में श्रीराम के जयकारे गुंजायमान हो गए। दहन के बाद रावण की अस्थियां लूटने को लोगों में छीनाझपटी हुई। दोनों स्थानों पर लगे मेले में पहुंची हजारों की भीड़ ने जमकर खरीदारी भी की।

गुरुवार को शरद पूर्णिमा होने से ही एसबीएस इंटर कालेज तथा ग्वाल मैदान के ग्राउंड में चल रही रामलीलाओं में रावण दहन होना था। इसलिए देर शाम बारी संख्या में लोगों की भीड़ दोनों स्थानों पर जुटने लगी थी। बता दें कि केवल कन्नौज में ही शरद पूर्णिमा के दिन रावण का दहन किया जाता है। मान्यता है कि युद्ध के बाद दशहरा के दिन राम ने रावण की नाभि में 31 बाण मारकर धराशायी किया था लेकिन तब उसके प्राण नहीं निकले थे। उसकी मृत्यु शरद पूर्णिमा के दिन जब माना जाता है कि अमृत की बरसात होती है तब हुई थी। इस कारण से यहां इसी दिन रावण दहन किया जाता है।

गुरुवार को दोनों राम लीलाओं में राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक जुटे। रावण वध के साथ युद्ध का समापन हुआ। इसके बाद अग्निबाण से पुतले का दहन किया गया। दहन के उपरांत गिरे ढांचे से रावण की अस्थियां (लकड़ी और राख) लूटने की होड़ मच गई। भीड़ की उत्साह देख पुलिस को लाठी पटककर स्थिति नियंत्रण में करनी पड़ी।

रावण प्रकांड विद्वान था। मान्यता है कि उसकी राख से मस्तक पर तिलक करने से बौद्धक ताकत बढ़ती है तो लकड़ियां रखने से भूतप्रेत बाधाएं दूर होती हैं। इसके चलते हर साल ही लोग पुतला दहन के बाद बची लकड़ियां व राख लूटने उमड़ते हैं। मेला समापन के बाद यहां लगी दुकानों पर बच्चों और महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेले के चलते देर रात पर सड़क पर चहलपहल बनी रही।



शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज खेल मैदान पर रामलीला में जलता रावण का पुतला। अमृत विचार



रावण की अस्थियां लेने के लिए मची अफरा-तफरी।

### रावण की अस्थियां लेने को मची भगदड़

**कन्नौज।** शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज के निकट वाले मैदान में गुरुवार की रात को रावण का पुतला फूंका गया। पुतला पूरी तरह जल भी नहीं सका था कि लोग उसके अवशेष लेने के लिए दौड़ पड़े। अवशेष को लेकर आपस में खींचतान मच गई। इसको लेकर मैदान पर भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। मामला बढ़ता देख ड्यूटी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मियों ने लाठी पटक कर खींचतान करने वालों को खदेड़ा। कुछ पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। चर्चा है कि कुछ लोग रावण के पुतले के अवशेष को घर में रखना शुभ मानते हैं।

## कोर्ट में दाखिल हुई लिखित आपत्ति

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म केस में जिला कारागार में निरुद्ध पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उनके भाई वीरपाल सिंह उर्फ नीलू व पीड़िता की बुआ की शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष ने लिखित आपत्ति दाखिल कर कुछ धाराओं को जबरन लगाने की बात कही। 25 अक्टूबर को निर्णय आएगा।

शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दुष्कर्म के आरोपी व दोनों सह आरोपियों की न्यायालय में पेशी हुई। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अलका यादव की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से दिए लिखित प्रपत्रों को लिया गया। निस्तारण के लिए 25 अक्टूबर का समय मुकर्रर किया गया। बताया गया है बचाव पक्ष ने दलील में दोनों पूर्व ब्लॉक प्रमुख व किशोरी की बुआ पर लगाई गई धाराओं को लेकर बात रखी है। आरोप बनाने के लिए एक सप्ताह की तारीख लगाई गई है। अभियोजन पक्ष ने भी अदालत के समक्ष अपना तर्क रखा।

## सार-संक्षेप



अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार तथा सीओ सिटी कमलेश कुमार। अमृत विचार

### जुमा की नमाज पर अलर्ट रही पुलिस

**कन्नौज।** हाल ही में बहराइच में हुए बवाल के बाद जिले की पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। इस क्रम में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी ने शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों का भ्रमण किया। इसके अलावा मुख्य मार्गों से रूटमार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने शुक्रवार को पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थों को कानून व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को सतर्क रहते हुए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही कन्नौज पुलिस ड्रोन टीम द्वारा गुरसहायगंज और समधन में ड्रोन कैमरे की सहायता से लगातार निगरानी की गई। इसके अलावा नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास भी पुलिस बल चौकन्ना रहा।

### 23 को मनेगा युवा उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**कन्नौज।** युवा कल्याण विभाग की ओर से 23 अक्टूबर को जिलास्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव मनेगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विज्ञान मेला भी लगेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक में लोकनृत्य, लोकगीत एकल व समूह, जीवन कौशल में कविता, कहानी, चित्रकारी व डिक्लेमेशन और थीमेटिक में साइंस मेला होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शहर स्थित कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर में सुबह नौ बजे से शुरू होगा। एक दिन पहले तक इच्छुक कलाकार आधार कार्ड या हाईस्कूल के प्रमाण पत्र दिखाकर कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं।

### 22 को आएंगी महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय

**कन्नौज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने बताया है कि 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे विकास भवन के सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय पहुंचेंगी। वह महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई करेंगी। बताते चलें कि इससे पहले सदस्य का 16 अक्टूबर को कार्यक्रम लगा था जो बाद में स्थगित हो गया था।

### आनंद दीक्षित नेडा के पीओ बने

**कन्नौज।** कानपुर निवासी आनंद दीक्षित पीओ नेडा बनाए गए हैं। उनके पास पहले से ही बनारस व बांदा का प्रभार है। अब तीसरे जिले कन्नौज की भी जिम्मेदारी दे दी गई है। शुक्रवार को आनंद दीक्षित ने सीडीओ रामकृपाल चौधरी से मुलाकात की। अब तक पीडी डीआरडीए रामऔतार के पास पीओ नेडा का अतिरिक्त प्रभार है।

# ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार।** ऑनलाइन हाजिरी को लेकर महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने विरोध दर्ज कराया और सीएमओ को संबोधित ज्ञापन एमओआईसी को सौंपते हुए आदेश को निरस्त कराए जाने की मांग की। ऐसा न होने पर लखनऊ में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी भी दी।

शुक्रवार को महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में चिकित्सा अधीक्षक मनोज कुमार को ऑनलाइन हाजिरी के विरोध सामूहिक ज्ञापन सौंपा। इसमें महानिदेशक परिवार कल्याण लखनऊ उप्र के द्वारा 09 अक्टूबर 2024 को दिए गए ऑनलाइन पोर्टल पर हाजिरी के आदेश को निरस्त कराने की मांग की। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि वह लोग फील्ड वर्कर है। शहर से गांव-गांव आना जाना होता है। गांव में जाने के लिए कोई साधन नहीं होता। तो लोगों की मदद लेकर या पैदल जाना पड़ता है। किसी तरह हम लोग अपना कार्य करते है। अगर हम लोगों को सुबह और शाम को एप्प के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी देना होगा और समय से अपने कार्य क्षेत्र में भी पहुंच जाए तो ऐसा कैसे संभव होगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि यदि यह आदेश 18 अक्टूबर तक निरस्त नहीं हुआ तो सभी लोग एकत्रित होकर परिवार कल्याण लखनऊ में अनिश्चितकालीन के लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर मधु, दीपिका दुबे, प्रभा वर्मा, आरती पाल, आरती वर्मा, मीरा, अंजली आदि महिला स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रही।



एमओआईसी को ज्ञापन सौंपतीं महिला स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## ड्रोन कैमरे से लिया सुरक्षा का जायजा

**गुरसहायगंज।** दीपावली त्योहार के मदेदनजर उच्चाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ नगर सहित क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने पुलिस बल के साथ गुरसहायगंज, समधन, तालग्राम में रूट मार्च किया। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की भी चेकिंग की। रूट मार्च के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस बल को सतर्क रहते हुए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कन्नौज पुलिस ने ड्रोन टीम द्वारा गुरसहायगंज और समधन में ड्रोन कैमरे की सहायता से लगातार निगरानी की गई।

# वाल्मीकि शोभायात्रा में दर्जन भर झांकियां

संवाददाता, सौरिख

**अमृत विचार।** श्री महर्षि सेवा समिति के तत्वाधान में महर्षि बाल्मिकि की शोभा यात्रा एक दर्जन झांकियां के साथ धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारंभ भाजपा विधायक ने पूजा अर्चना एवं फीता काटकर किया। शोभायात्रा में एएसपी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में कस्बा में गुरुवार देर रात श्री महर्षि सेवा समिति के तत्वाधान में सकरावा रोड से एक दर्जन मनमोहक झांकियां निकाली गईं। पहुंचे तिर्वा भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, नगर पंचायत चेयरमैन राहुल गुप्ता ने महर्षि वाल्मीकि, एवं गणेश जी की पूजा अर्चना, आरती करते हुए फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा कुम्हर मंडी, लोहिया नगर, थाने वाली गली, सदर बाजार, गांधीनगर, समेत पूरे नगर में होते हुए सकरावा रोड पर समाप्त हुई। इस दौरान कस्बा वासियों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से एएसपी अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान विजय राजपूत, रामू पाल प्रधान, भुल्लन, रामचंद्र वाल्मीकि, शिवानंद, विजय, राकेश, आकाश, संदीप, चंद्र प्रकाश, संजय, सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

जागरुकता — राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जागरुकता कार्यक्रम

# छात्राएं किसी से डरें नहीं, बल्कि डटकर मुकाबला करें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में मिशन शक्ति फेज-5 की 90 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 'गुड टच बैड टच' विषय पर गोष्ठी हुई। जिसमें शिक्षकों ने छात्राओं को इसके बारे में जानकारी दी।

गृह विज्ञान प्रवक्ता अंबरीन फातिमा ने बैड टच होने पर प्रतिक्रिया के उपाय बताए। मिशन शक्ति प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर स्वयं शर्मिंदा होने की जरूर नहीं है। न ही स्वयं को दोषी मानने की जरूरत है। ऐसे मामलों का डटकर मुकाबला करना अच्छा होता है। प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह ने घर के अंदर व बाहर होने वाले दुर्व्यवहारों का जिक्र किया। इनसे निपटने के उपाय भी बताए। शारीरिक रूप से अधिक मजबूत बनने के लिए मार्शल आर्ट आदि सीखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस मौके पर नंदनी दुबे, नंदनी जैन, स्मृति दुबे, जाहिरा, कोमल, कंचन मौजूद रहीं।




गुड टच बैड टच की जानकारी देतीं प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह, साथ में अंबरीन फातिमा।



छात्र-छात्राओं को जानकारी देते शिक्षक। अमृत विचार

- छात्राओं से मार्शल आर्ट आदि सीखने पर दिया गया जोर

### छात्राओं को दी गई अच्छे-बुरे स्पर्श की जानकारी

**जलालाबाद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी कन्नौज में मिशन शक्ति फेस-05 के तहत छात्राओं के लिए गुड टच बेड टच विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने की। मिशन शक्ति प्रभारी डिंपल कुशवाहा असि. प्रोफेसर भौतिक विज्ञान ने छात्र-छात्राओं को गुड टच और बेड टच के विषय में जानकारी दी। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच के संबंध में सचेत रहना चाहिए। डॉ. शिप्रा वर्मा असि. प्रोफेसर हिंदी ने छात्र-छात्राओं को बेड टच के पहचान के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि छात्राओं सहित सभी लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई व्यक्ति उनको बेड टच के भाव के साथ स्पर्श न करें। कार्यक्रम का संचालन हेमेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. अखिलेश कुमार यादव, विजय बहादुर सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारी रहे।

## कलश यात्रा के साथ कथा शुरू

**छिबरामऊ।** मोहल्ला इंदिरा नगर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। मंगल गीत गाते हुए महिलाएं कलश लेकर सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर पहुंची।

वहां पूजन के बाद वापस कथा स्थल पर सभी कलश की स्थापना कर दी गई। प्रथम दिवस आचार्य पंडित अभय त्रिपाठी ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया और भक्ति एवं ज्ञान, वैराग्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान यजमान का दायित्व दयाराम शर्मा ने निभाया। कथा प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। इसका समापन 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को तथा पूर्णाहुति एवं भंडारा 25 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से होगा।

अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0- 226808692 में मेरा नाम शिवम अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शिवम कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवम कुमार पुत्र संजय निवासी- बरौली, खलीलाबाद रायबरेली रोड, बी.आर.ए. यूनिवर्सिटी, लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम गीता लिख गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम रीता पत्नी स्व देवी दयाल निवासी ग्राम खैरम (पिपरा बाजार) जिला गोंडा दर्ज है। मुझे रीता उर्फ गीता दोनों कहा जाता है अतः आज से गीता उर्फ रीता पत्नी स्व देवी दयाल के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रशांत कुमार को उसके झगड़ालू व्यवहार एवं आवारा औरतों और लड़कियों के चक्कर में पड़ा होने के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा लिये गये किसी भी ऋण, भार, उधार व मुकदमेबाजी से मेरा व मेरी पत्नी व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। इसके लिए मेरा छोटा पुत्र प्रशांत कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। **भगवानदीन पुत्र तेज्जा निवासी- ग्राम खेमीपुर थाना मल्लावां जिला- हरदोई**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम माधुरी दर्ज है। मेरे पुत्र प्रांशु वर्मा जो आपके विद्यालय में कक्षा-10 का छात्र है के शैक्षणिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम माधुरी के स्थान पर लक्ष्मी अंकित है। लक्ष्मी मेरा पुकारू नाम है। माधुरी व लक्ष्मी दोनों मेरे ही नाम हैं। **माधुरी पत्नी ज्ञान चन्द्र वर्मा निवासिनी- ग्राम अहमदपुर, सवायजपुर, पोस्ट-पाली, पाली देहात, ससिया, हरदोई।**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र Silheibi Shagolsem के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश पिता का नाम Rakeshwor एवं माता का नाम Geetasana दर्ज हो गया है, जोकि गलत है जबकि सही नाम पिता का Shagolsem Rakeshwor Singh, माता का Huidrom Geetasana Devi है, अतः इसे सही अंकित किया जाये। Shagolsem Rakeshwor Singh **निवासी उचिवा लेरक आचौबा, पोस्ट मायांग इंफाल, उचिवा, इंफाल बेस्ट, मणिपुर- 795132 वर्तमान पता ग्रुप सेन्टर सी0आर0पी0एफ0 कैम्प बिजनौर लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम कौसर नवैद नकवी KAUSAR NAVAID NAQVI लिखा है जो गलत है। आधार कार्ड में कौसर नवेद नकवी KAUSAR NAVED NAQUVI लिखा हुआ है जो सही है, ये दोनों नाम मेरे पिता के हैं। कौसर नवेद नकवी सही नाम है इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **तनवीर कौसर नकवी पुत्र कौसर नवेद नकवी मु0 मिल्कीपुरा महोबा, तह0 व जिला महोबा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 ग्राम बेरूआ वि0 खण्ड कोथावां जनपद हरदोई की प्रथम बैठक दिनांक 20.10.2024 को प्रातः 11 बजे ग्राम पो0 बेरूआ में बालाजी मंदिर के पास आहुत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थित प्रार्थनीय है।

प्रस्तावित सचिव
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम बेरूआ वि0 खण्ड कोथावां जिला हरदोई

**आज का मौसम**

शनिवार को धूप खिली रहने का अनुमान है।

| 34.0° | 22.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:08 | सूर्यास्त 05:45 |

# किशोरी से गैंगरेप में दो को 30-30 साल सजा

## पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा, 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम क्षेत्र में 4 मार्च 2020 को हुई थी वारदात
- झांसा देकर छात्रा को अगवा कर ले गए थे अभियुक्त

**अमृत विचार।** करीब चार साल पहले परीक्षा देकर लौट रही किशोरी के साथ हुई गैंगरेप की घटना में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को 30-30 साल की कठोर कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि करीब चार साल पहले 4 मार्च 2020 को तालग्राम थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन इंटर की छात्रा है। वह तीन मार्च को इंटर का पेपर देने गई थी। पेपर देने के बाद शाम करीब 5:25 बजे कॉलेज से बाहर आई और साइकिल स्टैंड से साइकिल उठाने जा रही थी, तभी गांव के ही मिंटू पाल पुत्र सतीश पाल और अंकुर पटेल पुत्र स्व. ध्रुवकिशोर उसे अपनी मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती



बिठाकर ले गए।

इसके बाद उसे तिर्वा-ठठिया रोड पर ले जाकर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद किशोरी ने अपने बयान में बताया कि परीक्षा देने के बाद वह साइकिल से कॉलेज की दोस्तों के साथ बस स्टैंड पहुंची थी। वहां चाय की दुकान पर साइकिल खड़ी करके आपस में बातचीत कर रही थी, तभी मिंटू ने आकर उसके पिता के एक्सीडेंट की बात कही तो वह घबरा गई।

पिता के एक्सीडेंट की बात पर वह मिंटू की बाइक पर बैठकर साथ चल दी। आगे जाने पर उसका दूसरा साथी अंकुर आ गया। दोनों ने उसका दुपट्टा उतारकर मुंह और गला कस दिया। घसीटते हुए रोड के नीचे ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह किसी तरह से घर पहुंची और अगले दिन सारी बात घर वालों को बताई।

मामले की विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस की तरफ से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने पर दोनों अभियुक्तों मिंटू उर्फ आशीष और अंकुर पटेल को दोषी करार देते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने सजा सुनाई। दोनों को 30-30 साल की कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को दो-दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## आदेश के बावजूद मकान खाली नहीं

**छिबरामऊ।** ननिहाल में मिली खेतिहर जमीन व मकान पर दबंगो द्वारा कब्जा कर लेने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वहां से आदेश के बावजूद दबंग मकान व खेतिहर भूमि को खाली नहीं कर रहे हैं।

एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित राजेंद्र देव दुबे निवासी फर्रुखाबाद हाल पता कानपुर नगर ने बताया कि उसके मामा रामगोपाल पाण्डेय अकबरपुर के निवासी थे। उनके पुत्र आदित्य कुमार पाण्डेय से ग्राम अकबरपुर में कृषि योग्य जमीन व मकान बतौर वारिस उन्हें प्राप्त हुई। ग्राम अकबरपुर का अवधेश कुमार पाण्डेय व उसका चाचा सुरेश पाण्डेय जबरदस्ती जमीन व मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। इस जमीन व मकान पर दीवानी न्यायालय छिबरामऊ में वाद चला व जिसमें न्यायालय ने उसके पक्ष में निर्णय किया। इसके विरुद्ध अवधेश ने जिला न्यायालय कन्नौज में अपील की थी जो निरस्त हो गयी थी। अब उक्त कृषि योग्य भूमि व मकान का स्वामी वह स्वयं है। आरोप लगाया कि अवधेश व सुरेश जबरदस्ती उसके मकान व जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं।

# मिट्टी खोदते समय धंसा टीला मलबा में दबी किशोरी की मौत

संवाददाता, गुरसहायगंज

- परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम, मातम में बदली त्योहार की खुशियां
- दीपावली पर घर की लिपाई पुताई के लिए मिट्टी खोदने पहुंची थी किशोरी

**अमृत विचार।** दीपावली पर घर की रंगाई, पुताई और लिपाई की परंपरा है। इसी क्रम में किशोरी तालाब से मिट्टी लेने के लिए गई थी। यहां खोदते समय मिट्टी का टीला धंस गया और वह दब गई। साथ गई सहेली ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी परिजनों से ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया।



गरिमा यादव।

गुरुवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसियापुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह यादव की पुत्री गरिमा यादव (17) दीपावली पर घर की पुताई के लिए गांव के निकट स्थित सरकारी तालाब से मिट्टी लेने गई थी। साथ में सहेली समस्या यादव भी थी। मिट्टी की खुदाई करते समय टीला धंस गया और गरिमा उसमे दब गई। यह देख सहेली ने शोर मचाना शुरू कर दिया।



किशोरी की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

शोरशराबा सुनकर आसपास मौजूद लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। किसी तरह मलबा हटाकर किशोरी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोरी की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गईं।

घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही शुक्रवार की सुबह अंतिम संस्कार कर दिया। किशोरी गरिमा भाई और बहन में दूसरे नंबर की थी। किशोरी की मौत से त्योहार पर परिवार में मातम छाया हुआ है।

## एक नजर

### मारपीट में दो लोग घायल

**तिर्वा।** कोतवाली के भुडिया गांव निवासी विजयपाल पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि 15 अक्टूबर को उसकी पत्नी माया देवी व भाई श्रीपाल घर के दरवाजे पर बैठे थे। उसी दौरान गिरीश पुत्र रामाधीन, राहुल, आनंद दरवाजे सामने खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उन दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

**गुरसहायगंज।** कबीरापुर निवासी नेहा पुत्री राकेश कुमार यादव ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी 10 मई 2022 को पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना किसनी के ग्राम कुमहौल निवासी मुनीष पुत्र संतराम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति मुनीष, सास सरोजनी देवी, जेठ दिलीप व अवधेश, जेठानी रौनक, दादिया सास राजवती, चचिया ससुर जसवंत ने अतिरिक्त दहेज में कार की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर ससुरालीजनों ने विगत 04 अक्टूबर को उसके साथ मारपीट की और कपड़े व जेवरात छीन कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नमाज के दौरान हमला मारपीट में एक घायल

**छिबरामऊ।** सिकन्दरपुर के एक धार्मिक स्थल में जुमे की नमाज के दौरान हथियारों से लैस एक दर्जन लोग अंदर घुस गये। मुतवल्ली से विवाद के बाद लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें अयाज उर्फ भाटिया घायल हो गया। उपद्रव की खबर मिलते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गये। मामला एक ही धर्म के लोगों से जुडा होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। कोतवाल सचिन कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।



महिला को चेक देते बैंक मैनेजर। अमृत विचार

# बीमा योजना में महिला को मिले दो लाख रुपये

**तिर्वा।** बीमारी के कारण बेटे की मौत के बाद मां को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। तहसील क्षेत्र के भर्तापुर्वा निवासी शिवप्रताप (27) खेती-बाड़ी करता था। तिर्वाखास स्थित आर्यवर्त में बैंक में बचत खाता है। वह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सालाना 436 रुपये की किश्त अदा करने लगा। अप्रैल में बीमारी से उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को नामिनी मां संतोष कुमारी को बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की राशि खाते में दी गई। शाखा प्रबंधक हर्षित दीक्षित ने प्रतीकात्मक चेक दी। सहायक शाखा प्रबंधक शुभम, अनुपमा रहे।

# डीपीआरओ दफ्तर की सूरत सुधारें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, जताई नाराजगी
- जिला प्रोबेशन व पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय देखे

**अमृत विचार।** सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने शुक्रवार को निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालयों का निरीक्षण किया। उसके बाद पंचायती राज विभाग के दफ्तर का औचक निरीक्षण कर दिया। सीडीओ ने निर्देश दिए कि ऑफिस की सूरत सुधारी जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को निर्देश दिए कि अपने कक्ष में कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जाए। अलमारी व फर्नीचर अच्छा होना चाहिए। कुर्सियां एक जैसी हों जिससे लगे कि अधिकारी का कक्ष है। उन्होंने इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व दूसरे कार्यालय का भी



डीपीआरओ कक्ष का निरीक्षण करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी, साथ में डीपीआरओ।

निरीक्षण किया।

रिकार्ड को सही ढंग से रखने के निर्देश दिए। सीडीओ ने लेखाकार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्य में हीलाहवाली न की जाए। इसके अलावा सीडीओ ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय व जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या के भी दफ्तर देखे।

# पूर्व प्रधान की मौत पर आईओ बदलने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसआई ने आम जनता के सामने स्कूटी से गिरकर मौत होने की बात कही थी

**अमृत विचार।** तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र के पूर्व प्रधान की मौत के मामले में विवेचक को बदलने की मांग हुई है। एसपी को पत्र देकर गुहार लगाई गई है। पीड़ित का आरोप है कि विवेचक आरोपी से मिल गए हैं। इससे उसे न्याय की उम्मीद नहीं है।

तालग्राम क्षेत्र के ताहपुर निवासी शिवम पटेल ने बताया कि पिता पूर्व प्रधान जयसिंह पटेल 10 अक्तूबर को सुबह साढ़े 10 बजे अमोलर जा रहे थे। चौतराहार निवासी अतुल कुमार ने बैसापुर के पास ट्रैक्टर से स्कूटी में पहले टक्कर मारी, फिर ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे पिता की मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया था।

बताया जा रहा है कि जब इसकी विवेचना को लेकर उप निरीक्षक घटनास्थल का नक्शा बनाने गए तो उन्होंने आम जनता के सामने यह कह दिया कि स्कूटी से गिरने से पूर्व प्रधान की मौत हुई है ट्रैक्टर चढ़ाया नहीं गया है। शिवम पटेल का कहना है कि इस बयानबाजी से ऐसा लग रहा है कि जांच अधिकारी आरोपी से मिल गए हैं और बचाने का प्रयास कर रहे हैं। एसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# डीपीओ ने ली चार महीने की छुट्टी, चार्ज का संकट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या ने चार महीने की छुट्टी ली है। उन्हें रिलीव करने से पहले चार्ज के लिए अधिकारी की तलाश शुरू हो गई है। जल्द कोई अधिकारी प्रोबेशन का चार्ज लेना नहीं चाहता है।

जानकारों की माने तो डीपीओ ने शासन से 15 अक्टूबर से चाइल्ड केयर लीव स्वीकृत कराई है। हालांकि उन्हें अभी रिलीव नहीं किया गया। दरअसल, उनके विभाग का अतिरिक्त चार्ज किसे दिया जाए? यह अभी तय नहीं है। चार महीने की लंबी छुट्टी के चलते उच्चाधिकारी भी परेशान हैं। चर्चा है कि कहा गया है कि शासन से ही कन्नौज के लिए विभागीय अधिकारी नामित करा लिया जाए। या किसी दूसरे जिले के अधिकारी को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिलाया जाए।

शुक्रवार को विकास भवन में सवाल घूमता रहा कि जिला प्रोबेशन अधिकारी शनिवार को चार्ज छोड़ देंगी, उनके स्थान पर किसे अतिरिक्त चार्ज मिलेगा। दूसरी ओर जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह के पास अनुसूचित वित्त एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार है। इसके अलावा वह समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के कार्यक्रमों व मूवमेंट में व्यस्त रहते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय के पास जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार के पास भी फर्रुखाबाद की अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारी है।

## पति समेत चार पर दहेज हत्या का केस

**सौरिख।** दहेज में जंजीर और एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पीट कर हत्या कर दी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

सौरिख थाना क्षेत्र के नंदपुर के अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि बहन डोली की शादी छिबरामऊ क्षेत्र के मुइया नगला निवासी सुमित कुमार के साथ 10 जुलाई को हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति सुमित, सास राकेशा देवी, ससुर नरेंद्र, एवं जेठ फट्टू दहेज में सोने की जंजीर, एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने प्रताड़ित करते हुए मारपीट शुरू कर दी। 25 सितंबर को पीट कर बहन की हत्या कर दी। जब परिजनों के साथ वह अस्पताल पहुंचा तो ससुरालीजन फरार हो चुके थे। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी।

# मनरेगा में 26 करोड़ रुपये की देनदारी, 11 करोड़ ही मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2023-24 और मौजूदा वित्तीय वर्ष का बजट आया
- भुगतान के सापेक्ष ब्लॉकों को 45 फीसदी बजट भेजा गया

**अमृत विचार।** मनरेगा के तहत जिले में काफी काम होते हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 और वर्तमान 2024-25 का 25 करोड़ 90 लाख 96 हजार रुपये मैटेरियल का बकाया है। उसके सापेक्ष 45 फीसदी 11 करोड़ 39 लाख रुपये ही मिल सका। उसी के तहत ब्लॉकों को भी आवंटित कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि भुगतान के सापेक्ष जनपद के आठों ब्लॉकों को 45 फीसदी बजट भेजा गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक विकास खंड छिबरामऊ क्षेत्र में चार करोड़ 52 लाख 41 हजार रुपये की बकाया है। इसके सापेक्ष एक करोड़ 99 लाख रुपये भेजा गया। गुगरापुर में 10 लाख 24 लाख के सापेक्ष पांच लाख रुपये दिया गया। हसेरन में



आठ करोड़ 22 लाख 61 हजार रुपये के सापेक्ष तीन करोड़ 62 लाख, जलालाबाद को 11 लाख 86 हजार रुपये के सापेक्ष पांच लाख रुपये भेजा गया।

कन्नौज सदर ब्लॉक क्षेत्र में तीन करोड़ 17 लाख छह हजार रुपये के सापेक्ष एक करोड़ 39 लाख रुपये, सौरिख को छह करोड़ 41 लाख छह हजार रुपये के सापेक्ष दो करोड़ 82 लाख रुपये दिया गया। इसी तरह तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र में 46 लाख दो हजार रुपये के सापेक्ष 20 लाख रुपये दिया गया। उमर्दा में दो करोड़ 89 लाख 14 हजार रुपये के सापेक्ष एक करोड़ 27 लाख रुपये ही दिया गया। बताया गया है कि इसमें वर्ष 2023-25 का ही 20 करोड़ 11 लाख 46 हजार रुपये बकाया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष का पांच करोड़ 79 लाख 50 हजार रुपये बकाया है।

**ये कार्य होते हैं**

नाली, खडंजा, अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन प अमृत सरोवर मनरेगा के तहत बनवाए गए। इसी के मैटेरियल का भुगतान किया जाना है।

**खाली थी कुर्सी** | सिद्धार्थनगर से तबादला होने के बाद जेई शीतला प्रसाद शर्मा का ने दी योगदान आख्या

# अब शुरू होंगे कार्य, जेई को अभियंता का प्रभार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंकज कुमार की अवर अभियंता पद पर नई पोस्टिंग आने का हो रहा इंतजार

**अमृत विचार।** जिला पंचायत में करीब दो महीने से ठप पड़े विकास कार्य अब फिर से शुरू हो जाएंगे। अवर अभियंता को अभियंता का अतिरिक्त चार्ज हो गया है। साथ ही रिक्त पदों पर दो और जेई भेजे गए हैं। एक ने शुक्रवार को योगदान आख्या भी दे दी।

करीब दो महीने पहले जिला पंचायत के अभियंता हरेंद्र राव का तबादला लखनऊ हो गया था। तब से पद रिक्त हो गया। यहां तैनात अवर अभियंता (जेई) अशोक यादव को शासन ने अभियंता का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। इससे अब निर्माण आदि कार्य चलने लगेंगे। अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य ने बताया कि अशोक यादव ने करीब सप्ताह भर पहले अभियंता



चार्ज की फाइल को अंतिम रूप देते एएमए जगप्रसाद मौर्य, जेई शीतला प्रसाद शर्मा।

का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया था। अब सिद्धार्थनगर से जेई शीतला प्रसाद शर्मा ने शुक्रवार को जिला पंचायत पहुंचकर योगदान आख्या दी। अपर मुख्य अधिकारी ने चार्ज दिलाने की फाइल शुरू कराई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा औरंगाबाद बिहार निवासी पंकज कुमार ने आयोग से चयन होकर कन्नौज में नई पोस्टिंग देने के आदेश हुए हैं। हालांकि अब तक पंकज कुमार के आने का इंतजार किया जा रहा है। संयुक्त सचिव जय प्रकाश पांडेय ने जेई के यहां भेजे जाने के आदेश जारी किए हैं। योगदान आख्या देने के दौरान कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा और बेचेलाल मौजूद रहे।

### लिस्ट का हुआ मिलान, नहीं गया कोई भी सामान

जिला पंचायत के सरकारी आवास से कोई सामग्री गायब नहीं है। न ही कोई रिकार्ड कम है। यह कहना है अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य का। दरअसल, 21 अगस्त को अभियंता हरेंद्र राव का लखनऊ तबादला हो गया था। उनका लगाया ताला मानीमऊ स्थित सरकारी आवास में पड़ा था जिसे गुरुवार को कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने तुड़वा दिया। कार्याधिकारी ने भी बताया कि सूची से मिलान में पूरी सामग्री मिल गई है। कोई अभिलेख भी गायब नहीं हैं। कुछ लोग बेवजह मामले को तूल दे रहे हैं।

# दहेज हत्या में पति दोषी करार, आज होगी सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला जज कोर्ट में सुनवाई पूरी, गला दबाकर की थी हत्या

**अमृत विचार।** छिबरामऊ थाना क्षेत्र में साल 2019 में दहेज के लिए हुई विवाहिता की गला दबाकर हत्या के मामले में जिला जज कोर्ट ने पति पर दोष सिद्ध पाते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले में शनिवार को सजा सुनाई जाएगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि 9 जून 2019 को पूजा (20) की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पिता रघुवीर निवासी हुसैन जिला मैनपुरी ने 10 जून को पति अंकित उर्फ मंगली पुत्र नन्हेंलाल, देवर अनमोल उर्फ टर्री, बाबा भानुप्रताप सिंह व मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा गया था कि उसने बेटीकी शादी एक मई 2019 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में की थी। शादी के बाद से आरोपी दहेज में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। पूजा ने 8 जून को फोन पर बताया कि पति व अन्य आरोपी उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इस पर एक दो दिन में आने की बात कहकर उसे समझा दिया था। इसके बाद 9 जून को पूजा की मौत की सूचना मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की बात सामने आई। उसके शरीर में मृत्यु से पहले 8 चोटें मिली थी जबकि लीवर और स्प्लीन फटे थे। विवेचक पति के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान पिता समेत 11 गवाह पेश हुए। जिला जज ने पति अंकित को दोषी पाया है। सजा का फैसला शनिवार को सुनाया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### अविशांक चौहान से हटेगा पीपीओ का अतिरिक्त चार्ज

**कन्नौज।** उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अविशांक सिंह चौहान के पास जिला कृषि रक्षा अधिकारी (पीपीओ) का 23 महीने से अतिरिक्त प्रभार है जो जल्द हट जाएगा। इसको लेकर चिट्ठी-चिट्ठी शुरू हो चुकी है। जिलास्तरीय रैंक के तीन अन्य अधिकारियों के नाम इन दिनों चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने शासन को पत्र लिखकर अविशांक सिंह चौहान के पास से जिला कृषि रक्षा अधिकारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी हटाने की बात रखी है। कहा है कि विभाग की कई योजनाएं प्रभावित हो रहीं हैं। डीएम ने कई अन्य कमियां भी गिनाईं हैं। इसलिए अतिरिक्त प्रभार हटाने को जरूरी बताया है। चर्चा है कि डीएम ने जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा व डीडी कृषि प्रमोद सिरोही के नाम का जिक्र करते हुए इन्हीं में से किसी एक अधिकारी को जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार देने की बात भी कही है। बताया गया है कि उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अविशांक सिंह चौहान ने 16 नवंबर 2022 को जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार लिया था जो तबसे बरकरार है। दूसरी ओर यहां एक बाबू को आदेश के बाद भी चार्ज न मिलने का मामला सुर्खियों में रहा। साथ ही सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने कार्यालय के निरीक्षण में कई खामियां पकड़ीं। साफ-सफाई के भी निर्देश दिए। लापरवाही पर जिम्मेदारों को लताड़ लगाई थी।



अस्पताल में गुमसुम बैठे ट्रैक्टर मालिक के परिजन। अमृत विचार

### अचानक चल पड़ा ट्रैक्टर, दबने से मालिक की मौत

**छिबरामऊ।** कस्बा नवीगंज के पास चालक अपने ट्रैक्टर की सफाई कर रहा था। तभी किसी प्रकार गेयर पड़ने से ट्रैक्टर चल पड़ा और वह पहिये के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को थाना वेबर के ग्राम श्यामपुर निवासी 42 वर्षीय संतोष अपने ट्रैक्टर की सफाई कर रहा था, तभी अचानक किसी प्रकार ट्रैक्टर में गेयर पड़ जाने के कारण ट्रैक्टर चल पड़ा। संतोष जब तक कुछ समझ पाता तब तक ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। चीख पुकार सुन आसपास मौजूद लोगों ने उसे पहिये के नीचे से निकालकर उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतक संतोष की पत्नी राधा देवी तथा पुत्र सचिन, शिवम, सूरज और पुत्री शिवानी, प्रीति व वीना का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

### बिजली चोरी में दो लोगों को तीन साल की सजा

**कन्नौज।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट हरिप्रसाद ने बिजली चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों के एक-एक साल की जेल तथा पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि छह जनवरी 2012 को तत्कालीन अवर अभियंता कमलकांत कमल ने तिर्वा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि परवेज पुत्र अख्तर खां तथा अख्तर खां पुत्र फेरुद्दीन निवासी गण ग्राम सलांटा को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इस दौरान अभियुक्तों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। मामले की सुनवाई के बाद 02 मार्च 2021 को आरोप तय किए गए। शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने पर दोनों अभियुक्तों को धारा 332 व 353 के तहत एक-एक साल के साधारण कारावास, धारा 307 में तीन-तीन साल के साधारण कारावास, धारा 135 विद्युत अधिनियम में एक-एक साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों पर छह-छह हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है जिसकी अदायगी न करने पर प्रत्येक को तीन-तीन माह की जेल और भुगतनी होगी।

# जिलाधिकारी से की खाद की ओवर रेटिंग की शिकायत

## क्षेत्रीय सहकारी समिति कमालगंज का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा- निर्देश



जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह क्षेत्रीय सहकारी समिति कमालगंज का निरीक्षण करते हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने क्षेत्रीय सहकारी समिति लि. कमालगंज का औचक निरीक्षण किया ।

जिलाधिकारी ने समिति के सचिव से किसानों को किस अनुपात में खाद दी जा रही है, इसकी जानकारी प्राप्त की व निर्देशित किया कि सभी किसानों को नियमानुसार खाद उपलब्ध करायें, सभी किसानों की नवीन खतौनी व आधारकार्ड की फोटोकॉपी लेने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा समिति के भवन की मरम्मत के लिये भी सचिव को निर्देशित किया। किसानों द्वारा दुकानों पर ओवररेटिंग होने की शिकायत की गई। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा जिला कृषि अधिकारी को संवंधित दुकानों पर छापेमारी के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एआर कोऑपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी व खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएपी व खाद की 2 रैक आईं

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जनपद के जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा कमालगंज उर्वरक विक्रय समिति पर औचक छापेमारी कर उर्वरकों की स्थिति की जानकारी ली गयी। मौके पर डीएपी 200 बैग, एनपीके 138 बैग, यूरिया 763 बैग, नैनो डीएपी 102 बोतल उपलब्ध थी। जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कोऑपरेटिव भी साथ में मौजूद रहे। जिलाधिकारी द्वारा सचिव को कृषकों की आवश्यकतानुसार जोत बही का परीक्षण कर आधार के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मौके पर कृषक विजय सिंह से आलू की फसल में उर्वरक प्रयोग की जानकारी भी ली गयी।

जनपद में इफको डीएपी की रैक दो दिन पहले लगी थी जिसमें जनपद को 22000 बोरी, डीएपी 7200 बोरी मिली जो समितियों पर भेजी जा रही है। इसके अलावा आज सुबह इफको एनपीके की रैक भी लग गयी है, जिसमें जनपद को 25500 बैग एनपीके मिल रही है।



जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी।

## जीतना ही जरूरी नहीं है बल्कि खेल में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता का हवा में गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाडियों से परिचय लेकर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सिर्फ जीतना ही जरूरी नहीं है बल्कि खेल में भाग लेना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

प्रतियोगिता में फतेहगढ़, इटावा, कन्नौज, झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन व औरैया की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो.खो, फेंसिंग, जिमनास्टिक क्लस्टर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान सबसे पहले इटावा व कानपुर नगर की टीम में कबड्डी प्रतियोगिता करायी गयी। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सीओ रविन्द्र नाथ राय, कानपुर देहात के उपनिरीक्षक रजनेश कुमार, यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## निजी आराजी में मंदिर का निर्माण कराए जाने का आरोप

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम कडक्का बिचपुरिया में मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। गांव के ही निवासी सुरेश, महावीर, जगपाल व नरेश ने मंदिर निर्माण का विरोध किया। आरोप है कि उनकी निजी अराजी में इस मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है।

अन्य ग्रामीण जो मंदिर बनवाना चाहते हैं उसमें संतोष, दिनेश, रंजीत, सर्वेश, रामपाल, रामशरण, अनिल, श्रीपाल आदि एक सैकड़ा लोगों ने लिखित में प्रार्थना पत्र देकर थाना राजेपुर तथा एसडीएम अतुल कुमार सिंह से मंदिर निर्माण कार्य कराने की गुहार लगाई। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि वह मौके पर जाकर और जमीन की पैमाइश कर रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। आस्था से जुड़ा मामला होने के कारण थाना पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### 2 हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज पुलिस ने नया गनीपुर निवासी शिवा को अपनी पत्नी सुदामा की दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। जबकि थाना कपिल पुलिस ने चमन नगरिया निवासी अरविंद को गांव के छबिराम को पीट कर मार डालने के मामले में पकड़ लिया है।




जिला जेल फतेहगढ़ में बंदियों की काउंसिलिंग करवाते सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार।

## मानसिक रूप से परेशान बंदियों की हुई काउंसिलिंग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- प्राइवेट मनोचिकित्सक मंजीत गंगवार बोर्ड में शामिल

**अमृत विचार।** जिला जेल फतेहगढ़ में डीएम वीके सिंह एवं सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार से व्यक्तिगत संपर्क कर जेल में मानसिक रूप से परेशान बंदियों की काउंसिलिंग करवाई गई।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल फर्रुखाबाद में कोई मनोवैज्ञानिक चिकित्सक तैनात नहीं है। इसलिए प्राइवेट मनोचिकित्सक डॉ. मंजीत गंगवार को बोर्ड में सम्मिलित किया गया है। मानसिक रूप से परेशान और मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला व पुरुष बंदियों की काउंसिलिंग करवाई गई। चिकित्सक की राय के अनुसार इलाज उपलब्ध कराया गया। सीएमओ द्वारा गठित बोर्ड में डॉ. आरसी माथुर, डिप्टी सीएमओ, डॉ. मंजीत गंगवार, प्राइवेट मनोचिकित्सक, अखिलेश कुमार, मनोचिकित्सा नर्स, जिला मानसिक चिकित्सा कार्यक्रम, डिप्टी यादव, मनोचिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता, जिला मनोचिकित्सा कार्यक्रक सम्मिलित रहे। कारागार की ओर से जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद, डॉ. विजय अनुरागी जेल चिकित्सक, फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन, अमित गंगवार, रोहिणी महिला जेल वार्डर काउंसलिंग में उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक ने बाहर से आए सभी बोर्ड मेंबर्स का विशेष धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### मार्ग दुर्घटना में 5 घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के मोहल्ला मेहंदी बाग निवासी दीपक राजपूत 21 वर्ष क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी उमेश की 5 वर्षीय पुत्री पावनी नगर के मोहल्ला बगिया निवासी मोहित यादव 25 वर्ष जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला मोगी निवासी सुखेन्द्र 20 वर्ष व अनिल कुमार 45 वर्ष घायल हो गये सभी घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी मे भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद सुखेन्द्र व अनिल कुमार को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### युवक ने पीया कीटनाशक हालत गंभीर

**कायमगंज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर छिदमा निवासी वृजेश ;35वर्ष ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया उल्टियां होने पर परिजनों को मालूम पड़ा परिजन सीएचसी लाये जहां उसका इलाज हुआ।

### पूर्व प्रधान को गोली से मारने की दी धमकी

**फर्रुखाबाद।** पूर्व प्रधान दीपक राजपूत को जान से मारने की धमकी दी गई है। थाना मेरापुर के पुनपालपुर निवासी पूर्व प्रधान दीपक राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। पूर्व प्रधान दीपक राजपूत ने पुलिस को अवगत कराया कि मेरे फोन पर 7080440307 से कॉल आया, जिसने पहले तो परिचय लिया और अपना परिचय दिया उसके बाद में कहा कि तुमने मेरे भाई की क्लीनिक एसीएमओ द्वारा पकडवाई है। बात करने वाले ने अपना नाम विवेक यादव निवासी पमर खिरिया बताया। उसने अपने भाई का नाम विपिन यादव बताया है और कहा कि मैं तुम्हें गोली मार दूंगा। मुझे शक है कि यह व्यक्ति मेरे साथ कभी घटना कर सकता है। अगर मेरे साथ कोई अनहोनी होती है तो इसका पूरा जिम्मेदार विपिन यादव और विवेक यादव होगा।

## मिहिर भोज प्रतिहार के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- करणी सेना ने मिहिर भोज प्रतिहार जयंती पर इतिहास संरक्षण का लिया संकल्प

**अमृत विचार।** करणी सेना ने जिला कार्यालय पर मिहिर भोज प्रतिहार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य और बलिदान को याद किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी ने इतिहास संरक्षण का संकल्प लिया। मिहिर भोज प्रतिहार के नाम पर अधिक से अधिक गांव में बोर्ड लगाने का अभियान शुरू करने की बात भी कही गई।

शहर के कादरी गेट स्थित करणी सेना के जिला कार्यालय पर क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जयंती पर शुक्रवार शाम को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मिहिर भोज प्रतिहार के चित्र पर पुष्प अर्पित करणी सेना के पदाधिकारी। अमृत विचार

संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया।

जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा कि क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज गुर्जर. प्रतिहार राजवंश के राजा थे। जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी हिस्से में लगभग 49 वर्षों तक शासन किया और इनकी राजधानी कन्नौज वर्तमान में उत्तर प्रदेश में थी। वह समाज के लोगों से अपील करते हैं कि अपने महापुरुषों का इतिहास सुरक्षित करने में सभी आगे आए।

संगठन आने वाले समय में जिले के कई दर्जन गांवों में क्षत्रिय महापुरुषों के नाम से बोर्ड लगवाने का काम करेगा। इस दौरान जानू ठाकुर, जीतेन्द्र सोमवंशी, अखिलेश प्रताप सिंह, अभिषेक राठौर, ऋषि चौहान, शिवम् सिंह सूरज चंदेल, सुब्रत सोमवंशी, हिमांशु सोमवंशी, शिवदेश सिंह, आलोक सिंह आदि रहे।

## बार चुनाव : 16 दिसंबर को मतदान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एल्डर्स कमेटी ने जिला बार एसोसिएशन फर्रुखाबाद का चुनाव कार्यक्रम किया घोषित

**अमृत विचार।** एल्डर्स कमेटी ने जिला बार एसोसिएशन फर्रुखाबाद का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक मासिक सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12नवंबर 2024 है, जिनका सी पी नहीं है वह अपना सीपी अवश्य जमा करा दें अन्यथा उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं मिलेगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची प्रकाशन दिनांक 10 नवंबर को होगा। मतदाता सूची पर आपत्तियां 17 नवंबर को से 21 नवंबर समय प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक किया जा सकेगा। मतदाता सूची पर आने वाली आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 22 नवंबर को होगा। मतदाता सूची का अन्तिम वैध प्रकाशन 23 नवंबर को, नामांकन पत्रों की बिक्री करने की तिथि 24 नवंबर से 28 नवंबर तक समय प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक होगा।

नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 27 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रातः 10 बजे से सायं काल 5 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच करने की तिथि 2 दिसंबर को समय प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों पर आपत्ति 3 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक होगी। आपत्तियों पर सुनवाई व निस्तारण 4 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक। नामांकन पत्रों की वापसी 5 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक। प्रत्याशियों की अन्तिम सूची का प्रकाशन 6 दिसंबर को किया जायेगा।

मतदान 16 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक होगा। वहीं मतगणना का कार्य 16 दिसंबर को ही होगा। मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम की घोषणा की जायेगी। शपथपत्र ग्रहण जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह में होगा। तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

## पूर्व राष्ट्रपति कलाम की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ महोत्सव समिति ने अतिरिक्त एसडीएम संजय सिंह को कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन सौंपा, जिसमे मांग की गई कि महान शिक्षा विद महान वैज्ञानिक व भारत रत्न डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर एक द्विवसीय अवकाश घोषित किया जाये।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कई मिसाइलों का निर्माण किया था। ऐसे महापुरुष की जयंती पर आयोजन समिति प्रधानमंत्रीजी से एक दिन का राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग करती है। ज्ञापन देने वालो में संयोजक रिजवान अहमद ताज, संरक्षक मोहम्मद यूनुस अंसारी, तारिक बशीर, वसीम जमा खा, रितेश पंचायती, ओमप्रकाश, मनोज कुमार मंजुल, राघवेंद्र सिंह रामू, नसीर मिर्जा आदि रहे।

## जलसा-ए-गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर के मुहल्ला बजरिया फील्ड मैदान में कल देर रात्रि को जलसा ए गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन गौसिया कमेटी की जानिब से किया गया है।

ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर बीती देर रात्रि को पीराने पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी बड़े पीर साहब की याद में जलसा ए गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े पीर साहब की शान में मंकबद नात शरीफ पढ़ने के साथ ही हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी बड़े पीर साहब की शान में कासगंज से से आए हुए मौलाना मुफ्ती मुनीर अहमद कादरी ने जलसे को संबोधित किया। अपनी तकरीर से जलसे का आगाज तिलावत ए कुराने पाक से शुरू किया गया



जलसा-ए- गौसुल बरा कॉन्फ्रेंस में शिरकत करते कारी शाह फसीह मुजीबी व अन्य। अमृत विचार

और उसके बाद बड़े पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी बड़े पीर साहब की शान में नातिया कलाम शायरों ने पढ़कर समा बांधा मौलाना मुफ्ती मुनीर अहमद कादरी ने अपनी तकरीर से संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह सारे नबियों में सबसे आला मर्तबा प्यारे आका सरकारें दो जहां का है जिन्हें इमामुल अंबिया कहां गया है। इसके बाद जलसे को शाहजहांपुर से आए हुए मौलाना नकी अली खा ने भी अपनी तकरीर से संबोधित किया।

जलसा ए गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस की सरपरस्ती दरगाह हुसैनिया मुजीबिया के सज्जादा नशीन सैयद कारी शाह फसीह मुजीबी ने की व गौसे ए पाक की शान में अपना कलाम पड़ा। हाफिज आरिफ, हाफिज आदिल, तनवीर रजाए मोहम्मद अजीम ने भी हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी बड़े पीर साहब की शान में कलाम पढ़कर समा बांधा। जलसे का समापन सलातो सलाम अमन चैन खुशहाली तरक्की व भाईचारे के साथ रहने की हाथ उठाकर दुआ की गई और उसके बाद फातिहा खानी हुई और आए हुए जायरीन को तबर्रुक तक्सीम कराया गया।

## नाली के विवाद में वृद्धा की लाठी से पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव नया गांव उजरामऊ निवासी विमल अवस्थी और श्रीपाल भदौरिया उर्फ कल्लू के बीच एक माह से नाली का विवाद चला रहा है। मामले को लेकर 15 दिन पहले मारपीट हुई थी। उस समय श्रीपाल की 60 वर्षीय पत्नी प्रेमा देवी ने एनसीआर दर्ज कराई थी। 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की थी। उन्होंने दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा था। शुक्रवार शाम को फिर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।



प्रेमा देवी।

इस दौरान प्रेमा देवी को लाठी डंडों से पीटकर धक्का दे दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बेटा अनूप सिंह पुलिस के वाहन से मां प्रेमा देवी को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने प्रेमा देवी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि विमल अवस्थी, उनके पुत्र शंकर अवस्थी. गोपाल अवस्थी व परिवार के रोहित अवस्थी और नवदीप ने डंडों से पीटकर धक्का दे दिया, जिससे वृद्धा की मौत हो गई।

**राहत** संकिसा महोत्सव की लखनऊ से मॉनिटरिंग की जा रही थी

# संकिसा महोत्सव निपटा, प्रशासन को मिला चैन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पूजापाठ करने जाने लगे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** संकिसा महोत्सव शांति पूर्वक संपन्न होने के बाद शासन, प्रशासन ने ली राहत की सांस ली। लखनऊ से पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जा रही थी। शुक्रवार से भक्त पूजा पाठ कर जाने लगे।

संकिसा में इस बार बुद्ध महोत्सव शासन, प्रशासन के लिए अग्नि परीक्षा साबित हुआ क्योंकि कानपुर, फर्रुखाबाद के स्तर के अधिकारियों ने डेरा डालकर बुद्ध महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था अपनी देखरेख में कराई। गुरुवार को पूरे दिन धार्मिक स्थल पर पूजा पाठ पुलिस द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया तो जिले व क्षेत्र से आए तमाम श्रद्धालु, साधु संत भी पूजा पाठ किए विना बैरंग वापस हो गए। पुलिस ने धार्मिक स्थल के ऊपर किसी को फटकने भी नहीं दिया। अब आज शुकवार से स्थानीय पुलिस का पहरा हटा तो स्थानीय और बाहरी श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थल पर पहुंच कर अपने 2 इष्ट देवी देवताओं के दर्शन पूजन किए।



संकिसा में धार्मिक स्थल पर पूजा पाठ करने जाते श्रद्धाल। अमृत विचार

बुद्ध महोत्सव मेला संकिसा को इस बार सम्पन्न कराने को लेकर शासन ए प्रशासन ने सुरक्षा में कोई चूक न होने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को संकिसा में ही कैंप करने के आदेश दे रखे थे। तमाम सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय कर दी गई थीं।

सूत्र बताते है कि बुद्ध महोत्सव मेला की मॉनिटरिंग सीधे लखनऊ से अपर महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश कर रहे थे। क्योंकि पहली बार महोत्सव में मंडलायुक्त और डी आई जी जैसे अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था परखी तथा अपने दिशा निर्देशों में मेला सम्पन्न कराया। पूर्व में ये महोत्सव केवल जिला स्तर के अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न होता था।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फर्रुखाबाद।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक अमन को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। युवक की मौत हो जाने से परिवार में मातम छा गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव पसनिगपुर निवासी सत्यवीर का 20 वर्षीय पुत्र अमन तथा राम लडैते का 28 वर्षीय बेटा संजीव आज सुबह फर्रुखाबाद कोल्ड स्टोरेज से आलू निकलवाने के लिए गए थे। शाम को वापस आते समय इटावा बरेली हाईवे पर ग्राम गैसिंगपुर के पास ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बाइक सवार अमन व संजीव गम्भीर घायल हो गए। मौके पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने प्राथमिक उपचार करके अमन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान अमन की मौत हो गई। अमन के पिता सत्यवीर खेती करते है।



उपसभापति जय गंगवार का स्वागत करते समर्थक। अमृत विचार

## चीनी मिल के उपसभापति बने सावन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** द किसान सहकारी चीनी मिल में उपसभापति चुनाव में सावन कुमार उर्फ जय गंगवार को निर्विरोध चुना गया।

चीनी मिल में निर्विरोध चुने गए 11 सदस्यों सावन कुमार उर्फ जय गंगवार, अच्युत कुमार, ओमकार सिंह, सुमनलता, रामकिशोर, श्रीकृष्ण, शीलेश कुमार तिवारी, रोहित, सुरेश, सुदामा देवी ने भाजपा के सावन कुमार को निर्विरोध उपसभापति चुना। निर्विरोध चुने जाने के कारण मतदान नहीं कराया गया। इसके बाद उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने नव निर्वाचित उपसभापति सावन कुमार उर्फ जय गंगवार को प्रमाण पत्र दिया। इसके बाद उप सभापति ने औपचारिक बैठक की। इस दौरान जीएम कुलदीप सिंह, सीसीओ प्रमोद कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर आदि मौजूद रहे। उपसभापति सावन कुमार उर्फ जय गंगवार को सांसद मुकेश राजपूत ने मुंह मीठा करा कर जीत की बधाई दी। भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी की। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला प्रभारी शिव महेश दुबेए विधायक डॉ सुरभि गंगवारए अमृतपुर विधायक सुशील शाक्यए पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, कुलदीप गंगवार, अरुण दुबे, विजय गुप्ता डॉ विकास शर्मा, अमरदीप दीक्षित, अमर गुप्ता, सुनील चक रहे।

# प्रोबेशन विभाग का कारनामा बैंक खातों में नहीं पहुंची पेंशन

## पेंशन पाने के लिए विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहीं पेंशनभोगी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- डीबीटी नहीं कराने से बैंक में लटकी पेंशन
- 1150 महिलाओं के खाते में नहीं पहुंची पेंशन

**अमृत विचार:** सरकार की ओर से निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है, यह कार्य प्रोबेशन विभाग की ओर से किया जाता है, लेकिन अब पेंशन के लिए बैंक में जाकर डीबीटी करना अनिवार्य हो गया है। जिन पेंशनरों ने डीबीटी नहीं कराई है, उनकी पेंशन नहीं पहुंची है। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यालय के चक्कर लगा रही हैं कि उनकी पेंशन क्यों नहीं पहुंची।

खातों में पेंशन नहीं पहुंचने के कारण इन दिनों प्रोबेशन कार्यालय में रोजाना सुबह से दोपहर तक काफी भीड़ रहती है। जिले में ऐसी 1150 निराश्रित महिलाएं हैं, जिनकी पेंशन खाते में नहीं पहुंची है। कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद बताया गया है कि बैंक में डीबीटी कराने के बाद ही उनके खातों में पेंशन पहुंचेगी। सरकार की ओर से निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है और तीन-तीन महीने की पेंशन उनके खातों में पहुंचती है लेकिन इस बार जब महिलाओं के खाते में पेंशन नहीं पहुंची तो वे परेशान होकर कार्यालय पहुंची कि आखिर उनके खाते में पेंशन क्यों नहीं पहुंची है।

कार्यालय से उनका अकाउंट तथा आधार कार्ड चेक करके बताया जा रहा है कि पेंशन क्यों नहीं पहुंची है। अधिकारियों का कहना है की नई व्यवस्था के तहत डीबीटी के बाद ही पेंशन खाते में पहुंचेगी और यह कार्य पेंशनरों को बैंक में जाकर करना पड़ेगा लेकिन ज्यादातर पेंशनरों को इस बारे में जानकारी नहीं है इसलिए काफी संख्या में पेंशनर कचहरी में स्थित प्रोबेशन कार्यालय में पहुंच जाते हैं और पेंशन ना आने की समस्या बताती है।

हालांकि विभाग के कर्मचारी बाद में उन्हें देखकर बताते हैं कि उनकी पेंशन क्यों रुकी है और उन्हें बैंक में जाकर अपना काम कराना होगा। अब जब इन पेंशनरों का डीबीटी हो जाएगा तभी इनके खाते में पेंशन पहुंच पाएगी। निराश्रित महिलाओं की परेशानी यह है कि मामलों की जानकारी नहीं है और बैंकों में भी उनका काम आसानी से नहीं होता है। पेंशन के लिए आई रामवती और सुशीला ने बताया कि बैंक ने कह दिया की केवाईसी कर दी है अब खाता ठीक है, उसके बाद भी पेंशन नहीं पहुंची अब उन्हें दोबारा बैंक जाना पड़ेगा और यह बताना पड़ेगा कि डीबीटी के माध्यम से पेंशन आएगी, इसलिए उनके खाते को ठीक किया जाए। कुल मिलाकर पेंशन पाने के लिए महिलाएं इधर से उधर चक्कर काट रही हैं।

### बैंक भेजी जा रहीं पेंशनर महिलाएं

जिला प्रोवेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया है कि पेंशनरों को बैंक में जाकर अपने खाते को जुड़वाना होगा उसके बाद ही उनके खाते में पेंशन पहुंचेगी। कार्यालय में जो भी पेंशनर पहुंच रही है उन्हें इस बात की जानकारी दी जा रही है और बैंक जाने के लिए कहा जा रहा है।

## एक नजर

### महिला के साथ की मारपीट

**जसवंत नगर।** क्षेत्र के गांव भगवानपुरा की रहने वाली प्रीती पत्नी कमलेश ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीती शाम गांव के ही रहने वाले तीन नामजद युवकों में सुदीप उर्फ विपिन बीपी पुत्र कप्तान, बीपी व नरेश पुत्र जल सिंह ने घरेलू विवाद में गालीगलौज व मारपीट की है। निरीक्षक रामसहाय ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली गई है। महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### रास्ते में रोककर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**भरथना।** थाना में इसी क्षेत्र के समसपुर गांव में रहने वाले शिवराज ने दी तहरीर में कहा है कि गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे गांव में ही दावत में शामिल होकर वापस आने के दौरान गांव के ही मुन्नालाल व अनूप ने रास्ते मे रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट करके घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की।

### छज्जा गिरने से बड़ा हादसा टला, परिवार बचा

**जसवंत नगर।** शुक्रवार की सुबह कस्बे के मोहल्ला लोहामंडी में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब अर्जुन कुमार के मकान का छज्जा अचानक भरभराकर कर गिर गया, लेकिन परिवार के सदस्य हादसे में बाल–बाल बच गए। कस्बे के उक्त मोहल्ले के रहने वाले अर्जुन कुमार ने बताया कि उनका मकान पुराना था और बरसात से क्षतिग्रस्त हो गया था। वह गरीब परिवार से हैं और मजदूरी कर अपने घर परिवार का पालन–पोषण करते हैं। उनके परिवार के कुछ लोग उस स्थान पर बैठकर घर चले गए थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गृहस्वामी ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

### पिज्जा खाने से बच्चे की हालत बिगड़ी, मौत

**इटावा।** पिज्जा खाने से पांच साल के मासूम बालक की हालत बिगड़ने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। जिला अस्पताल में मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के शमशेरगंज के कन्हैया लाल ने बताया कि दो दिन पहले पांच साल के बेटे हर्ष ने पिज्जा खाया। इसके थोड़ी देर बाद उसके पेट में दर्द होने लगा तो गांव के डॉक्टर से दवा दिला दी। सुधार न होने पर किशनी में चेकअप कराया तो बताया कि डेंगू होने से प्लेटलेट्स गिर गई हैं। इस पर इटावा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सुधार न होने पर जिला अस्पताल लाए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# आर्म्स एक्ट में एक को जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा।** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ ने सोल साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाया और उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया।

बकेवर थाना पुलिस ने वर्ष 2008 को राजेश कुमार पुत्र कनौजी लाल निवासी पेवली थाना बकेवर को आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने छानवीन के बाद उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। अपर मुख्या न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम ने आबकारी एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी नरेश तिवारी उर्फ विकास निवासी वेहरा थाना गंगा घाट उन्नाव को दोषी पाए जाने पर उस पर पांच सौ रूपया का जुर्माना लगाया है। उसे इकिदल थाना पुलिस ने वर्ष 2022 को पकड़ा था।

# आमदनी बढ़ाने के लिए पशुपालन करें किसान

संवाददाता, बकेवर

- रावे कार्यक्रम के अंतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर के कृषि स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने रावे कार्यक्रम के तहत ग्राम उझियानी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया। संयोजक डॉ एमपी सिंह ने कहा कि नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक किसानों तक पहुंचाना है। किसान नवीनतम तकनीकी के माध्यम से खेती करते हैं। अक्टूबर माह में सरसों एवं आलू व नवंबर माह में गेहूं, जौ, जई की बुवाई का उपयुक्त समय होता है।

डॉ सिंह ने सरसों में उपज बढ़ाने के लिए थिनिंग, टॉपिंग व शस्य रसायनों के प्रयोग करने एवं गेहूं की उपज बढ़ाने के लिए एचडी 2967 प्रजाति लाइन में बोकर 21 से 25 दिन बाद पहली सिंचाई कर निराई करने व पोषक तत्व देने की सलाह दी। वरिष्ठ प्राध्यापक डा एमपी यादव ने फलोत्पादन तकनीकी एवं बागवानी में रोग व निदान के बारे में जानकारी दी। रावे संयोजक डा पीके राजपूत, डा धर्मेंद्र कुमार ने बीज उत्पादन तकनीकी एवं अच्छे निरोग स्वस्थ बीज एवं अधिक उपज देने वाली प्रजातियों को बोने की सलाह दी। डॉ आदित्य कुमार ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन करने की सलाह दी। डा मनोज कुमार यादव ने बताया कि धान में फाल्स स्मट रोग के नियंत्रण के लिए प्रोपाकोनाजोल 0.2प्रतिशत का प्रयोग करना चाहिए। गेहूं की बुवाई से पूर्व कंडवा रोग से बचने के लिए बीज को वीटावैक्स ढाई ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करना चाहिए। ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार ने आभार जताया। गोष्ठी में ग्रीस, यशोदानंद चिंतामणि, श्रीकृष्ण, देवेंद्र कुमार, रूपाली राम, रामानंद, सुरेश चंद्र तिवारी, राकेश नारायण, अमर सिंह, गौरीशंकर, चंद्र मोहन तिवारी, प्रहलाद सिंह, हरिश्चंद्र, दिनेश कुमार, जगदीश, रूप सिंह, ज्ञान सिंह, राम रतन उपस्थित रहे।

# सरकारी भूमि से कब्जे हटाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सांसद के पास पहुंचे व्यापार मंडल के पदाधिकारी
- बाजारों को नुमाइश में शिफ्ट करने की भी मांग

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे से मिलने उनके आवास पहुंचे। उनके समक्ष मांग रखी कि शहर के गुरुतेग बहादुर ओवरब्रिज से लेकर चौधरी पंप के बीच खाली पड़ी सरकारी जमीन में बकायदा टीन आदि डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है, उसे हटवाया जाए।

बताया गया कि यह स्थान बहुत व्यस्ततम यातायात के बीच है, आसपास स्कूल आदि भी हैं और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी महिला छात्रावास भी है। इसलिए यहां अक्सर दुर्घटना की भी संभावना रहती है। रामनगर रेलवे फाटक बंद होनें से यहां यातायात का दबाव और बढ़ गया है। इसलिए यहां अवैध रूप से बन रहे बाजारों को हटाया जाए। स्थानीय सभासदों सहित स्थानीय निवासियों ने भी इसे हटाने की मांग रखी।

व्यापारी नेताओं का कहना है कि बाहर से आये अतिक्रमण कारी सरकारी जमीनों पर कब्जा कर स्थानीय व्यापारियों को नुकसान करते हैं। व्यापार मंडल मांग करता है कि इन बाहर से आये व्यापारियों को नुमाइश मैदान में नुमाइश के समय ही जगह दी जाए। सांसद नें सभी स्थानीय व्यापारी प्रतिनिधियों की बात सुनकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

# चौ. सुघर सिंह एजुकेशन एकेडमी को स्वायत्तशासी महाविद्यालय का दर्जा

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी ने उपलब्धि हासिल की है। कानपुर विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय को स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा दिया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध यह पहली संस्था है, जो शैक्षणिक गतिविधियां खुद संचालित करेगी।

इस स्वायत्तता के तहत चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी अब अपने पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली और शैक्षणिक गतिविधियों को स्वतंत्र रूप से संचालित कर सकेगा। इससे छात्रों को बेहतर और अधिक उद्योग-केंद्रित शिक्षा मिलेगी, जो उन्हें कैंपस प्लेसमेंट और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगी।चेयरमैन डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव ने इस बड़ी उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह स्वायत्तता हमारे संस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगी। हमारे छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया जाएगा। इससे चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी।


जानकारी देते मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव । अमृत विचार

मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने भी इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह दर्जा कानपुर विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय लिखता है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों और शिक्षकों के लिए नए अवसर पैदा होंगे, जो शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार लाएंगे। इस अवसर पर डायरेक्टर संदीप पांडे, प्रिंसिपल डॉ. जितेंद्र यादव, नर्सिंग और पैरामेडिकल डायरेक्टर रीम मंडल, और फार्मेसी डायरेक्टर डॉ. प्रदीप यादव भी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव फकीरे की मड़ैया में गुरुवार की देर शाम एक विवाहिता ने गृह क्लेश के चलते फांसी लगा ली। शव को लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की शादी लगभग तेरह वर्ष पूर्व हुई थी। ताते हैं कि गांव के रहने वाले धर्मेंद्र राजपूत की 32वर्षीया पत्नी राजकुमारी ने घरेलू क्लेश के चलते घर के कमरे लोहे के गाटर में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के चार बच्चे बताए गए हैं। मौके पर फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किये हैं।थाना प्रभारी बलरई अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला पारिवारिक विवाद का लग रहा है। मृतका का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई, जब ये घटना घटी उस समय मृतका का भाई अमित और पति धर्मेन्द्र खेतों पर किसानी का कार्य कर रहे थे ।जब इन लोगों को सूचना मिली तब ये लोग घर पर पहुंचे थे। फिर भी जांच दोनों पहलुओं पर की जा रही है।

### भाजपा नेता के बेटे ने मैनेजर पर किया गबन का केस

**बकेवर।** भाजपा नेता के बेटे ने अपने प्रतिष्ठान के मैनेजर के विरुद्ध चार लाख रूपये का गबन करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना बकेवर में महेवा में रहने वाले भाजपा नेता शिव महेश दुबे के बेटे ऋषभ दुबे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका महेवा में ग्रीन आर्म्स फूड एण्ड वेवरेज के नाम से प्रतिष्ठान है जिसमें मैनेजर पद पर शहर इटावा में शिवाजी पुरम मडैया शिवनारायण का पवन दुबे बीते चार सितंबर 2023 तक कार्यरत था। उसके हिसाब किताब करने में तीन लाख 82 हजार नौ सौ रूपये कम पाए गए। मैनेजर ने अपराध स्वीकार कर लिया लेकिन वह रकम देने से मुकर रहा है। यह शातिर किस्म के ठग है, इसी तरह कई लोगों को अपना शिकार बना चुके है। पुलिस ने मैनेजर पवन दुबे के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।


राजगंज चौराहे वाली सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

### करवा चौथ की खरीदारी को बाजारों में भीड़, दिन भर जाम

**इटावा।** करवा चौथ त्यौहार की खरीदारी को लेकर बाजार सज गए हैं। करवा चौथ की तैयारियों में महिलाओं ने साड़ी, चूड़ियां, हार और करवा खरीदे। रंग वाला मिट्टी का करवा 70 से लेकर 120 रुपये में बिका। बाजारों में भीड़ के कारण जाम भी लगा रहा। चूड़ी की दुकानों और ब्यूटी पार्लर में भीड़ चल रही है। महिलाओं ने अपने सजना के नाम की मेहंदी लगवाई। सराफा बाजार में रौनक है। शगुन ज्वेलर्स के प्रोपराइटर आकाशदीप जैन सर्राफ ने बताया कि करवाचौथ त्यौहार पर कारोबार अच्छा चल रहा है। महिलाएं मंगलसूत्र, पायल, बिछिया पसंद कर रही हैं। पति के नाम के पहले अक्षर वाले लाकेट की मांग भी हैं, सोने व हीरे की अंगूठी भी पसंद की जा रही है। उधर, बाजारों में भीड़ के कारण राजागंज चौराहा, लालपुरा चौराहा, तहसील चौराहा, नगर पालिका चौराहा, बजाजा लाइन, पक्की सराय, तिकोनिया में दिन भर जाम लगा रहा।


सदर विधायक का स्वागत करते अनूप मिश्रा एवं प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी।

### श्रद्धालुओं को बांटा भंडारे का प्रसाद

**इटावा।** थियोसॉफिकल इंटर कालेज एसडी फील्ड इटावा में मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने देवी की स्तुति पूजन कर भंडारे का भोग अर्पण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय का भ्रमण कर विद्यालय व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में थियोसॉफिकल प्रबंध समिति के अध्यक्ष चन्द्रमोहन चौधरी, प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी, सचिव अशोक कुमार चतुर्वेदी, सदस्य मीनाक्षी पाण्डेय एवं संजीव चतुर्वेदी उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षिका प्रभा तिवारी एवं सुषमा पुरोहित ने विधायिका को शॉल उढ़ाकर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख महेवा अशोक चौबे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, राधेश्याम गुप्ता, धर्मेन्द्र भदौरिया उपस्थित रहे।

### चेतावनी के बाद भी किसान खेतों पर ही जला रहे पराली

**ताखा।** शासन की चेतावनी के बावजूद किसान लगातार खेतों में पराली जलाकर प्रदूषण फैला रहे हैं। कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन की जागरूकता दिखाई नहीं दे रही है। शासन ने किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए मानिटरिंग व सेटेलाइट से निगरानी करने के निर्देश दिये हैं। अभी तक तहसील क्षेत्र में पराली जलाते हुए किसानों पर कार्यवाही तो दूर रोकने तक अधिकारी नहीं जा रहा है। क्षेत्र में किसानों ने व्यापक स्तर पर धान की फसल उगा रखी है। धान की कटाई का काम चल रहा है। किसानों को धान कटते खेतों में आलू, सरसों व गेहूं फसल की बुआई करनी होती है। इसलिए किसान धान की पराली को खेत से उठाने के बजाए वहीं पर जला देते हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। इस संबंध में एसडीएम श्वेता मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी लेखपालों को अपने अपने क्षेत्र में पराली जलाने से रोकने के निर्देश दिए गये हैं, पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बीईओ पर आरोप लगाने वाली शिक्षिका निलंबित

संवाददाता, सैफई

**अमृत विचार।** सैफई ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामेत की सहायक अध्यापिका लीना सिंह चौहान को बीईओ पर गंभीर आरोप लगाना व सोशल मीडिया पर वायरल करना महंगा पड़ गया। आरोप गलत होने पर शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी नबाब वर्मा ने 30 जनवरी को उच्च प्राथमिक विद्यालय रामेत का निरीक्षण किया था जहां सहायक अध्यापिका लीना सिंह चौहान अनुपस्थिति थीं। पोर्टल पर व उपस्थित पंजिका में अनुपस्थित लगाई गई, जिस पर बीएसए ने लीना सिंह का वेतन रोक दिया था। लीना सिंह ने कई गंभीर आरोप लगाकर डीएम से शिकायत की। जिला पूर्ति अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी की संयुक्त जांच कमेटी ने बीईओ को क्लीन चिट दे दी।

बीएसए ने प्रकरण की सुनवाई के समय मिले तथ्यों के आधार पर सहायक अध्यापिका लीना सिंह चौहान को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने, असत्य शिकायत कर विभाग एवं अधिकारियों की छवि धूमिल करने, शिक्षण कार्य में रुचि न लेने और सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित करने में दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर बीईओ कार्यालय जसवन्तनगर में संबद्ध किया है।

# बहराइच कांड को लेकर विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बहराइच हिंसा की सीबीआई जांच की मांग
- हिंदू सेवा समिति ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** हिंदू सेवा समिति के संस्थापक भगवा सेवक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में बहराइच में हिंदुओं के धार्मिक आयोजन पवित्र नवरात्र मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव कर हिंसा फैलाने एवं नवयुवक रामगोपाल मिश्रा की नृशंस हत्या के विरोध में कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हिंदुओं के त्योहार पर पत्थरबाजी और हिंसा करना एक समाज लक्ष्य होता जा रहा है। हमारी मांग है कि रामगोपाल मिश्रा की हत्या व हिंसा में संलिप्त सभी लोगों को फांसी व उनके घर व प्रतिष्ठानों पर तत्काल बुलडोजर चलवाया जाए। पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की जाए। धार्मिक आयोजनों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन सुनिश्चित करे, क्योंकि प्रशासन के सामने ही रामगोपाल मिश्रा की नृशंस हत्या कर दी गई। बहराइच हिंसा की सीबीआई जांच हो और अनुमति के बाद भी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था न करने वाले अधिकारियों पर बर्खास्तगी के साथ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। प्रदीप शर्मा ने कहा कि हिंदू न्यायप्रिय,शांतिप्रिय है, हिंदुओं ने कभी भी किसी धर्म या पंथ के धार्मिक आयोजनों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं की है। फिर भी हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र बहराइच जा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे। यथासंभव मदद समिति के माध्यम से की जाएगी। ज्ञापन देने वाले में हिन्दू सेवा समिति की महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रिया मिश्रा, क्षमा तिवारी, सपना राठौर, डिंपल शर्मा, जीतू शर्मा, जितेंद्र पटेल, मुकेश शुक्ल, अंकित कुशवाहा, संजय गुलाटी, विक्रम सिंह कुशवाहा, जगमोहन कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, विनोद कुमार शर्मा, रोहित वर्मा, गौरव वर्मा, राहुल शुक्ला, श्रीकांत शर्मा, सीमा शाक्य, राजुल वर्मा, बंटी दीक्षित, योगेश शाक्य, श्रीकांत शर्मा, सीमा शाक्य, आकाश तिवारी, अरविंद कुमार संखवार, अमन सैनी, अमित कश्यप, सूरज गर्ग रहे। उन्होंने एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव को ज्ञापन भी सौंपा।



कचहरी में विरोध प्रदर्शन करते हिंदू सेवा समिति के प्रदीप शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता ।

**दिखाई प्रतिभा** केके कॉलेज में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने दिए टिप्स

# पढ़ाई के साथ हुनर निखारने की जरूरत

कर्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कालेज में शाकुन्तलम कल्चरल क्लब के तत्वावधान में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन नृत्य एवं गायन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि कानपुर मंडल के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. मुरलीधर राम ने कहा कि आपके अंदर पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ कुछ अन्य प्रतिभा भी होनी चाहिए। आपके जीवन में ये कुछ वर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण है।

प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने कहा कि नृत्य, गायन में भाग ले रहे बच्चों के अंदर यह प्रतियोगिता उत्साह एवं उमंग का संचार करती हैं। इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बच्चों को काफी मेहनत से करनी पड़ती है। समारोह की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागी छात्राओं और स्टाफ को इतनी अच्छे आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह,अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने उच्च शिक्षा अधिकारी का अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। संचालन प्रो शिवराज सिंह यादव, प्रो. पदमा त्रिपाठी ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता केके कालेज की छात्राएं। अमृत विचार

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सी टीम प्रथम

- सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विज्ञान प्रश्नोत्तरी में टीम सी ने प्रथम, टीम डी ने द्वितीय और टीम ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतीक दुबे और अंशुल दुबे ने प्रथम स्थाना पाया, जबकि अंजली सिंह ने द्वितीय और शेफाली यादव ने तृतीय स्थान पाया। सांत्वना पुरस्कार प्रांशी मिश्रा एवं अंजली कुमारी ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम डिंपल यादव ,द्वितीय जेबा, तृतीय स्थान तनिष्का टंडन एवं सांत्वना पुरस्कार श्रेया वर्मा ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान में प्रथम शिवम, द्वितीय ज्योतेंद्र सिंह, तृतीय आशीष यादव, सांत्वना पुरस्कार शेर सिंह एवं गौरव बघेल को मिला।

### निबंध प्रतियोगिता में कशिश बानो प्रथम

- निबंध प्रतियोगिता में कशिश बानो ने प्रथमस्थान हासिल किया। द्वितीय प्रतीक दुबे, तृतीय डिंपल यादव, श्लोक संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता सलोनी यादव एवं प्राजंलि मिश्रा ने प्रथम, द्वितीय आशी बाजपेई,तृतीय शिवांशी पटेल, सांत्वना पुरस्कार राज तिवारी, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम प्रांजलि, द्वितीय मुस्कान कुरैशी, तृतीय शिवानी चौहान ने प्राप्त किया। प्रो ओमकुमारी, प्रो सुनील सिंह सेंगर, अनुपम कुमार, गिरजा शंकर गुप्ता, सुजीत कुमार एवं प्रो बिंदु सिंह, प्रो साजिया अख्तर, डा शिमला तहसीन, प्रो पदमा त्रिपाठी, डा चित्रा यादव मौजूद रहे।

# 7 जगह पकड़ी बत्ती चोरी 135 कनेक्शन काटे गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बकाया बिल जमा नहीं करने पर काटे जाएंगे कनेक्शन

**अमृत विचार।** चोरी रोकने और बकाया बिल वसूलने के लिए बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान से हड़कंप मचा हुआ है। अभियान के दौरान शुक्रवार को की गई चेकिंग में शहर के अलग-अलग स्थान पर 7 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इसी दौरान बिजली का बिल जमा नहीं करने वाले 135 उपभोक्ताओं की कनेक्शन काट दिए गए।

अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में एसडीओ गगन अग्निहोत्री और पीयूष मौर्य की टीमों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की तो 7 उपभोक्ता बिजली की चोरी करते पकड़े गए। ये लोग मीटर बायपास कर या केबल में कट लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे। इन सभी के विरुद्ध बिजली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बिल जमा करने के लिए कहा गया लेकिन फिर भी बिल जमाना करने पर ऐसे 135 उपभोक्ताओं की बिजली के कनेक्शन काट दिए गए। इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन अब तभी जोड़े जाएंगे जब उनका बिजली का बिल जमा हो जाएगा।

अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्र ने कहा है की लाइन लॉस काम करने के लिए चेकिंग का यह अभियान जारी रहेगा मॉर्निंग रेड भी होगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कनेक्शन लेकर बिजली जलाएं और चोरी ना करें इसके साथ ही बकाया बिल भी जमा कर दें जिनका बिल बकाया है वे अपने बिल को जमा किए बिना बिजली नहीं जला पाएंगे।

# पत्नी की मौत की खबर सुन सिपाही पति ने लगाई फांसी

## सिपाही की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया



उपेंद्र।



संतोषी।

- रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली में तैनात था सिपाही
- मायके वालों ने फांसी लगाकर हत्या करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बनारसी दास पश्चिम में शुक्रवार की दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतका के मायके वाले अस्पताल पहुंचे। वहीं जानकारी मिली कि जिला रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली में तैनात महिला के सिपाही पति उपेंद्र ने भी देर शाम फांसी लगाकर जान दे दी।

शहर के मोहल्ला बनारसीदास निवासी संतोषी (26) पत्नी उपेंद्र कुमार की शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोहल्ले के लोगों के सहयोग से ससुरालियों ने संतोषी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गये। यहां चिकित्सक ने संतोषी को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस और इटावा निवासी संतोषी के मायके पक्ष के लोग अस्पताल आ गये। संतोषी के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि संतोषी की शादी नवंबर 2023 में बनारसीदास निवासी राम नारायण के पुत्र उपेंद्र कुमार के साथ की गई थी। वर्तमान में उपेंद्र कुमार जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार में सिपाही के पद पर तैनात है। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि शादी के कुछ महीने बाद से ही पति उपेंद्र व घर में मौजूद ससुरालीजन संतोषी को आए दिन किसी न किसी बात को लेकर टार्चर करते हुए परेशान करते थे। आरोप है कि ससुरालियों ने संतोषी की फांसी लगाकर हत्या कर उसे अस्पताल लेकर आए और फरार हो गये। वहीं देररात जानकारी मिली कि मृतका के पति उपेंद्र ने भी रायबरेली में अपने आवास पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी पर पुलिस अस्पताल पहुंची और संतोषी के परिजनों से पूछताछ की। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पति-पत्नी के संबंधों को लेकर हो रही जांच

सिपाही द्वारा फंदा लगाकर जान देने की घटना में शुरुआती जांच में पारिवारिक कलह सामने आ रही है। अनुमान लगाया जाता है कि पति पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। इसी कारण से उसकी पत्नी घर चली गई थी। इसी कटु संबंधों के कारण ही सिपाही की पत्नी ने आत्महत्या की और उसके बाद सिपाही ने जान दे दी।

# प्रेम प्रसंग के चलते किशोरी ने दी जान

## मृतका की बड़ी बहन ने दूसरे पंचायत के लड़के पर प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सहायल थाना क्षेत्र के फतेहपुर भट्टा गांव की किशोरी पूजा उर्फ सिम्मी 16 वर्ष ने नीम के पेड़ में दुपट्टे से सुबह करीब 4 बजे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतका पूजा उर्फ सिम्मी की बड़ी बहन अर्चना ने घटना के बारे में बताया की सहायल थाना क्षेत्र के बंदी पुर्वा गांव निवासी एक लड़के से उसकी बहन का एक वर्ष से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया की मेरी बहन रात्रि 11 बजे तक मेरे साथ लेटी थी उसके बाद पता नहीं वह कब और कहां चली गई। जब मैं सुबह सो कर उठी तो मेरी बहन गायब थी। खोजने का जब प्रयास किया तो घर के पीछे आंगन में करीब 4 बजे नीम के पेड़ के सहारे फांसी पर लटकती मिली। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम व सहायल थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता रामआसरे ने आरोपित लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सहायल थाना अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया मृतका के पिता रामेश्वर के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### शराब पीकर पति ने पत्नी को पीटा

**अजीतमल,औरैया।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर शराब पीकर गाली गलौज करके मारपीट कर देने व ससुरालिजनों द्वारा घर से निकाल देने का आरोप लगा कर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के महाराजपुर निवासी वर्षा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी तीन वर्ष पूर्व अतुल के साथ हुई थी। बीते गुरुवार को मेरे पति अतुल शराब पीकर आये और मुझसे गाली गलौज करने लगे। जब मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और सास शीला देवी, ससुर दर्शन सिंह ने मुझे घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी।

## बीमारी से तंग आकर महिला ने लगाई फांसी

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया मना
- परिजनों ने बताया कैंसर से पीड़ित थी मृतका

**औरैया।** गुरुवार की देर शाम दिबियापुर नगर के मंडी गेट के पास सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक की बहू ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर में ससुर व छोटी पुत्री थी। मृतका के भाई की सूचना पर सीओ सदर ,दिबियापुर थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं पोस्टमार्टम कराने के लिए दोनों पक्षों के परिजनों ने मना कर दिया।

दिबियापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम नगर के मंडी गेट के पास रह रहे रिटायर्ड उपनिरीक्षक बालिस्टर सिंह के छोटे पुत्र कपिल की पत्नी समता (30 वर्ष) ने अपने कमरे में फांसी पर लटककर जान दे दी। घटना के समय ससुर व छोटी पुत्री घर के बाहर बैठे हुए थे। पति कपिल बाहर से जब अंदर गया तो कमरे में पत्नी को फांसी के फंदे पर लटकते देख उसके होश उड़ गए और उसने परिजनों को मामले की जानकारी दी। वहीं सूचना पर महिला के मायके वाले भी पहुंच गए। उन्होंने मामले की सूचना 112 पर दी। मृतका के पिता करन सिंह ने बताया कि मैंने अपनी पुत्री समता की शादी 2018 में कपिल के साथ की थी अभी तक घर में वाद विवाद की कोई शिकायत नहीं थी। उन्होंने बताया कि पुत्री कैंसर से पीड़ित थी उसका इलाज चल रहा था, उसी में वह परेशान रहती थी। वहीं ससुर बालिस्टर सिंह ने बताया कि इलाज चल रहा था और वह सही भी हो गई थी और घर का काम भी करती थी। सूचना पर सीओ सिटी एम पी सिंह, दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने को कहा लेकिन दोनों पक्षों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इस संबंध में दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि महिला बीमार रहती थी ,उसी से त्रस्त होकर उसने आत्महत्या की है।



सीडीओ राम सुमेर सिंह को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

# समस्याओं का समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन

संवाददाता ककोर, औरैया

- विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा
- भाकियू अराजनैतिक ने किसान समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय ककोर में किसान पंचायत की और किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। पंचायत में किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय ककोर में किसान पंचायत कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और समस्याओं का जल्द निराकरण न कराए जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। ज्ञापन में सहकारी खाद केंद्रों पर डीएपी व यूरिया की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया तथा अन्ना पशुओं की समस्या से किसानों को निजात दिलाए जाने, लघु सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में कराई गई निःशुल्क बोरिंग की सब्सिडी किसानों के खातों में जल्द भिजवाने की मांग की है। इस मौके पर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह यादव ने कहा है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा है कि यदि जल्द उपरोक्त समस्याएं न सुलझाई गई तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भाकियू अराजनैतिक के जिला प्रवक्ता डॉ धीरेंद्र सिंह सेंगर, इंद्रपाल सिंह यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तहसील अध्यक्ष दयाकृष्ण व नीटू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष ऐरवाकटरा अमित यादव, तहसील उपाध्यक्ष शंकुर यादव एडवोकेट, तहसील संगठन मंत्री अनिल कुमार सिंह सेंगर गिन्नी, अछल्दा ब्लाक उपाध्यक्ष करन सिंह शाक्य, सहार ब्लॉक अध्यक्ष धर्म जीत, शिव सिंह,करन सिंह, पूर्व प्रधान अशर्फी लाल दिवाकर, संजेश मिश्रा आदि प्रमुख किसान नेता रहे।

## मोबाइल वापस मांगने को लेकर हुई मारपीट

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने अपने साथी पर अपना मोबाइल वापस मांगने पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगा कर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली के क़स्बा शिवाजी नगर निवासी सौरभ कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते दिनों सुभाष उर्फ़ कल्लू निवासी नवीन नगर ने मुझसे मेरा मोबाइल कुछ दिन चलाने को लिया था गुरुवार को मैंने उससे अपना मोबाइल वापस मांगा तो मुझसे गाली गलौज करने लगा जब मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी।

# धनुष टूटते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता अजीतमल, औरैया



रामलीला का उद्घाटन करते भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख रजनीश पाण्डेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक विद्यालय में धनुष भंग लीला का बड़ा ही मनोरम व भव्य मंचन किया गया। रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा भुवन प्रकाश गुप्ता व विशिष्ट अथिति ब्लॉक प्रमुख रजनीश पाण्डे के द्वारा फीता काटकर किया गया।

वहीं मंचन में राजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर की घोषणा उपरांत सीता जी ने मां गौरी की आराधना की। जनक द्वारा वीर विहीन धरती कहे जाने पर गुरु विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम ने धनुष भंग कर दिया धनुष टूटते ही चारों ओर से पुष्पवर्षा हुई और जय श्रीराम के जयकारे लगे। तभी वहां पर परशुराम आ गये और उनका लक्ष्मण के साथ जबरदस्त संवाद हुआ जिसका सुबह तक लोग आंनद उठाते रहे। प्रभु राम के हस्तक्षेप के बाद अवतार होने की पुष्टि हेतु अपना धनुष राम के हाथों में दिया तो धनुष चढ़ गया। यह देख जय जय जय कह रघुकुल केतु कहते हुए परशुराम वन को चले गए। बाबरपुर कस्बे के विद्या नगर मुहल्ला स्थित वीरांगना अवंती बाई स्कूल परिसर मे आयोजित धनुष भंग लीला देखने को हज़ारों श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही। आयोजक शेष नारायण और सत्य नारायण सक्सेना ने संयुक्त रूप से बताया कि ये लीलाये सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को संस्कारित करते हुए धर्म की पताका फहराती हैं। संचालक राम कुमार जैन द्वारा किये जा रहे संचालन को देख लीला करने आये कलाकारों ने साधुवाद दिया। इस मौके पर यशवीर सिंह सिकरवार मण्डल उपाध्यक्ष, दीपक, तन्नू, भोलू,मोहन राजपूत, उदित, दीपेंद्र आदि रहे।

# नवंबर से दिसंबर माह तक हैं शुभ मुहूर्त

विवाह मुहूर्त 2024

संवाददाता अछल्दा, औरैया



जानकारी देते पंडित कपिल तिवारी।

- नवंबर में सबसे ज्यादा हैं विवाह व अन्य मांगलिक कार्यो के मुहूर्त

**अमृत विचार।** शादी समारोह, धार्मिक कार्यक्रम करवाने के लिए नवंबर से लेकर दिसंबर तक शुभ मुहूर्त आ रहे हैं। शरद पूर्णिमा से शुभ मुहूर्त शुरू हो गए हैं जो 15 दिसंबर तक रहेंगे। पितृपक्ष में मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए अब शरद पूर्णिमा के होते ही शुभ कार्य होने शुरू हो गए हैं।

शरद पूर्णिमा के होते ही विवाह, विवाह के लिए वर या कन्या को देखना, वाहन खरीदारी, सोने-चांदी की खरीदारी करनी शुभ होती है। इस साल नवंबर से दिसंबर तक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। पुराना अछल्दा निवासी पंडित कपिल तिवारी ने बताया है कि इसके साथ ही नवंबर महीने में सबसे अधिक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर में 12, 14, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 और 27 की तिथि विवाह के लिए शुभ है। दिसंबर महीने में भी विवाह के योग हैं।

इसी के साथ दिसंबर माह में 5, 6, 7, 11 और 15 तिथि को विवाह करवा सकते हैं। इसके बाद एक महीने का पौष मास प्रारंभ होगा, जिसमे शुभ कार्य रुक जाते है। फिर 16 जनवरी से पुनः विवाह के लिए शुभ मुहूर्त मिलेंगे। धार्मिक मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में किए कार्य से लाभ मिलता है। बिना शुभ मुहूर्त के किए गए काम में हानि हो सकती है ।

## अनियंत्रित बाइक सांड़ से टकराई, दो घायल

**अछल्दा,औरैया।** जनपद के सहार थाना क्षेत्र गांव डूडापुर का शिवम 30 अपने साथी सागर गुरुवार की रात 10 बजे के करीब अपनी बाइक से अपने गांव जा रहे थे। तभी अछल्दा बिधूना मार्ग स्थित आत्माराम इंटर कॉलेज तेजपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच खड़े सांड़ से टकरा गई,जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़े देख स्थानीय लोगों ने एंबुलेश को से अस्पताल भिजवाया।

## सार-संक्षेप

### अवैध कब्जे स्वंय खाली करें : चकबंदी अधिकारी

**कंचौसी, औरैया।** विकास खंड भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचौसी गांव के पंचायत भवन में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी कौशलानंद की अध्यक्षता में चौपाल लगाई गई। इसमें चकबंदी अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकांश समस्याओं का समाधान भी किया। साथ ही वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन से संबंधित समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण से मुक्ति, का शिकायती पत्र देकर अपनी बात कही। चकबंदी अधिकारी ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों को समस्या निवारणार्थ अनुपालन आख्या मांगी जाएगी। उन्होंने कहा चकबंदी प्रक्रिया धारा 52 प्रकाशन को जल्द ही समाप्त किए जाने के लिए प्रकिया चल रही है कहा जो भी व्यक्ति ग्राम समाज एवं किसान बाजार की भूमि पर अवैध कब्जा किए वो तत्काल सरकारी जमीन खाली कर दे। अन्यथा प्रशासन द्वारा बुलडोजर भेजकर कब्जा मुक्त करवाया जाएगा। इस मौके पर सीओ चकबंदी रवि कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान प्रमोद चौबे, लेखपाल राजेश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी कल्पना शुक्ला, पंचायत सहायक अजय कुमार, मुन्ना सिंह, विमलेश तिवारी, गुड्डू अवस्थी, सुनील शुक्ला एवं प्रधान प्रतिनिधि आदेश चौबे मौजूद रहे।

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र से पांच वर्ष पूर्व एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के दोषी प्रदीप को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है। उस पर पचास हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। उक्त मामले की पैरवी कर रहे डी.जी.सी. अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना अजीतमल में वादिनि ने उक्त मामला पंजीकृत कराया। उसने लिखा कि 22-10-2019 को वह व उसके माता पिता खेतों पर काम करने गए थे। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। ग्राम सरैली थाना सिरसाकलार जिला जालौन निवासी प्रदीप के मौसा व मौसी मेरे गांव में रहते है। जिनके घर पर प्रदीप का आना जाना रहता है। प्रदीप ' घर वालों की अनुपस्थित में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने विवेचना कर दोनों को बरामद करके आरोपी के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) मनराज सिंह की कोर्ट में चला व शुक्रवार भो इसका निर्णय सुनाया गया। इसके पूर्व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) दोनों पक्षकारों को सुनने के पश्चात ए.डी.जे. मनराज सिंह ने दोषी प्रदीप को कुल 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया।

### जलवा मेरे नवी का दीदार कर रहा है....

**अछल्दा, औरैया।** हिन्दू -मुस्लिम भाई चारा का प्रतीक नगरिया रोड स्थित हजरत सैय्यद मुहब्बत शाह बाबा की दरगाह पर 3दिवसीय उर्स के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों ने मजार पर चादर पोशी कर प्रसाद चढ़ाते हुए मन्न्नतें मांगीं। देर शाम साढ़े 9 बजे कव्वाली का कार्यक्रम शुरू हुआ जो कि सुबह तक चलता रहा। दरगाह के सामने विशाल पंडाल में बाबा की दरगाह पर कव्वाली कार्यक्रम में शाकिर अली फैजाबाद अयोध्या और नईम शाबरी बदायूं आदि कव्वालों के बीच बाबा की शान में कव्वालियां प्रस्तुत करते हुए मुकाबला किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे रिंटू ने फीता काटकर किया। कमेटी अध्यक्ष सुलेमान खान ने शॉल ओढ़ाकर सभी का सम्मान किया। मुश्तकीम, सुभाष यादव, अरविंद यादव, जमील अहमद आदि मौजूद रहे। उर्स में झूला, सोफ्टी, मिष्ठान समेत अन्य दुकानें लगी हुई जिस पर लोगो ने खूब खरीददारी की ।

रीति-रिवाज

गाजे बाजे से निकली टेसू की बारात, कार्यक्रम के बाद बरातियों को परोसे गए लजीज व्यंजन

# धूमधाम से हुई टेसू-झेंझी की शादी, जमकर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया



शादी की रस्में कराते वधू पक्ष के लोग। अमृत विचार



टेसू की बारात में शामिल नगर वासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को नगर में टेसू-झेंझी विवाह के आयोजनों की धूम रही। कई स्थानों पर विवाहोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व उमंग के साथ आयोजित किए गए। राणा नगर वार्ड बहेरे वाली पुलिया पर महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने झेंझी-टेसू के पैर पूजे। महिलाओं ने जहां मंगल गीत गाए वहीं युवाओं ने फिल्मी गीतों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम के समापन पर बरातियों को लजीज व्यंजन परोसे गए ।

राणानगर ,दीनदयाल उपाध्याय नगर सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक टेसू की बरात में शामिल हुए। नहर बाजार, रामगढ़ रोड सहित आसपास के मार्गों से बरात निकली। इसमें युवा व बच्चे डीजे व बैंडबाजों के बीच नाचते हुए चल रहे थे। आयोजन स्थल पर बरातियों का जोरदार स्वागत किया गया। दिबियापुर निवासी राजन शुक्ला व कुलदीप पोरवाल ने कन्यादान किया। टेसू के पिता की भूमिका आशुतोष गुप्ता व राघव शुक्ला ने निभाई। कन्या पक्ष की ओर से नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, अनिल राजपूत, राजू अवस्थी, राजकुमार पाल, शिवम गुप्ता आदि ने बरातियो का जलपान कराकर स्वागत किया। वर पक्ष की ओर से अखिलेश राजपूत, टिल्लू दीक्षित, सचिन दुबे, लक्ष्य पोरवाल, मनीष राजपूत,यती दुबे आदि युवा शामिल हुए। जयमाल, पैर पुजाई, फेरे आदि कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। आचार्य पिंकू दीक्षित ने विधि विधान से वैदिक रीति रिवाज के साथ समस्त वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराए। बाद में लगभग एक हजार लोग भोज में शामिल हुए। इस दौरान अरविंद विश्नोई, जयकृष्ण पोरवाल, संजय प्रजापति, बबलू शर्मा, सुरेश सविता, आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**वहीं फफूंद** के ग्राम पंचायत भर्रापुर में भी गुरुवार की देर शाम शरद पूर्णिमा पर गाजे बाजे के साथ टेशू झेंझी का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। विकासखंड भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम भर्रापुर में टेसू महाराज की बारात निकाली गई, जिसमें डीजे की धुन पर जमकर नृत्य हुआ। टेसू महाराज की बारात ग्राम भर्रापुर में सत्यम दोहरे के दरवाजे से होकर अंजली के दरवाजे पहुंची जहां पर पंडित ने वैदिक रीति-रिवाज के साथ टेशू झेंझी का विवाह संपन्न कराया। टेशू झेंझी की बारात का स्वागत रीति रिवाज के साथ किया गया, जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाए बारातियों एवं व्यवहारियों को अंजली दोहरे के आवास पर स्वल्पाहार की व्यवस्था करवाई गई। इस मौके नेहा, अंजली ,पूजा ,शिवम, कल्लू, कोमल, पंकज , सोनू , सत्यम आदि लोग उपस्थित रहे।

**वहीं अछल्दा** में भी टेसू -झेंझी का विवाह धूमधाम से हुआ। कार पर रखकर टेसू की बारात निकली और बारातियों ने जमकर नाचते हुए आतिशबाजी चलाई। पारम्परिक परिधानों से सजी धजी महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ बारात का स्वागत किया। आचार्य पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने वैदिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न करवाया। रात में टेसू और झेंझी को विसर्जित कर दिया गया। हरीगंज हनुमान मंदिर से टेसू की बारात निकाली गई। जिसमें पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल, रवि शुक्ला, जितेंद्र गुप्ता, अखिलेश शर्मा,मुकेश गुप्ता,सुमित तिवारी, कौशल गुप्ता, महेंद्र गुप्ता आदि।

# मिशन शक्ति का उद्देश्य हिंसा और भेदभाव को समाप्त करना : प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता,औरैया



स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टाल देखतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री , महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जनपद मुख्यालय स्थित तिरंगा मैदान ककोर में आयोजित मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत मेधावी छात्राओं एवं महिलाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा और भेदभाव को समाप्त करना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि सशक्त महिलाएं न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे समाज का विकास करती हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है । राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया और भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भी अपने संबोधन में मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर सेम्फोर्ड विद्यालय के बच्चों और झांसी से आए कलाकारों ने मिशन शक्ति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। झांसी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत झांकी और नाटक ने समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों पर आधारित प्रेरणादायक संदेश दिया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह, एएनएम, आशा कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना दैवीय आपदा, कृषक दुर्घटना योजना, पीएम कुसुम योजना सहित अन्य विभागों के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा, वृद्धाश्रम को मिशन शक्ति की प्रतीक के रूप में विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो समाज के कमजोर और बुजुर्ग वर्ग की देखभाल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का प्रभारी मंत्री द्वारा फीट काटकर उद्घाटन करते हुए अवलोकन भी किया गया साथ ही प्रभारी मंत्री द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरण भी किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर,भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह आदि रहे।

# ट्रेलर ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक की मौत

## टक्कर के बाद ट्रैक्टर रेलिंग पर चढ़कर पलटा, चौडगरा ओवरब्रिज पर हुआ हादसा, हाईवे हुआ जाम

संवाददाता फतेहपुर


हादसे के बाद हाईवे में फैला धान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौडगरा ओवरब्रिज पर शुक्रवार सुबह ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान ट्रैक्टर रेलिंग से टकरा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को डायवर्ट कर यातायात को सुचारू कराया।

शुक्रवार सुबह करीब दस बजे रायबरेली जिले के सरेनी थाना अंतर्गत भोजपुर गांव के किसान बृजेश कुमार दीक्षित (45) अपने साथी इसरार (43) के साथ ट्रैक्टर पर धान लादकर गोधरौली की एक मिल में बेचने जा रहे थे। जब वह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी।

ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर ओवरब्रिज की रेलिंग पर चढ़ गया और उसके परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर चालक बृजेश कुमार दीक्षित सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बैठे इसरार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौडगरा, कल्याणपुर और औंग थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां जमा भीड़ को हटाकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घायल इसरार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर सड़क से बाहर चल रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद सड़क पर धान बिखर गया, जिसे समेटने का काम शुरू किया गया। इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई, जिसे पुलिस ने रूट डायवर्जन कर गाड़ियों को ओवरब्रिज के नीचे से निकालकर हल किया।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** कानपुर–बांदा सागर रोड पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बिन्दकी के मुगलाही निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी दो दिन पूर्व अपने ससुराल कानपुर गया था। जहां से शुक्रवार को लौटते समय रोडवेज बस को ओवरटेक करने के प्रयास में सड़क हादसे का शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार ने हेलमेट पहना हुआ था, लेकिन फिर भी वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चौडगरा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मोहम्मद शमीम अंसारी की बाइक रोडवेज बस से भिड़ गई, जिसके चलते वह घायल हुआ। बाइक सवार को एबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बीच सड़क पर दो पक्षों में हुई मारपीट

**फतेहपुर।** अमौली कस्बे में सब्जी मंडी के पास दो पक्षों के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होती नजर आ रही है। इसमें पुलिस का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

अमौली कस्बे की सब्जी मंडी के समीप दो पक्षों के बीच हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक यह घटना 16 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है, जिसमें निहाल को सनी राइडर और उसके भाई द्वारा मारपीट करने का आरोप है। लोगों का दावा है कि यह पुरानी रंजिश का परिणाम है। पुलिस का इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान न होना और शिकायत न मिलने के चलते स्थिति और भी जटिल हो गई है।


निरीक्षण करते एसडीएम प्रदीप रमन। अमृत विचार

## एसडीएम ने झांकी निकलने वाले मार्गों का किया निरीक्षण

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हसवा कस्बे में स्वामी चंद दास रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला आयोजन किया जा रहा है। रामलीला के 9वें दिन भरत मिलाप लीला का आयोजन किया जाएगा। भरत मिलाप की झांकी-रथों का भ्रमण नगर के विभिन्न रास्ते से होकर निकाली जाएगी।

हसवा चौकी परिसर में सदर एसडीएम प्रदीप रमन, नायब तहसीलदार लक्ष्मी बाजपेई, सीओ अरुण कुमार राय, अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष उदयभान सिंह, मंत्री पूरन सिंह, सहायक संरक्षक कौशलेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष आशीष साहू व रामलीला कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक में स्पष्ट किया कि तय समय पर भरत मिलाप के रथ हसवा नगर के विभिन्न रास्ते से निकलकर भ्रमण करेंगे। राम भरत मिलाप होने के बाद रामलीला मैदान में आगे की लीला संपन्न होगी। इस दौरान बैठक के बाद सदर एसडीएम, नायब तहसीलदार, सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने कस्बे में पहुंचकर भरत मिलाप के रूट का निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि भरत मिलाप के दिन रास्तों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही कमेटी के सदस्यों का उत्साहवर्धन करें।

## यमुना किनारे पेड़ों की अवैध कटान पर प्रशासन सख्त

**फतेहपुर।** खागा तहसील में यमुना तटवर्ती क्षेत्र किशनपुर के जंगलों में वन माफिया ने करीब आधा दर्जन भारी-भरकम नीम के पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन द्वारा काटकर धराशाई कर दिया। जैसे ही हरे नीम के पेड़ों की कटान की सूचना वन क्षेत्राधिकारी को मिली, उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर काटे गए पेड़ों की लकड़ी जब्त कर ली। आरोपियों के खिलाफ किशनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने बताया कि किशनपुर थाने के यमुना तटवर्ती क्षेत्र स्थित महेशपुर मठेठा गांव में कल्लू निषाद ने इलेक्ट्रॉनिक मशीन से करीब आधा दर्जन हरे नीम के पेड़ काट डाले। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और पेड़ों की कटान का निरीक्षण किया। सटीक जानकारी मिलने पर कल्लू निषाद के खिलाफ उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र वृक्षों का संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4 और उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

# 18 दिनों से गांव की बिजली गुल उपभोक्ताओं ने काटा हंगामा

संवाददाता, असोथर


एसडीओ से वार्ता करते भाजपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड हसवां के बरेड़ा मजरे सातों धरमपुर में 18 दिन पहले एसडीओ के निर्देश पर बिल बकाया को लेकर पूरे गांव की लाइट काट दी गई। बिजली आपूर्ति शुरू करवाने के लिए हसवा मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मामले पर उपकेंद्र असोथर आकर एसडीओ से बात की। भाजपा नेता का आरोप है कि तब एसडीओ ने उनसे अपशब्दों का प्रयोग किया और बिजली आपूर्ति शुरू करवाने से मना कर दिया।

आक्रोशित भाजपाइयों और उपभोक्ताओं ने शुक्रवार सुबह 11 बजे से उपकेंद्र आकर बिजली विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की व नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाजपाइयों और उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र के कर्मचारियों से सभी फीडर बंद करवा दिए। इससे उपकेंद्र के सभी फीडरों में लगभग 5 घंटे आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि के तौर पर प्रवीण सिंह और भाजपा हसवा मंडल की टीम का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी भी उपकेंद्र पहुंचकर धरना प्रदर्शन को बल देते हुए अधिकारियों को मौके पर बुलाने और माफी मांगने की मांग करने लगे। एसडीओ एस तनेजा के धरना स्थल पर पहुंचने पर प्रवीण सिंह और भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी से वार्ता करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के बिल जमा न होने के कारण बिजली आपूर्ति बंद करवाई गई थी। बिजली आपूर्ति शुरू करवाई जा रही है। सभी उपभोक्ता अपना अपना बिल शनिवार को गांव में ही कैंप के माध्यम से जमा करा दें, साथ ही जिनके गलत बिल है, उनका सुधार करवाते हुए जमा करें। एसडीओ से जब भाजपा नेता के साथ अभद्रता की बात पूछी गई तो कहा कि हमने ऐसी कोई बात नहीं कही, नेता द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। इस मौके पर मंडल महामंत्री शानू सिंह, शशिकरन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, योगेश पांडेय, अमन द्विवेदी, नंद किशोर, विनय पाठक आदि सैकड़ों भाजपाई व उपभोक्ता मौजूद रहे।

# करवाचौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


ब्यूटी पार्लर में मेकअप कराती महिलाएं। अमृत विचार

- ब्यूटी पार्लरों में चल रही एडवांस बुकिंग
- 500 से लेकर 15 हजार रुपये तक के पैकेज

**अमृत विचार।** सुहागिनों के लिए अति महत्वपूर्ण माने जाना वाला करवा चौथ नजदीक आते ही तैयारियां तेज हो गई हैं। करवाचौथ के चांद का दीदार करने के लिए महिलाएं विशेष तौर से सजती संवरती हैं। जिसे देखते हुए अभी से ही शहर के ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। इस मौके पर ज्यादातर महिलाएं हेयर कट और फेशियल की डिमांड कर रही हैं। फेशियल, पेडी क्योर, मैनी क्योर, आइब्रो सेट कराने के लिए ब्यूटी पार्लर में भीड़ अभी से जुटने लगी है। भीड़ से बचने के लिए, महिलाएं एडवांस बुकिंग करा रही हैं।

करवाचौथ पर ब्यूटी पार्लर में डिस्काउंट के आफर दिए जा रहे हैं। मेहंदी और फेशियल के लिए एडवांस में ब्यूटी पार्लर में बुकिंग होने लगी है। ब्यूटी पार्लर संचालक भी पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर महिलाओं के नंबर लगा रहे हैं। करवा चौथ को लेकर जहां एक और महिलाओं की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

वहीं करवाचौथ पर ब्यूटी पार्लर चलाने वाली संचालिकाओं ने भी तैयारी दुरुस्त कर ली हैं। सभी ब्यूटी पार्लर अलग-अलग ऑफर देकर महिलाओं को रिझाने में लगे हैं।

आईटीआई रोड स्थित ब्यूटी पार्लर की संचालिका रेशम मेहरोत्रा ने बताया कि करवाचौथ के लिए अभी से महिलाओं ने फोन से बुकिंग करना शुरू कर दिया है। अभी तक 100 से अधिक करवा चौथ के दिन मेकअप और मेहंदी के लिए आर्डर आ चुके हैं। करवा चौथ पर महिलाओं को 50 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जा रहा है। सबसे कम 499 रुपये और अधिकतम 15 हजार रुपये के पैकेज हैं।

### शहर से लेकर कस्बों तक में चल रहे पार्लर

अब शहर और कस्बों में जगह–जगह ब्यूटी पार्लर खुल गए हैं। कुछ ही सालों में ब्यूटी पार्लर का महिलाओं में दिनों दिन क्रेज बढ़ता जा रहा है। ऐसे में छोटे बड़े सभी ब्यूटी पार्लर अच्छे से चल रहे हैं और महिलाओं के लिए यह स्वावलंबन से जुड़कर कमाई का अच्छा जरिया साबित हो रहा है।

# दोआबा के मतदेय स्थलों की अनुमोदित सूची हुई जारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संभाजन प्रस्ताव को आयोग की मिली हरी झंडी

**अमृत विचार।** जिले की सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की अनुमोदित सूची जिला निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को जारी कर दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन से संसदीय, विधानसभा निर्वाचन जहानाबाद, बिन्दकी, फतेहपुर, अयाह शाह, हुसैनगंज एवं खागा के मतदेय स्थलों की अनुमोदित सूची जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिले के 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संभाजन प्रस्ताव को आयोग ने अनुमोदित किया। जहानाबाद में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या-358, की है। ऐसे ही बिंदकी में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या-345, आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों की संख्या-346, सदर विधान सभा में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या-383, अयाह शाह में आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों की संख्या-306 है। वहीं विधान सभा क्षेत्र हुसेनगंज में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या-354, आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों की संख्या-354 तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र खागा में पूर्व मतदेय स्थलों की संख्या-397 आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों की संख्या-397 है। बताया कि सभी विधान सभा क्षेत्रों में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 2143 थी, एक मतदेय स्थल बढ़ जाने से अब 2144 मतदेय स्थल हो गए हैं।

**रामलीला का मंचन** | किशनपुर की ऐतिहासिक रामलीला देखने को जुट रही भीड़, निकाली गई मोहक झांकियां

# रावण का वध होते ही गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

संवाददाता, किशनपुर


रामलीला व झांकियों को देखने के लिए जुटी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में चल रही रामलीला जनपद के सबसे ऐतिहासिक रामलीला में से एक है। लोगों का मानना है कि यह परम्परा 241 साल पुरानी है। हर वर्ष यहां रामलीला का मंचन किया जाता है। जिसे देखने के लिए कई जनपदों से बड़ी तादाद में लोग आते हैं। लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया जाता है। कस्बे में स्थित फाल्गुन गिरी महाराज के मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाता है।

पुरानी परम्परा को निभाने के लिए इस वर्ष भी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। जिसमें लोगों ने सर्वसम्मति से उत्तम सिंह को रामलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना था। रामलीला के कार्यक्रम के लिए भी दो कमेटियों का चयन किया गया था। जिसमें सचिन सिंह को हनुमान गढ़ी कमेटी का अध्यक्ष चुना गया था। वहीं रामगढ़ी कमेटी की तरफ से शिवम सिंह को अध्यक्ष बनाया गया था। पूरे मेला प्रांगण को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। जगह जगह प्रशासन का पहरा था। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमावस्या की रात प्रभु ने अहंकारी रावण का वध किया। रावण के वध होते ही पूरा कस्बा प्रभु राम के जयकारों से गूंज उठा।

रामलीला के मंचन के साथ साथ दोनों कमेटियों रामगढ़ी व हनुमान गढ़ी की तरफ से अद्भुत झांकियां भी निकाली गईं। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो उठे। दोनों कमेटियों के तरफ से करीब एक सैकड़ा झांकियां निकाली गई थीं। जिसमें प्रभु श्रीराम, सीता, श्रीकृष्ण, हनुमान, महिषासुर समेत भारी मां भारती की अद्भुत झांकियां शामिल रहीं। वहीं रामलीला व झांकियों को देखने के लिए खासी भीड़ जुटी।

### हनुमान गढ़ी कमेटी की सजावट ने जीता दिल

हनुमान गढ़ी कमेटी की तरफ से करीब आधा सैकड़ा झांकियां निकाली गई। जिसमें रंग बिरंगी लाइटों व सजावट को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। हनुमान गढ़ी की तरफ से मां भारती की अद्भुत झांकी ने सबका दिल जीत लिया। इस वर्ष सजावट के मामले में हनुमान गढ़ी कमेटी अव्वल रही।

### रामगढ़ी कमेटी की झांकियां भी रहीं अद्भुत

रामगढी कमेटी की तरफ से भी करीब 17 झांकियां निकाली गईं। जिसमें तरह तरह की अद्भुत झांकियां शामिल रहीं। लेकिन सजावट और लाइटों को लेकर कहीं न कहीं रामगढ़ी कमेटी पीछे रह गई। लेकिन रामगढ़ी कमेटी की झांकियां देख भी देख खुशी से झूम उठे।

## युवक ने ससुराल में खाया जहर, मौत

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के गांजर गांव निवासी सुनील पुत्र गुलाब निषाद एक सप्ताह पूर्व मायके गई पत्नी पार्वती को लेने ललौली थाना क्षेत्र के गांव दसौली मजरे पिपरवा डेरा गया था। दो दिन तक पत्नी को घर चलने के लिए मनाता रहा। लेकिन पत्नी साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। गुरुवार की देर शाम को उसने ससुराल में जहरीला पदार्थ खा लिया।

सूचना पाकर परिजन ससुराल पहुंचे और बहुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से उसे कानपुर भेज दिया गया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मौत की खबर पाकर मां कलावती व पिता गुलाब निषाद का रो-रो कर बुरा हाल था।

## सार-संक्षेप


शपथ ग्रहण के दौरान वकीलों को संबोधित करते जिला जज चवन प्रकाश।

### सिविल वार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**इटावा।** सिविल वार एसोसिएशन की नव नियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपंन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला जज चवन प्रकाश ने अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी व महामंत्री अरुण कुमार गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुष्मा गुप्ता, मध्यम उपाध्यक्ष पुनीत शुक्ला व मध्यम उपाध्यक्ष गिरिधर गोपाल को अपर जिला जज प्रथम एहसान अली ने शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष ममता शाक्य को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अजय कृष्ण ने शपथ दिलाई। इसके अलावा संयुक्त मंत्री/मीडिया प्रभारी वीरू कठेरिया एडवोकेट संयुक्त मंत्री/पुस्तकालय विनीत मिश्रा, संयुक्त मंत्री नीरज यादव को एडीजे प्रथम ने शपथ दिलाई वही सदस्यों कमलेश शाक्य, दीपक, राजदीप भोले, ध्रुव नरायन अवस्थी, सन्दीप कुमार, गौरव दीक्षित व गौरव कश्यप को प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने शपथ दिलाई। शपथ गृहण समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष डीबीए चन्द्रशेखर गौर, पूर्व अध्यक्ष सीवीए देवेन्द्र गुप्ता, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन सन्तोष चौहान का स्वागत नव नियुक्त अध्यक्ष एवं महामंत्री ने किया। समारोह को वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र चौबे, राज कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर गौर व अपर जिला जज प्रथम, तथा जनपद न्यायाधीश ने अधिवक्ताओ के भरपूर सहयोग की बात कही। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने सिविल वार के अधिवक्ताओ की सेवा मे हमेशा तत्पर रहने की बात कही। संचालन महामंत्री अरुण गुप्ता ने की।

### होमगार्ड ने वार्ड ब्वॉय को पीटा

**इटावा।** जिला अस्पताल के इमरजेन्सी गेट पर खड़े ई रिक्शा हटाने को लेकर डयूटी पर तैनात होमगार्ड ने ई रिक्शा चालक वार्डवाय के साथ मारपीट कर दी। घटना की लिखित शिकायत वार्डवाय ने एसपी सिटी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई। वार्डवाय आकाश अस्पताल में डयूटी करने के साथ ई रिक्शा चलाकर परिवार को पालता है बीते बुधवार को शाम सात बजे लगभग वार्डवाय आकाश ई रिक्शा लेकर इमरजेन्सी गेट के पास खड़ा किया तभी इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गौतम कुमार से नोकझोक होने लगी। बात बढ़ने पर होमगार्ड ने वार्डवाय को पीट दिया। वार्डवाय की शिकायत पर एसपी सिटी ने घटना की जांच के आदेश दिये।

### पुलिस ने शास्त्री चौराहे पर किया मॉकड्रिल

**इटावा।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिले की कानून व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा पुलिस लाइन व शास्त्री चौराहे पर किया गया बलवा के मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। एसएसपी संजय कुमार के निर्देशन में जनपदीय पुलिस की कार्यकुशलता को और निपुण व सशक्त बनाने तथा किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन इटावा के परेड ग्रांउड व शास्त्री चौराहे पर बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के दौरान आँसू गैस के गोले, रबर बुलेट, फायर सर्विस, वाटर कैनन व अन्य का प्रयोग करने की विधि बताकर रिहर्सल कराया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 568/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 26.07.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी सियाराम | श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र रतनलाल | दीवानपुरा–2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1206/1/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 12.09.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी परमेश्वरी दयाल | श्री कमलापत पुत्र धर्मदास | दीवानपुरा–2 | 03 | 264 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय**
**चित्रकूट, जिला– सतना (म.प्र.)**

**कैन्टीन संचालन तथा फोटोकापी, कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु निविदा**

विश्वविद्यालय की कैन्टीन एवं मेस परिसर में (विश्वविद्यालय कैन्टीन, कृषि प्रक्षेत्र में कैन्टीन एवं महिला छात्रावास में मेस) के संचालन हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 06 नवम्बर 2024 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 01.30 बजे खोली जायेंगी। निविदा फार्म म.गां.चि. ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की वेबसाइट www.gramodayachitrakoot.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म के साथ रू. 1000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर कुलसचिव कार्यालय में रखी टेण्डर पेटी में जमा किये जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में छात्र–छात्राओं की सुविधा हेतु MP Online, कियोस्क सेन्टर, फोटोकापी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। मुहर बन्द निविदायें दिनांक 06 नवम्बर 2024 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03.30 बजे खोली जायेंगी। निविदा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gramodayachitrakoot.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म के साथ रू. 1000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर कुलसचिव कार्यालय में रखी टेण्डर पेटी में जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र पर दिये गये निर्देशों एवं शर्तों के आधार पर ही MP Online, कियोस्क सेन्टर, फोटोकापी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु दिया जायेगा।

वेबसाइट :– www.gramodayachitrakoot.ac.in
दूरभाष :– 07670–265411, 265689

कुलसचिव

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हो।

## संपादकीय

# ब्रिक्स की राह

ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेता संगठन के शिखर सम्मेलन के लिए 22-24 अक्टूबर को रूस के कजान में मिलेंगे। ब्रिक्स अपने पांच नए सदस्यों (मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) का स्वागत करेगा। साथ ही कम से कम 24 अन्य संभावित सदस्य शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच जुलाई में हुई बैठक के बाद सम्मेलन के दौरान दोबारा द्विपक्षीय बातचीत तय हुई है। इसके अलावा ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने आ रहे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत की संभावना है। वर्ष 2020 में गलवान मुद्दे के बाद पहली बार मोदी-जिनपिंग मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका है, जब रूस में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। पुतिन दिखाना चाहेंगे कि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को अलग-थलग करने के पश्चिमी प्रयास सफल नहीं हुए हैं और रूस के दुनिया भर में मित्र हैं। संगठन में पांच नए सदस्य देश जुड़े हैं। इनमें मिस्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। जैसे-जैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है यह विश्व मामलों में अधिक प्रभावशाली खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। इस समूह के सदस्य देशों की जनसंख्या विश्व की 45 प्रतिशत है।

सऊदी अरब और ईरान जैसे पश्चिम एशियाई देशों का नए सदस्यों के रूप में शामिल होना उनके पर्याप्त ऊर्जा संसाधनों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब एक प्रमुख तेल उत्पादक देश है और ईरान तेल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा चीन व भारत को जाता है। सामूहिक रूप से इसके सदस्यों की अर्थव्यवस्थाओं का कुल मूल्य लगभग 28.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग 28 प्रतिशत) है। इस समूह के सदस्यों (ईरान, सऊदी अरब तथा यूएई) की वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत की भागीदारी है। मिस्र और इथियोपिया की 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' तथा लाल सागर क्षेत्र में रणनीतिक अवस्थिति है, जो महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों के निकट होने के कारण अत्यधिक भू-रणनीतिक महत्व के क्षेत्र हैं। उनकी उपस्थिति इस क्षेत्र में ब्रिक्स के भू-राजनीतिक महत्व को बढ़ाती है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-मध्य पूर्व संघर्ष को देखते हुए ब्रिक्स सम्मेलन में लिए गए फैसलों के दूरगामी असर होंगे। दुनिया के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# कृत्रिम तंत्रिका जाल और मशीन लर्निंग



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कंप्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं।



जब हम कृत्रिम बुद्धि-अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है।

सन 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिकन वैज्ञानिक जॉन जे. हॉपफील्ड और ब्रिटिश कनाडियन वैज्ञानिक जेफ्री हिंटन को दिया गया है। उनको यह पुरस्कार कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को संभव बनाने में आधारभूत खोजों और आविष्कारों के लिए दिया गया है। 1933 में जन्मे हॉपफील्ड भौतिक शास्त्री और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में एमेरिटस प्रोफेसर हैं। 1947 में जन्मे हिंटन कम्प्यूटर वैज्ञानिक और कॉग्निटिव वैज्ञानिक व मनोवैज्ञानिक हैं। ये कृत्रिम बुद्धि के धर्म पिता भी कहे जाते हैं। ये टोरंटो विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर हैं।

इन दोनों नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने भौतिक शास्त्र की ऐसी विधियों की खोज की जो आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की आधार हैं। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसी कृत्रिम स्मृति बनाई जो आकृतियों, चित्रों और अन्य प्रकार के डाटा को भंडारित कर सकती थी और पुनः बना सकती थी। जेफ्री हिंटन ने एक ऐसी विधि की खोज की, जो डाटा की प्रॉपर्टीज को अपने आप देख सकती थी और जो तस्वीरों में विशेष तत्वों को पहचानने का काम अपने आप कर सकती थी। जब हम कृत्रिम बुद्धि अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के क्षेत्र में सन 1980 से अब तक महत्वपूर्ण कार्य किया था। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसे नेटवर्क का आविष्कार किया, जो पैटर्न्स को सुरक्षित रखने और उन्हें पुनः सामने लाने का कार्य कर सकता था। हम उन नोड्स को पिक्सेल्स के रूप में समझ सकते हैं। हॉपफील्ड का नेटवर्क ऐसी भौतिकी का प्रयोग करता है, जो किसी पदार्थ के गुणों को उसके एटॉमिक स्पिन के अनुसार समझाती है। इस स्पिन के कारण हर परमाणु एक छोटे से चुंबक के समान कार्य करता है। यह नेटवर्क इस प्रकार समझाया जाता है, जिसमें यह परमाणु के स्पिन की ऊर्जा के तुल्य होता है और यह अपने जोड़ों के मान के अनुसार प्रशिक्षित किया जा सकता है। यही कार्य हमारा मस्तिष्क भी करता है। कोई नई बात सीखने पर उसमें न्यूरॉन्स के कुछ साइनैप्सेज मजबूत बनते हंत और कुछ कमजोर हो जाते हैं।

इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में सुरक्षित की गई तस्वीरें निम्न ऊर्जा की होती हैं। जब इस हॉपफील्ड नेटवर्क को एक विकृत या अधूरी तस्वीर दी जाती है तो यह अपने नोड्स के माध्यम से कार्य करता है और उसके मान को अद्यतन करता है, जिससे नेटवर्क की ऊर्जा कम होती जाती है। इस प्रकार यह कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क टुकड़ों में कार्य करके ऐसी तस्वीर सामने लाता है, जो इसे दी गई अधूरी तस्वीर के समान होती है। यह उस अधूरी और विकृत तस्वीर को ठीक भी कर सकता है। जेफ्री हिंटन ने हॉपफील्ड नेटवर्क को एक नए नेटवर्क के आधार के रूप में इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने बोल्ट्जमैन मशीन के रूप में एक नया तरीका इस्तेमाल किया। यह तरीका किसी दिए गए डाटा में उसके गुणों को बताने वाले तत्वों को पहचान सकता था। हिंटन ने सांख्यिकी भौतिकी के टूल्स का प्रयोग किया। इस विज्ञान में बहुत छोटे-छोटे घटकों से एक तंत्र बनाया जाता है। इसमें मशीन को अनेक प्रकार के उदाहरण देकर प्रशिक्षित किया जाता है। बोल्ट्जमैन मशीन का उपयोग चित्रों को वर्गीकृत करने और ऐसे पैटर्न्स के नए उदाहरण बनने के लिए किया जा सकता है जिन पर यह प्रशिक्षित की गई थी। हिंटन ने अपने कार्यों से मशीन लर्निंग में विस्फोट के समान होने वाले ज्ञान के विकास की नींव रखी।

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कम्प्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं। यदि हम स्वास्थ्य के क्षेत्र का उदाहरण लें तो हम पाएंगे कि इस क्षेत्र में बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डाटा के आधार पर मशीन लर्निंग एल्गोरिथम्स बनाती है। यह एल्गोरिथम कार्य दक्षता, क्षमता और व्यक्तिकरण को बहुत बढ़ा देती है। इसमें ऐसे क्षेत्र विकसित किया जा सकते हैं, जिनसे किसी रोगी को व्यक्तिगत रूप से मॉनीटर किया जा सकता है, उसे स्वास्थ्य के उपकरणों से जोड़ा जा सकता है, उस रोगी के स्वास्थ्य का पूरा रिकॉर्ड रखा जा सकता है, वह संसार में कहीं भी जाए, कंप्यूटर माउस के एक क्लिक पर उसका पूरा रिकॉर्ड सामने आ सकता है, कृत्रिम बुद्धि उसको जांचें और दवाएं भी सुझा सकती हैं। मशीन लर्निंग रोगियों के डाटा का अध्ययन करके उस पर रिसर्च कर सकती है और दवाओं के दुष्प्रभाव भी समझ सकती है। इससे रोगी की केयर और नई दवाओं की खोज और मेडिकल प्रोसीजर्स की सेफ्टी और इफेक्टिवेनेस बहुत बढ़ाई जा सकती है।

डीप लर्निंग मशीन लर्निंग का एक ऐसा भाग है, जो न्यूरल नेटवर्क की विभिन्न तहों को समाहित करता है। इससे डाटा के जटिल पैटर्न्स सामने आते हैं। इस डीप लर्निंग से मेडिकल इमेजेज-जैसे एक्स-रे, एमआरआई, पैथोलॉजिकल स्लाइड्स आदि को बहुत दक्षता और बिल्कुल सही रूप से समझने में मदद मिलती है। मशीन लर्निंग एल्गोरिथम हमारी आंखों की रेटिना के चित्रों को समझ सकती है और हमें बता सकती है कि हमें डायबिटिक रेटिनोपैथी तो नहीं है, वह यह बता सकती है कि हमें हृदयाघात का डर तो नहीं है या हमें कैंसर की संभावना तो नहीं है। कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग के ये तमाम कार्य संभव होने के पीछे इन दोनों वैज्ञानिकों और इन जैसे अनेक अन्य वैज्ञानिकों के कार्य का आधार है। इनके ये कार्य कृत्रिम बुद्धि को बनाने और उसको आगे बढ़ाने में बहुत सहायक हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण को बड़ा कदम

भारत में औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव का कारण बना है। इसके परिणामस्वरूप, पर्यावरण से संबंधित विवादों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इन मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया था, जिससे राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की स्थापना हुई, जो पर्यावरण संरक्षण और वन्य संसाधनों के संरक्षण के लिए त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

एनजीटी का गठन उन अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप किया गया है, जिनका भारत सदस्य है। एनजीटी को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार की मान्यता मिली है, जो जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह न केवल मूल अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि पर्यावरणीय नुकसान के शिकार लोगों को राहत और मुआवजा भी प्रदान करती है। एनजीटी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर प्रदूषण और वन संरक्षण के मामलों में कड़े आदेश जारी किए हैं। एनजीटी के समक्ष चुनौतियां भी व्याप्त हैं। हालांकि एनजीटी ने कई सफलताएं हासिल की हैं, फिर भी इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

कुछ महत्वपूर्ण अधिनियम, जैसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 और आदिवासी अधिकार अधिनियम 2006, एनजीटी की न्यायाधिकार से बाहर रखे गए हैं। यह न केवल एनजीटी की प्रभावशीलता को बाधित करता है, बल्कि इसके कार्यक्षेत्र को भी सीमित करता है। अतिरिक्त रूप से एनजीटी के निर्णयों को उच्च न्यायालयों में चुनौती दी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि किन निर्णयों को चुनौती दी जा सकती है। इसके साथ ही एनजीटी के सामने वित्तीय और मानव संसाधनों की कमी भी एक बड़ी समस्या है, जिससे मामलों की लंबित संख्या बढ़ रही है।

भविष्य में यदि एनजीटी को दी गई चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक संसाधनों और अधिकारों से सुसज्जित किया जाए, तो यह पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकता है। जब पूरी दुनिया पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है, एनजीटी की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

# तंत्र की अरुचि से कमजोर हो रहा अधिकार



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है।

किसी भी काम को अंजाम तक पहुंचाने का मंतव्य इससे स्पष्ट होता है कि इसके लिए नीति, नियम और अधिनियम क्या बनाए जाते हैं और उनका क्रियान्वयन व निगरानी कैसे की जाती है। 12 अक्तूबर 2005 को लागू किए गए सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई एक्ट) के हालात बताते हैं कि कड़ी मशक्कत से तैयार जनहित के कानून को कमतर करने की कोशिश की जा रही है।

18 वर्ष पहले जनसामान्य को मिले इस अभूतपूर्व मौलिक अधिकार की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर यद्यपि कोई सवाल नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर गरिमा के लिए प्रयास और जागरूकता की पहल का अभाव है। अधिनियम में किए गए संशोधनों और सतर्क समूहों के सुझावों की अनदेखी भी इस बारे में चिंताएं बढ़ाती हैं। आंध्र प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार, दमन-दीव और दादरा-नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के डेढ़ वर्ष बाद भी आरटीआई पोर्टल शुरू नहीं किया है। इनसे 21 अक्तूबर तक जवाब मांगा गया है। यहां यह जानना जरूरी है कि शीर्ष अदालत आरटीआई आवेदनों के लिए पोर्टल बना चुकी है।

आरटीआई कानून केंद्र-राज्य सरकार को ही नहीं, इनके सभी उपक्रमों को नियमों का पालन करने के साथ नियमानुसार काम करने की नसीहत देता है। अन्य कानून जहां आम जनता के लिए बनाए जाते हैं, वहीं यह कानून संसद और विधानसभाओं द्वारा मान्य संस्थाओं की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चिति करता है। माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है। सूचना अधिकार के कानून को लागू करने में सरकारों की अरुचि रही है। यह हाल तब है, जब दुनिया में सबसे ज्यादा सूचना के अधिकार का इस्तेमाल भारत में होता है। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल लगभग 60 लाख आरटीआई डाली जाती हैं। केंद्रीय सूचना आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि 2005-06 में उसके यहां आरटीआई आवेदनों की संख्या 24,436 थी। 2021-22 तक यह आंकड़ा 18,32,133 तक पहुंच गया।

भारतीय संविधान की धारा 19 (1) (क) और धारा 21 में नागरिकों को लोक प्राधिकारियों द्वारा किए गए सभी कार्यों को जानने के अधिकार की गारंटी प्रदान करता है। यह परिकल्पना 2005 में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में साकार हुई। पारदर्शिता के परिदृश्य में बने कानून को भ्रष्टाचार से लड़ाई का सशक्त हथियार माना गया, पर सरकारी पेंचीदगियों ने इसकी पहुंच आसान नहीं रहने देने के प्रयत्न किए। यही कारण है कि सूचनाओं की शुचिता बनाए रखने के बजाय संशोधन की आड़ लेकर संकोच को सार्वजनिक किया गया। संवेदनशीलता के नाम पर सूचनाएं छिपाने का पुरजोर प्रयत्न किया जा रहा है। जन सूचना अधिकारी जानकारी देने में अनावश्यक विलंब के साथ बचने का रास्ता निकालते हैं। कई बार निर्धारित अवधि 30 दिन के भीतर सूचनाएं या तो दी नहीं जा रही हैं या फिर आधी-अधूरी देकर आवेदक को उलझाया जा रहा है।

भारतीय गणतंत्र के इस महत्वपूर्ण कानून पर जागरूकता का अभाव और अनदेखी इससे स्पष्ट होती है कि 12 अक्टूबर गुजर जाता है और पता नहीं चलता कि जनता को एक मौलिक अधिकार इसी तारीख में मिला था। तंत्र की इसमें दिलचस्पी नहीं है कि इस तारीख को हिंदी दिवस, शिक्षक दिवस, साक्षरता दिवस, योग दिवस और मजदूर दिवस की तरह सूचना या जानकारी दिवस का स्वरूप दिया जाए। दिन और दिनांक विशेष पर दलीय सीमाओं और निष्ठाओं से अलग हटकर केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को अपनी उपलब्धियां ही बतानी चाहिए। सूचना मंत्री भी इस दिशा में किए जा रहे उपायों, बाधाओं और निष्कर्षों से परिचित कराएं। तथ्यों को लेकर संजीदगी बरतने के बहाने सूचनाओं का प्रवाह रोकने के लिए प्रयासरत समूचा तंत्र सूचनाओं की स्वतंत्रता को लेकर सामंतशाही की मानसिकता में है। केंद्र सरकार विह्सिल ब्लोअर संरक्षण एक्ट लागू नहीं कर रही है। उदासीनता का परिणाम है कि सूचनाएं और दस्तावेज लेने में कई आरटीआई एक्टिविस्ट जान गंवा चुके हैं। धमकियां, रिपोर्ट, हमले और प्रलोभन आम बात हो गई हैं।

## सोशल फोरम

# औपनिवेशिक चिन्हों का हटाना

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।

देश से औपनिवेशिक चिह्नों का हटाया जाना अच्छा है, पर यह भी क्या हटाया जाना कि महानगरों के नाम बदल दिए जाएं, पर उनकी आत्मा औपनिवेशिक धारणाओं को ढोती रहे। जरूरत भारतीय मानस को डी-कोलोनाइज करने की है।

यदि औपनिवेशिक चिह्नों को हटाना है तो छोटे-छोटे चिन्हों पर हाथ डालने से कुछ नहीं बदलेगा। शक्ति है तो बड़े चिह्नों को हटाइए। सबसे बड़ा चिह्न है, अंग्रेज उपनिवेशकों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति, जिसका आज पहले से ज्यादा नंगे ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

दूसरा बड़ा औपनिवेशिक चिह्न है, सत्ता से जुड़े प्रतिष्ठानों और व्यक्तित्वों का, लग्जरी की अत्यधिक कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल, जरूरत से बड़े भवनों का उपयोग। अंग्रेज ऐसा गरीबों की बड़ी आबादी को अपनी समृद्धि से आतंकित करने के लिए करते थे। तीसरा बड़ा चिह्न है, देश के बड़े उद्यमों और प्रतिष्ठानों को ईस्ट इंडिया कंपनी से भी भयंकर आजकल की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों में सौंपकर, देश का धन विदेश और विदेशी बैंकों में भेजने के अनियंत्रित अवसर देना और उनसे गुपचुप निजी राजनीतिक लाभ (धन आदि) लेते रहना।

चौथा बड़ा चिह्न है अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों और हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के माध्यम वाले स्कूलों के स्तर में जमीन-आसमान का फर्क। 'एक देश-एक शिक्षा स्तर' का नारा क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या न्याय की देवी की आंखों से पट्टी खोल देने से छोटी अदालतों में जो लाखों मुकदमें दशकों से झूल रहे हैं और अदालतों में न्याय के लिए बड़े धन की जरूरत होती है, यहां कदम-कदम पर लूट है, क्या ये समस्याएं खत्म हो जाएंगी?

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।

-फेसबुक वॉल से

# धार्मिक त्योहार और जुलूस

समकालीन परिस्थितियों के चलते प्रमुख धार्मिक आयोजनों का प्रबंधन शांति व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस एवं प्रशासन के लिए सदैव से चुनौतीपूर्ण रहा है। इस प्रकार के आयोजनों को मुख्यतः तीन श्रेणियां मे विभक्त किया जा सकता है, विवाद रहित पारंपरिक आयोजन, पारंपरिक परंतु पूर्व विवाद से युक्त तथा तीसरा सर्वथा नए आयोजन।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सामान्यतया पारंपरिक आयोजन भीड़ एवं यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त कोई अन्य समस्या उत्पन्न नहीं करते थे, परंतु आजकल विवाद रहित पारंपरिक धार्मिक आयोजन भी संवेदनशीलता से परे नहीं रह गए हैं। रक्षाबंधन, नागपंचमी, कृष्ण जन्माष्टमी, मिलादुल-नबी, क्रिसमस आदि जैसे त्योहार पहले निरापद माने जाते थे, परंतु अब इन अवसरों पर भी सतर्क दृष्टि रखना आवश्यक हो गया है। बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनमें पहले लंबा विवाद रह चुका है। विवादों के चलते ऐसे आयोजनों को भविष्य के लिए निरापद बनाने हेतु एक स्थायी व्यवस्था स्थापित की जाती है, जिसका अनुपालन सभी पक्षों के लिए अनिवार्य होता है। जैसे लखनऊ में मुहर्रम त्योहार को लेकर शिया-सुन्नी विवाद। इसके बावजूद ठेसरा प्रेमी-विघ्नसंतोषी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आते। रामचरितमानस के चल रहे अखंड पाठ स्थल पर मुहर्रम के जुलूस का मातम या नमाज के अवसर पर मस्जिद के सामने डीजे पर हुड़दंग तो व्यवस्था को खुली चुनौती है। विभिन्न स्थानीय दबावों के चलते जहां पुलिस एवं प्रशासन इसकी जरा भी अनदेखी करेगी, बवाल सुनिश्चित है। उसके बाद तो आरोप- प्रत्यारोप का अंतहीन सिलसिला ही बचता है। ऐसे भी अवसर आते हैं, जब होली का पर्व व मुहर्रम का जुलूस एक ही दिन पड़ते हैं, लेकिन आपसी समझ एवं दबाव रहित व्यवस्था के चलते ये त्योहार सकुशल संपन्न हो जाते हैं। ऐसी ही व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण समस्या का एकमात्र हल है।

# ए लव लेटर टू स्विटजरलैंड

डियर, एक पर्यटक बनकर जब तुम्हारे यहां पहुंचा तो लगा कि बस यूं ही घूम फिर कर लौट आऊंगा, लेकिन वहां इंटरलॉकेन पहुंचा ही था कि रोमन फिल्मों में दिखने वाले एंटीक स्टेशन, आसपास का सुंदर बाजार, मरमरी सड़कें, चारों ओर रंग-बिरंगे पहाड़ ने एक कत्थई समा का रूप लेकर मेरे दिल पर दस्तक दी। साहित्य में मैंने सौंदर्य बहुत पढ़े, लेकिन तूने प्रकृति को रिझा कर सप्तरंग और सप्तसुर का एक नाजनीन वजूद कहां से हासिल कर लिया। कई दिन गुजारे तेरे पहलू में। हर दिन हर पल के एहसास की चासनी कभी शहद जैसी लगी तो कभी मिसरी की डली जैसी। कितनी जगहें गिनाऊं। विल्डर्सविल, शाइनीज प्लाटे, ग्लाइंडर्सविल, जंग फ्राऊ,( टॉप ऑफ यूरोप), हार्डर कुल्म, मैंने सैकड़ों मील लंबी लंबी पशमीना की दूधिया चादरों में तुमको लिपटे पाया। कौन कहता है कि यह बर्फ है। यह तो सूरज की रोशनी पकड़े कहीं पीतांबरी तो कहीं सुनहरी चुनर जैसा लगा और यह बताओ इसमें दूर नीचे गहरी धानी रंग के गोटे किसने टांके। प्रकृति क्या इतनी कार साज है कि अपनी रंगत में विज्ञान को भी शामिल कर अल्पाइन रेंज के शीर्ष पर्वतों पर जादुई नजारा नुमाया कर गई है। विल्डर्सविल के शीर्ष पर खड़े होकर जब नीचे देखा तो अंतहीन वादी, शाइनीज प्लटें पर हमारे कदमों के नीचे उड़ते चापर। वाह तुम्हारा रूप निहारने को आदमी क्या-क्या जोखिम नहीं उठाता।



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

सच बताना यह कौन चित्रकार है, जिसने तुम्हारे हजारों लाखों चीड़ और चिनार के पत्तों पर कहीं चंपई तो कहीं सुरमई कसीदा कारी कर दी है। यह कौन रंग साज है, जिसने पहाड़ों पर कहीं गहरे तो कहीं हल्के रंग छिड़क दिए हैं। पहाड़ों के बीच चलती छोटी माउंटेन ट्रेनों के मध्यम स्वर तुम्हारा शोख कदमों की आहट लगे। हार्डरकुलम पर 60 डिग्री की सीध में ऊंची चढ़ती रेलगाड़ी विज्ञान के साथ तुम्हारे युगल जोड़ी का सौंदर्य नहीं तो क्या है! जंगफ्राऊ जाने वाली केबल कार तुम्हें देखने आने वालों को एक तोहफा सा लगती है। 1500 झीलों पर थिरकते तुम्हारे पांव पर्यटकों को सम्मोहित कर लेते हैं। भारत से किसी उस्ताद ने आकर तुम्हें भरतनाट्यम सिखाया था क्या?

मैं हैरान हूं कि तुम्हें आखिर क्या नाम दूं? गालिब का इश्क कहूं। मीर का एक दिलकश मरहला। उमर खय्याम की रुबाई कहूं या बच्चन की मधुशाला का साकी। गुलजार का रोमांस कहूं या फिर डॉ. बशीर बद्र की गजल का नया लहजा। खैर, क्या बताऊं दरअसल यह सब कुछ हमारे पास भी है। जिसे हम कश्मीर कहते हैं, लेकिन जब से वहां बारूद की खेती होने लगी मानो गुल ने खुदकुशी कर ली हो। तुम्हें कैसा लगता है जब सूरज थोड़ा सा तुम्हें निहार कर बादलों में भाग जाता है। चांद चोरी से आकर पहाड़ों की मुंडेर पर बैठ जाता है। तुम्हें कैसा लगता है जब पर्यटन से प्रतिवर्ष आने वाले पांच बिलियन डॉलर से तुम्हारी दोनों मुट्ठी भर जाती हैं। तुम्हें कैसा लगा था तब, जब दिग्गज फिल्म मेकर राजकपूर और यश चोपड़ा जैसी हस्तियां तुम्हारा मूड ठीक होने के इंतजार में महीनों यहां डेरा डाले रहते थे। मैंने पंडित नेहरू की एक पुस्तक में तुम्हारा जिक्र पढ़ा था, लेकिन बस केवल पढ़ गया था। देखा तो लगा कि सरस सौंदर्य का मरकज क्या होता है? तुम्हें भर्तृहरि के श्रृंगार से देखूं या फिर बुल्ले शाह के सूफियाना नजरिये से। कहीं से भी देखूं हम प्रकृति के साहचर्य में ईश्वर के और करीब हो जाते हैं। राहुल सांकृत्यायन भी यही कह गए हैं कि भ्रमण और प्रकृति के सौंदर्य को कथ्य और रूपक की तरह देखना चाहिए। कभी तुम भारत आओ तो राजनीतिक कहर के बावजूद हमारे यहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जो कुछ भी बचा हुआ है तुम्हें दिखाएंगे। हम तुम्हें अल्मोड़ा का वसंत भी ले चलेंगे, जहां तुम्हारी थोड़ी झलक है और तुम्हें देंगे दुनिया का सबसे कीमती उपहार "भारतीय दर्शन" का ज्ञान। गुड बाय स्विटजरलैंड, टेक केयर।

# त्योहारों में महंगाई की मार

खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

बढ़ती महंगाई आजकल अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। वहीं दूसरी बड़ी खबर गरीब की प्रतिदिन कमाई 181 रुपये से भी कम होना है। दोनों ही खबरें आमजन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। विश्व बैंक की हाल की रिपोर्ट के अनुसार करीब 12.9 करोड़ भारतीय 2024 में अत्यधिक गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार दुनिया से गरीबी खत्म करने में एक सदी से ज्यादा समय लग सकता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बड़ी संख्या में गरीबी में जी रहे लोगों पर महंगाई की मार भी बढ़ रही है। गरीब और मध्य वर्गीय समाज इस बार के त्योहारी सीजन में कुछ ज्यादा ही महंगाई की मार झेल रहा है। अरहर की दाल जो उत्तर भारत में सबसे ज्यादा उपयोग की जाती है, ने 200 का आंकड़ा छू लिया है। वहीं सब्जियों के दाम भी बेहतशा बढ़े हुए हैं। प्याज, आलू, टमाटर और पत्तेदार साग ने न केवल बजट बिगाड़ा है, बल्कि एक सर्वे के अनुसार लोगों ने उनका उपयोग ही कम कर दिया है, जिससे इनकी खपत कम हो गई है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर माह में बढ़ कर 9.26 प्रतिशत पहुंच चुकी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप रखने के लिए मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10 वीं बार रेपो रेट में कोई चेंज नहीं किया है। त्योहारों पर महंगाई की मार से बचाने के लिए क्या केंद्र सरकार जल्द कोई ठोस उपाय करेगी?

## एक नजर

### कोटे में कोटा एससी वर्ग को बांटने का षड्यंत्र :मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने उच्चतम न्यायालय के अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण लागू करने का आदेश लागू कर दिया गया है। ऐसा करना अनुसूचित वर्ग को बांटने व आपस में लड़ाते रहने का षड्यंत्र है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि ऐसा करने से रोकने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आगे नहीं आने से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस की तरह भाजपा भी आरक्षण को पहले निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने व अन्तत: इसे समाप्त करने में लगी है।

### आप के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने महेंद्र सिंह

**अमृत विचार , लखनऊ** : आम आदमी पार्टी (आप) में मीडिया प्रभारी रहे महेंद्र सिंह को शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वंशराज दुबे को मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, सर्वेश मिश्रा को चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा बोईशाली सिन्हा को नई ज़िम्मेदारी दी है। गोमतीनगर स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह सभी जिलों में शिक्षक प्रकोष्ठ का विस्तार कर पार्टी को नई धार देने का काम करेंगे।

### छात्रवृत्ति से लेकर अभ्युदय योजना पर होगा विमर्श

**अमृत विचार, लखनऊ** : समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना से लेकर प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना पर 21 अक्टूबर को योजना भवन में विमर्श होगा। बैठक में उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश से समाज कल्याण विभाग के सचिव और निदेशकों भी शामिल होंगे।

# निवेश और भू-अधिग्रहण में देरी पर जिलाधिकारी होंगे जिम्मेदार

## तीन स्तरों पर होगी समीक्षा, हर विभाग में नामित किए जाएं नोडल अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि निवेश और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कहा कि एमओयू को धरातल पर उतारें। विभिन्न स्वीकृतियों की प्रक्रियाओं को समयबद्ध करना होगा। निर्देश दिए कि पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम को और लाभकारी बनाया जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर विभाग में एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। नोडल अधिकारी साप्ताहिक, प्रमुख सचिव स्तर पर पाक्षिक और विभागीय मंत्री के स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाए। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संवाद-समन्वय बनाएं।

**निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की सफलता में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। ऐसे में निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखें और प्रत्येक एमओयू को धरातल पर उतारें। लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए और बेहतर प्रयास करें। साथ ही बीमार यूनिट की पहचान करें। कहा कि अपेक्षित परिणाम के लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है, इसके लिए प्रशिक्षण दिए जाएं।

बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योगेंद्र उपाध्याय, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, एसीएस एसपी गोयल, एसीएस दीपक कुमार, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद मौजूद रहे।



योजना भवन में प्रदेश के आथिक विकास के प्रयासों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

### ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन में 129 प्रतिशत वृद्धि

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के सेक्टरवार विकास में आशातीत परिणाम मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अलग-अलग सेक्टरों के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का जो लक्ष्य रखा गया, उसके सापेक्ष अधिक वृद्धि हुई। कृषि और सहायक सेक्टर के लिए अनुमानित जीवीए 5.85 लाख करोड़ के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़, विनिर्माण के 2.48 लाख करोड़ के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन के अनुमानित जीवीए के सापेक्ष 129 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे ही हाल अन्य सेक्टरों में भी है। ओवरऑल 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित जीएसवीए 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है।

### एआई और ड्रोन पॉलिसी लागू करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर आईटी/आईटीईइस का ग्लोबल हब बन कर उभरा है। प्रदेश में इसके टेस्टिंग सेंटर की स्थापना का प्रयास करें। लखनऊ में एआई सिटी की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, इससे संबंधित पॉलिसी यथाशीघ्र लाई जाए। साथ ही ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेनिंग के लिए भी प्रस्ताव मिले हैं, इसकी संभावनाओं का लाभ लेने के लिए यथाशीघ्र अपनी ड्रोन पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टार्ट अप पंजीकरण के लिए कानपुर के साथ नोएडा में भी सुविधा कार्यालय शुरू कराया जाए।

# एडीजी वाराणसी करेंगे सीओ विनय चौहान के खिलाफ विभागीय जांच

**एक महीने में शासन को सौंपनी होगी रिपोर्ट**

## एसपी सिद्धार्थनगर की जांच में दोषी सीओ निलंबित, डीजीपी मुख्यालय से किए गए संबद्ध

## चार महीने पहले बस्ती में जयपुर की महिला डॉक्टर को सीओ, पत्नी और बेटी ने पीटा था

डी.पी.शुक्ल, लखनऊ

**24** मई को बस्ती में सीओ आवास में हुई थी घटना

**01** जून को सीओ, उनकी पत्नी व बेटी पर दर्ज हुआ था केस

**अमृत विचार :** शासन ने जयपुर की रहने वाली डॉ. महिला मित्र के साथ मारपीट के आरोपी बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ विभागीय जांच वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया को सौंपी है। गृह सचिव डॉ संजीव गुप्ता ने एडीजी पीयूष मोर्डिया को भेजे पत्र में एक माह के अन्दर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मालूम रहे कि एसपी सिद्धार्थनगर ने अपनी जांच रिपोर्ट में सीओ को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की, जिस पर उन्हें निलंबित कर डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया जा चुका है।

बस्ती के एसपी से की गई शिकायत में सीओ सिटी विनय चौहान के साथ वर्षों से रिलेशनशिप में रहने का हवाला देते हुए जयपुर की महिला डाक्टर ने 24 मई को बस्ती उनके सरकारी आवास पर सीओ की पत्नी और बेटी पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। वह सीओ के बुलाने पर ही वहां गई थीं। आरोप है कि सीओ, उनकी पत्नी और बेटी ने मिलकर उसका मुंह दबाया, उसे जूतों से पीटा, कपड़े फाड़े, धमकी और जातिसूचक गालियां दी। उसने सीओ पर शादी का झासा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप भी लगाया था। इस मामले में बस्ती शहर कोतवाली में 01 जून को सीओ, उनकी पत्नी तथा बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

मामला संज्ञान में आने पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने मामले की जांच सिद्धार्थनगर की पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को सौंपी थी। प्राची सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर सीओ विनय चौहान को निलम्बित करते हुए उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। वहीं शासन ने पूरे मामले की जांच वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया को सौंपी है। उनसे एक महीने में जांच रिपोर्ट मांगी गई है।

## दीपावली पर चौकस होगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीपावली के मौके पर प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चौकस रहेगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार दीपावली पर बिजली की मांग बढ़ जाती है। इसे पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की गई है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 23,259 मेगावाट दर्ज की गई। दोपहर में तकनीकी खराबी के कारण रिहंद बिजलीघर की 500 मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। पहले से चार इकाइयों के बंद रहने के कारण लगभग दो हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया।

# महाकुंभ में एप से होगी जल प्रबंधन की निगरानी

▸▸ यूपीएलसी को सौंपा गया तकनीक के विकास का जिम्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार वेबसाइट व मोबाइल ऐप आधारित 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। इसके जरिए निगरानी व जलापूर्ति जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। तकनीक के विकास व निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है।

परियोजना के अनुसार महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व-संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है।

### 20 करोड़ से स्नान का क्षेत्र बढ़ाएगी सरकार

आस्था की डुबकी लगाने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार संगम तट पर सर्कुलेशन क्षेत्र में वृद्धि में जुट गई है। इसके लिए संगम नोज पर रिवर चैनलाइजेशन एवं ड्रेजिंग पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मालूम हो कि निरंतर हो रहे कटाव के कारण संगम तट पर उपलब्ध भूमि 2019 की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम हो गई है। आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के आधार पर मेला प्रशासन और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग काम तेज करने में जुट गया है। इसके अतिरिक्त नदी के दाहिने तट पर जियो बैग का बैंक पेवमेंट का कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर नगर विकास विभाग को भेजा जा रहा है।

## 21 को पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी लेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी रिजर्व पुलिस लाइन्स में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी लेंगे। वहीं, प्रदेश में एक सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के बीच शहीद हुए दो जवानों फतेहगढ़ के सिपाही रोहित कुमार और कन्नौज के सिपाही सचिन राठी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद परिजन को सम्मानित करेंगे।

पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर 1959 में चीन की सीमा पर देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों की याद में मनाया जाता है। पिछले एक वर्ष में देश भर में 214 पुलिस कर्मियों ने अपनी जान गवां दी। इनमें यूपी पुलिस के दो जवान रोहित व सचिन हैं। फतेहगढ़ के नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित कुमार मिट्टी खनन कराने वाले बाइक सवारों की टक्कर से ट्राली की चपेट में आकर शहीद हो गए थे। वहीं कन्नौज के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी दबिश के दौरान नशीले पदार्थों के तस्करों की गोली से शरीद हुए थे।

# रालोद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मैराजउद्दीन कांग्रेस में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में आयोजित 'संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन' के दौरान शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ मैराजउद्दीन अहमद अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए।



डॉ मैराजउद्दीन

सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ अहमद ने कहा कि रालोद के मुखिया जयंत चौधरी अपने दादा, पिता व पार्टी की विचारधारा से भटक गए हैं। उन्होंने कहा कि रालोद प्रमुख ने उस विचारधारा की पार्टी से समझौता कर लिया जिसने इस देश में किसानों, अनुसूचित वर्ग व अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की। इससे पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' की उपस्थिति में उन्हें सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, सांसद तनुज पुनिया मौजूद रहे।

### न्याय की लड़ाई का हिस्सा बन रहे दूसरे दलों के नेता : अविनाश

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चला रहे हैं, इससे प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं की सोच परिवर्तित हुई है और वह न्याय की इस लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस में अपनी आस्था दिखा रहे है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रदेश में जाति-धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर समाज में हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# उप चुनाव : नौ सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे प्रत्याशी, 13 नवंबर को होगा मतदान

**अमृत विचार :** प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन किसी सीट पर नामांकन नहीं हुआ। प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान होगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (अजा), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी व मझवां सीट के लिए होने वाले नामंकन के पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

उप चुनाव वाले जिलों मुजफ्फर नगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर व मिर्जापुर में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

## सपा ने मांगी उप चुनाव क्षेत्र वाली सभी नौ सीटों की मतदाता सूची

**अमृत विचार, ,लखनऊ :** सपा ने सभी नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव क्षेत्र में उपयोग होने वाली मतदाता सूची मांगी है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और इस सिलसिले में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष ने शिकायत करते हुए कहा कि उप चुनाव वाले सभी नौ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची संशोधित हो चुकी है। लोकसभा चुनाव होने के बाद सूची में नाम काटे गए, जोड़े गए हैं। बावजूद जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सशोधित मतदाता सूची उन्हें उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। ज्ञापन सौपने वालों में केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह शामिल थे।

## हार की हताशा में सपा-कांग्रेस कर रहे मिल्कीपुर उप चुनाव टालने की पैरवी

**अमृत विचार , लखनऊ :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस हताशा में मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा का उप चुनाव समय से न हो, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उप चुनाव के लिए भाजपा तैयार है और सभी सीटों को जीत दर्ज करेगी।

चौधरी ने कहा कि सपा मुखिया की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। वे सोशल मीडिया पर लगातार लोगों को बरगलाने का काम करते है। सपा ने अपने सांसद व अधिवक्ता सभा के सदस्यों के जरिए कोर्ट में मिल्कीपुर उप चुनाव समय पर कराने में अड़ंगा लगाया है। इससे साबित होता है कि सपा डरी हुई है और वह किसी भी तरह मिल्कीपुर का चुनाव टालने की कोशिश कर रही है।

# गन्ना समिति व चीनी मिल संघ के चुनाव में भाजपा का दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**148** सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते

**25** स्थानों पर सहकारी चीनी मिल संघ चुनाव जीता

**अमृत विचार :** नौ साल बाद हुए गन्ना समिति एवं चीनी मिल संघ के चुनावों में भाजपा का दबदबा रहा। प्रदेशभर में सहकारी गन्ना समिति की 151 सीटों में 148 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सहकारी चीनी मिल संघ चुनाव में सभी 25 स्थानों पर विपक्ष एक भी जगह नहीं जीत सका।

भाजपा के बेहतर प्रदर्शन पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किसानों का आभार जताया। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कहा कि गन्ना किसानों की सच्ची हितैषी भाजपा ही है। गन्ना किसानों के हित के लिए तत्पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रदेश के किसानों ने जीत की मुहर लगाई है। कहा कि प्रदेश में 9 वर्ष बाद हुए चुनाव हुए है। चुनाव से पूर्व में डेलिगेट व संचालक का चुनाव हुआ, जिसमे भाजपा के हजारों की संख्या में डेलीगेट व 1500 से अधिक डायरेक्टर निर्वाचित हुए। गन्ना समिति के चुनाव की प्रक्रिया 23 सितंबर से 18 अक्टूबर तक चली है। उन्होंने कहा कि इनमें प्रतिष्ठित मेरठ, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, बिजनौर सहित सभी जिलों में सहकारी गन्ना समितियों में भाजपा के उम्मीदवार विजयी हुए है।

### जीत में गन्ना मूल्य भुगतान व एमएसपी का असर: चौधरी

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने 2 लाख करोड़ से ज्यादा का गन्ना मूल्य का भुगतान किसानो को किया है। केंद्र सरकार ने रबी की छह प्रमुख फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की है। इसी का असर परिणाम में दिखा है। उन्होंने प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

## वर्ग पहेली-226

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.)-डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।
3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।
5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।
7. 1. कागज़
8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह; पड़ाव।
4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा
5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।
6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।
7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



### वर्ग पहेली -225 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | ■ | 2 ध | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ट | प | रा |
| ■ | ■ | 4 बु | ला | ना | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ट | ■ | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | ■ | ला |
| ■ | ■ | ड़े | ■ | ■ | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | ■ | य |

## सुडोकू-139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 5 | | 3 | 1 |
| | 9 | | 1 | | | 8 | | |
| 3 | | 2 | | 8 | | | 5 | 4 |
| | 8 | | 6 | | 3 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | | 7 | | 2 | | 8 | |
| 7 | 3 | | | 2 | | 5 | | 8 |
| | | 8 | | | 1 | | 7 | |
| 4 | 6 | | 8 | | | 3 | | |

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 09.48 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 10.46 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आपका आत्मविश्वास बढ़ायेगा। अपने विचारों को सदैव स्पष्ट रखें। नए लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृष** — आज व्यर्थ के विचारों से आपको बचना चाहिए। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबारियों को अपने व्यापार की चिंता रहेगी। अचानक आए खर्चों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। पेट में गैस व गर्मी की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपके संबंध मजबूत होंगे। व्यवसाय में नए क्लाइन्ट्स जुड़ सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में काफी सुधार होगा। यात्रा की योजना बना सकते हैं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। आपकी योजनाएं समय से पूर्ण हो जाएंगी।

**कर्क** — आज निजी रिश्तों में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। तय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आपकी दिनचर्या में सुधार होगा। जॉब के शानदार अवसर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज रिलेशनशिप के मामलों को लेकर भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आय की तुलना में व्यय ज्यादा होगा। आपको नींद पर्याप्त मात्रा में आपको लेनी चाहिए। आपके मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**कन्या** — आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। पारिवारिक सदस्यों से अच्छा तालमेल रखें। रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपके जिद्दी रवैये के कारण परिजन नाराज हो सकते हैं। कारोबारी यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**तुला** — आज व्यवसाय को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक गतिविधियों को लेकर काफी सावधान रहना चाहिए। आयात-निर्यात से जुड़े कार्यों में बड़ा लाभ हो सकता है। आपको नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। बॉस आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**धनु** — आज ऑफिस में अपने सहयोगियों को लेकर निर्भर न रहें। बिना किसी विशेष उद्देश्य के धन उधार न दें वरना आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। अवसाद और तनाव की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। आपको नियमों का पालन करना चाहिए।

**मकर** — आज अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद उठाएंगे। किसी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। कई दिनों से लंबित कार्यों को कम समय से ही पूरा कर लेंगे। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज आपकी योजनाओं और कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे। सहकर्मियों के साथ मिलजुल कर कार्य करें। शुभचिंतकों से अपने मन की बातें कर सकते हैं। जिन बातों को लेकर विवाद उत्पन्न होते हैं, उन पर चर्चा न करें। आप अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान देंगे।

**मीन** — आज उलझनों के बावजूद आपको कुछ महत्वपूर्ण काम करने पड़ेंगे। धर्म-कर्म में आप काफी सक्रियता दिखा सकते हैं। व्यापार के विस्तार के लिए आप मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेना उचित नहीं होगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
हैसियत — सुबह : 09.00
चालबाज — शाम : 06.09

**SONY PIX**
सीजे 7 — सुबह : 10.26
मैकेनिक — रात : 09.00

**&pictures**
क्रैक — सुबह : 11.16
मिस्टर एंड मिसेज माही — रात : 08.00

**ZEE CINEMA**
शादी में जरूर आना — सुबह : 11.16
भीमा — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
जख्मी सिपाही — सुबह : 11.01
घायल — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू एक डॉक्टर के पास गया और उससे पूछा
संजू- डॉक्टर साहब, घर जाकर चेक करने की क्या फीस है?
डॉक्टर ने कुछ सोचा और बोला : 300 रुपये।
संजू- ठीक है, तो चलिए इतना सुनते ही डॉक्टर ने अपनी बाइक निकाली और संजू के साथ उसके घर जा पहुंचा।
वहां पहुंचकर डॉक्टर ने पूछा- मरीज किधर है?
संजू- अरे मरीज-वरीज कोई नहीं है पागल, टैक्सी वाला 500 रुपये मांग रहा था और तू 300 में ले आया।

# चिह्नित कर विकसित किए जाएंगे ईको टूरिज्म स्थल

## हमीरपुर महोत्सव की तैयारियों को लेकर बनाई गई रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक की।

**अमृत विचार।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद के पर्यटक स्थलों का होर्डिंग्स, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए। वहीं प्रचार-प्रचार के लिए एप बनाकर उसमें संबंधित पर्यटन स्थलों की जरूरी विशेषताओं, लोकेशन आदि की सूचनाएं अंकित की जाएं। ताकि पर्यटकों को संबंधित स्थलों की संपूर्ण जानकारी हो सके तथा उन्हें आने-जाने में भी किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नदियों के किनारे वॉटर स्पोर्ट्स यथा बोटिंग आदि की काफी संभावना है। इसको विकसित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। फरवरी में पुलिस लाइन में तीन दिवसीय भव्य हमीरपुर महोत्सव आयोजित किए जाने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि हमीरपुर महोत्सव की स्वीकृति के लिए पर्यटन निदेशालय प्रस्ताव भेजा जाए। तय किया गया कि ईको टूरिज्म स्थलों को चिह्नित कर विकसित किया जाएगा।

उन्होंने जनपद में चल रही विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा की। जिसमें खंडेह स्थित पुराने शिव एवं राम जानकी मंदिर, सुमेरपुर स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर, राठ में मरही माता मंदिर, हमीरपुर स्थित भुवनेश्वरी देवी मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, मौदहा डैम पर पर्यटन विकास परियोजनाएं संचालित हैं। कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल, सीएंडडीएस एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन राज्य निगम के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण हों, इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने वन विभाग को जनपद में ईको टूरिज्म स्थलों को चिन्हित कर उनका विकास करने को निर्देशित किया। कहा कि युवा टूरिज्म क्लब के विद्यार्थियों का पर्यटन टूर, पर्यटन संगोष्ठी, निबंध, पेंटिंग्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। बैठक में नामित सदस्य ब्रजकिशोर गुप्ता, पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ चित्रगुप्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, पीडी साधना दीक्षित रहे।

# किराया बढ़ाने के विरोध में एसडीएम से शिकायत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के जीआरवी इंटर कॉलेज के बाहर बनी दुकानों का तीन गुना किराया बढ़ाने से नाराज दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। दुकानदारों ने प्रबंध समिति पर दुकानदारों से बदसलूकी करने और गुंडागर्दी से दुकान खाली करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

जीआरवी इंटर कालेज के बाहर करीब दो दर्जन से अधिक दुकानें बनी हुईं हैं। दुकानदार अरविंद कुमार, फारूख अली, रजी अहमद, मुवीन, चंद्रशेखर, ब्रषभान सिंह, बृजेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, रामऔतार, याकूब खान, महेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, प्रभु दयाल, आनंद कुमार समेत दो दर्जन से अधिक दुकानदारों ने बताया कि 1998 से लेकर 2002 में विधिवत प्रबंध समिति को पगड़ी देकर दुकानें किराए पर ली थी। जिसका निर्धारित किराया तय किया गया था। बताया कि दुकानदार निर्धारित तिथि से दुकानों का किराया जमा करते आ रहे हैं। प्रबंध समिति द्वारा समय समय पर 5 से 10 फीसदी भी किराया बढ़ाया जा रहा है। बताया कि इस समय दुकानदारों द्वारा 1300 से 1500 रुपये प्रतिमाह चेक एवं ऑनलाइन द्वारा जीआरवी इंटर कॉलेज के खाते में जमा करते आ रहे हैं। बताया कि इस समय प्रबंध कार्यकारिणी के बीच विवाद चल रहा है। दो प्रबंध समितियां चल रही हैं। जिसका विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप लगाया कि अब कथित प्रबंधक प्रेमप्रताप सिंह व प्रबंध समिति को नकद पैसा नहीं दे पा रहे हैं दुकानदारों ने नकद रुपये मांगा जा रहा है। बताया कि अब जबरन नोटिस देकर बकाया दिखाकर हर महीने 3500 से 4 हजार रुपये किराया मांगा जा रहा है। दुकानदारों का कहना था कि तीन गुना किराया बढ़ाया न्याय संगत नहीं है। दुकानदारों ने कहा कि किराया बढ़ाने को लेकर वह लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। दुकानदारों ने एसडीएम से गुहार लगाई है।

### चौपाल में पेंशन का मुद्दा

**कुरारा।** क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। जिसमें वृद्धा पेंशन न मिलने का मुद्दा छाया रहा। क्षेत्र के मिश्रिपुर गांव में शुक्रवार को एमआई राजेंद्र बाबू की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में गांव की मोहिनी व देवकी ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की।



चित्रकला प्रतियोगिता की पोस्टर दिखाती प्रतिभागी छात्राएं। अमृत विचार

# चित्रकला में शालिनी और विज्ञान प्रदर्शनी में खुशबू पहले स्थान पर

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- जीजीआईसी में विज्ञान प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**अमृत विचार।** नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा के तहत विज्ञान प्रदर्शनी व राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार ऊर्जा संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा 11 की छात्रा शालिनी यादव प्रथम, कक्षा 9 की सोनम ने द्वितीय, कक्षा 9 का छात्र हरगोविंद ने तृतीय, कक्षा 10 का सोहित ने चतुर्थ एवं, कक्षा 9 की छात्रा रविता ने पंचम स्थान प्राप्त किया। समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी तथा कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में खुशबू ने अन्ना पशुओं से फसल के बचाव के लिए अलार्म वेरिकेटिंग के मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुष्पेंद्र ने सोलर पंप से सिंचाई का मॉडल, मधु ने सोलर सिटी का मॉडल व अभिषेक ने वाटर फिल्ट्रेशन के मॉडल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंशी ने स्ट्रीट लाइट से संबंधित मॉडल प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ.एके देवल ने कैरियर से संबंधित छात्र छात्राओं को बताया कि इंजीनियरिंग, मेडिकल, फोटोग्राफी, मीडिया और तमाम तरह के क्षेत्रों में अपने रुचि के अनुसार कैरियर चुन सकते हैं। कैरियर गाइडेंस के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा बनाए चार्ट, पोस्टर, पंख डायरी के साथ विभिन्न प्रकार के हस्तकला के गुलदस्ते, चित्रकारी का भी प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सो रही छात्रा के कपड़े फाड़ रेप की कोशिश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



**अमृत विचार।** चिकासी थाने के एक गांव में सुबह के समय अपने घर में अकेले सो रही बीटीसी की एक छात्रा के साथ गांव के एक युवक ने घर में घुसकर सोते समय उसे दबोच लिया। आरोप है कि युवक ने चाकू की नोक पर उसके कपड़े फाड़कर छात्रा के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। पीड़ित छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जालौन जनपद के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही एक छात्रा अपने गांव दशहरा की छुट्टियों में आई हुई थी। दो दिन पहले वह घर में अकेली सो रही थी। तभी गांव का एक युवक घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने चाकू की नोक पर छात्रा के कपड़े फाड़ उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। छात्रा के चिल्लाने पर पर उसके दिव्यांग चाचा मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक मारपीट करते हुए भाग खड़ा हुआ। गंभीर हालत में पीड़िता को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने चिकासी थाने में आरोपी युवक और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष चिकासी ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# तबियत बिगड़ने से किशोरी की मौत

**बिवांर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के उमरी गांव निवासी एक किशोरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे लगातार उल्टी आने लगी। जिससे शरीर में पानी की कमी से उसकी मौत हो गई।

उमरी गांव की हिमांशी सिंह (16) पुत्री संजय सिंह शाश्वत शांति इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा है। गुरुवार की शाम सात बजे अचानक हिमांशी को उल्टियां आने लगी । लगातार उल्टी आने से परिजनों ने गांव के डॉक्टर को दिखाया।

परंतु दवा का असर नहीं हुआ। परिजनों ने किसी तरह दवा देकर सुला दिया। सुबह हालत नाजुक होने पर परिजन उसे आनन- फानन में छानी सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# धमकी से आहत प्लंबर ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठे परिजन व अन्य। अमृत विचार

- बेटे ने पड़ोसियों के खिलाफ दी तहरीर, मामले की जांच में जुटी सदर कोतवाली पुलिस

**अमृत विचार।** कुछ दबंग पड़ोसियों के जेल भेजने की धमकी और आए दिन गाली-गलौज से परेशान प्लंबर ने शुक्रवार की सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे पर लटका शव देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर गांव पहुंचे पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतक के पुत्र ने पड़ोसियों के खिलाफ तहरीर दी है।

सदर कोतवाली की ग्राम पंचायत चंदूपुर के मजरा भिखुआ का डेरा निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उसके पिता चंद्रपाल पेशे से प्लंबर हैं। कुछ दबंग पड़ोसियों से परेशान थे। उक्त लोग आए दिन गाली गलौज कर फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने और घर पर बुलडोजर चलवाने की धमकी देते रहते थे। इससे पिता मानसिक रूप से परेशान रहते थे। गुरुवार की रात इन्हीं पड़ोसियों ने उसके घर पर हमला कर पिता के साथ जमकर गाली-गलौज की थी। इस घटना से परेशान पिता ने शुक्रवार की सुबह सात बजे के करीब घर के अंदर ही फांसी लगा ली। जब उन्हें फंदे से लटके देखा तो आनन-फानन में नीचे उतारकर सदर अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। अशोक ने उक्त पड़ोसियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### बिजली चोरी करते हुए 10 पर रिपोर्ट

**कुरारा।** बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर एक दर्जन से अधिक बकायादारों के कनेक्शन काटे। वहीं 10 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। जिन पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। तड़के करीब 6 बजे चेकिंग अभियान चलाया गया। एसडीओ हरिश्चन्द्र वर्मा की अगुआई में टीम ने 15 उपभोक्ताओं के बिल बकाया होने के चलते उनका कनेक्शन काट दिया। वही 10 लोगों को केबल के पहले केबल जोड़कर विद्युत चोरी करते हुए पाया है। जेई अभिषेक साहू ने बताया कि चोरी करते हुए जिन लोगों को पकड़ा गया है उनके खिलाफ विद्युत थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

### गौशालाओं में मवेशियों को ठंड से बचाने के प्रबंध करें: बीडीओ

**मौदहा।** ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक में बीडीओ दुर्योधन ने गौशालाओं में मवेशियों को ठंड से बचाने के प्रबंध अभी से करने को कहा गया है। जिन स्थानों पर टीन शेड नहीं है या इसकी कमी है। लगाने का प्रबंध किया जाए। भूसा घर बनाने सहित हरी घास उगाने के लिए ग्राम पंचायत को भी निर्देशित कर दिया गया है कि वह राजस्व विभाग से भूमि चिन्हित कराकर गौ चार विकसित करें। विकासखंड में 6,000 फैमिली आईडी तैयार करने के साथ ही ग्राम स्तर पर अत्यधिक गरीब 25 परिवारों को चिह्नित करने का कार्य भी एक पांच सदस्यीय समिति के जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### नशे की हालत में युवक ने लगाई फांसी

**कुरारा।** झलोखर गांव निवासी शैलेंद्र (30) पुत्र राम प्रकाश ने गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे परिजनों से नाराज होकर नशे में धुत होकर अपने कमरे के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वही कमरा से बाहर न आने पर जब परिजनों ने देखा तो फंदे पर लटक रहा था। बाबा बब्बू ने थाने में दी सूचना में बताया कि नाती शैलेंद्र ने नशे की हालत में कमरे में जाकर कुंडी बंद करके फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### रोजगार मेले में 134 अभ्यर्थी चयनित हुए

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार को आईटीआई राठ में रोजगार मेले में ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन नोएडा, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर, एलआईसी राठ, टीम प्लस एचआर सर्विस प्रालि .पलवल ने भाग लिया। मेले में कुल 247 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें से कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 134 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया। प्रतिभागी कंपनी ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन नोएडा द्वारा 67, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर द्वारा 28, एलआईसी राठ द्वारा 13, टीम प्लस एचआर सर्विस प्रालि. पलवल द्वारा 26 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

### ठगी का शिकार महिलाओं ने युवक को पीटा

**हमीरपुर।** मुस्करा ब्लाक के गहरौली की उमा, कौशिल्या व माया की दिव्यांग पेंशन बंद होने पर बैंक पहुंची। जहां बैंक प्रबंधक ने उन्हें मुख्यालय भेज दिया। तीनों दिव्यांग महिलाएं भटकते- भटकते एक युवक के झांसे में आ गईं। जिन्हें दुकान का लोन कराने के नाम पर युवक ने किसी से पांच सौ तो किसी 150 रुपये ले कर फरार हो गया। ठगी का शिकार होने पर तीनों महिलाओं ने आक्रोश में आकर कलेक्ट्रेट में बैठे मामले के बिचौलिया को चप्पल से पीट दिया। इतने में शब्र नहीं हुआ तो महिलाओं ने बिचौलिए को बीच सड़क पर पर भी चप्पलें दिखाई। इस दौरान लोगों का हुजूम लग गया। वहीं किसी ने घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

### मध्यस्थता केंद्र के प्रयास दंपती साथ रहने को तैयार

**हमीरपुर।** अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम के प्रयास से रूपा पुत्री जयपाल निवासी लल्ली का डेरा थाना कुरारा और सुरेश पुत्र मोहन निवासी लल्ली का डेरा थाना कुरारा के मध्य पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते से निस्तारण कराया गया। दंपती द्वारा साथ-साथ रहने की सहमति व्यक्त की गई। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, अपर जिला जज / सचिव गीतांजलि गर्ग ने दोनों पक्षों को बधाई दी और मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया।

### छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन की तिथि 20 अक्टूबर

**हमीरपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र, छात्राएं जो कक्षा 09-10 एवं कक्षा 11-12 में अध्ययनरत हैं वे छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 अक्टूबर तक कर सकेंगे। छात्रवृत्ति योजना के लिए वेबसाइट https://scholarship.up.gov.in पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए आवेदक अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड करेंगें तथा आवेदन की हार्ड कापी मय संलग्नको सहित 27 अक्टूबर तक संबंधित संस्था में जमा किया जाएगा।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**पौथिया(हमीरपुर)।** ललपुरा थानाक्षेत्र के कलौलीजार गांव में महिला ने अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल गांव निवासी रामकरन ने अपनी पुत्री आशना की शादी सात वर्ष पूर्व कलौलीजार गांव निवासी मुलायम यादव के साथ की थी। गुरुवार की रात अज्ञात कारणों के चलते आशना 31 घर में रखी सल्फास की गोलियां खा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पिता रामकरन ने पुत्री की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

### संदिग्ध अवस्था में खलिहान में लटका मिला युवक का शव

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के कैंथा गांव में एक युवक का संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे। जानकारी के अनुसार कैंथा गांव निवासी जयहिंद (25) का शव खलिहान में बनी झोपड़ी में रस्सी के फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों का कहना था कि शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे उसे फंदे पर लटकता देखा गया। युवक की अभी शादी नहीं हुई थी।

# टेशू- झिंझिया के विवाह की धूम

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



टेशू- झिंझिया के विवाह के दौरान नाचते-झूमते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में टेशू- झिंझिया के विवाह का भव्य तरीके से ग्रामीणों ने आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों की मदद से हिन्दू रीति रिवाज के साथ गाजे बाजे की धुन पर टेशू बारात लेकर झिझिया के दरवाजे पहुंचा। जहां विवाह सम्पन्न हुआ।

भैंसापाली गांव में गुरुवार की रात टेशू झिंझिया विवाह ग्रामीणों ने परंपरागत तरीके से आयोजित किया। जिसमें पूरे गांव में डीजे गाजे बाजे के साथ टेशू की बारात घूमी। डीजे बैंड बाजा के साथ राछरी भी निकाली गई। झिंझिया के दरवाजे बारात पहुंचते ही जमकर आतिशबाजी हुई और पटाखे फोड़े गए। बारात में शामिल लोगों ने जमकर डांस किया। झिंझिया पक्ष के लोगों ने सभी को खाना खिलाया। आयोजन देखने से लग रहा था कि जैसे कि सच में किसी की शादी हो रही है।

टेशू व झिझिया के विवाह की रस्में हिंदू रीति रिवाज से पंडित जी ने कराईं। कार्यक्रम के आयोजक अरविंद कुशवाहा ने बताया की कुशवाहा मोहल्ले में ग्रामीणों की मदद से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे रीति रिवाज से टेशू झिंझिया का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें शादी की दावत भी सभी को खिलाई गई। कार्यक्रम में उपेंद्र कुशवाहा, जयसिंह, विकास, संजय कुमार, आनंद कुमार, दिनेश कुमार, अरुण कुमार आदि ने कार्यक्रम का निर्वहन किया।

# आशीष भी जुड़ेगा मुख्य धारा से

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कॉक्लियर इंप्लांट योजनान्तर्गत के अंतर्गत मूक बधिर दिव्यांग बच्चे का इलाज कराया जाएगा। जिसकी स्वीकृति मिल गई है।

मौदहा ब्लाक के भौरा डांडा निवासी 3 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र मनोज कुमार का कॉक्लियर इंप्लांट कराने के लिए निदेशालय से इम्पैनल्ड 21 चिकित्सालयों में से डॉ.एसएन मेहरोत्रा ईएनटी फाउण्डेशन अशोक नगर कानपुर से कराये जाने के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके अंतर्गत अब इस बच्चे का इलाज हो सकेगा और यह बच्चा भी अन्य सामान्य बच्चों की तरह बोलने व सुनने लगेगा। परिवार फिलहाल खुश है।

# अपहरण व हत्या में 4 लोगों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुरारा क्षेत्र के एक गांव में युवक की हत्या के आठ वर्ष पुराने मामले में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने चार दोषियों को उम्रकैद व प्रत्येक पर 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माने की आधी धनराशि वादिया मृतक की बहन को दिलाने के आदेश दिए हैं।

कुरारा क्षेत्र के लहरा के अनूप कुमार 12 अगस्त 2016 को जालौन के कदौरा बाजार गया था। वहां से लौटकर नहीं आया। बहन पूजा ने 22 अगस्त 2016 को गांव के घनश्याम, अंकित, गब्बर सिंह, अमित व सोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में जालौन के कदौरा क्षेत्र के इस्लामाबाद निवासी चांद मोहम्मद, व्यासपुरा निवासी शैलेंद्र, आंबेडकर नगर के जितेंद्र व कदौरा के ही परौसा निवासी मल्लू सिंह के नाम सामने आए। गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मनकी यमुना पुल के पास से अनूप का कंकाल बरामद किया। उसके आगे का दांत टूटा होने से शिनाख्त बहन ने की। पुलिस ने चारों के खिलाफ चार्जशीट पेश की। जिस पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश ने दोषी चांद मोहम्मद, शैलेंद्र, जितेंद्र, मल्लू सिंह को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 18-18 हजार रुपये जुर्माना सुनाया।

आयोजन | राठ में एक महीने तक चलने वाली रामलीला में मेले की शुरुआत

# भोले बाबा की बारात देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



शिव बारात में राम, लक्ष्मण की नयनाभिराम झांकी।। अमृत विचार



शिव बारात में रथ पर सवार भगवान भोलेनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शरद पूर्णिमा से शुरू होने वाले ऐतिहासिक रामलीला मेले का गुरुवार की रात गणेश पूजन और भगवान शिव की छोटी बारात के साथ शुरू हो गया। रात में भगवान शिव, भगवान विष्णु लक्ष्मी की नयनाभिराम झांकियां पूरे गाजे बाजे के साथ कस्बे में निकाली गई।

एक महीने तक चलने वाले इस रामलीला मेले के पहले दिन भगवान गणेश का पूजन कर शिव बारात निकली गई। बारात रामलीला मैदान से शुरू होकर खुशीपुरा, भटियाना, चौबटटा, कोटबाजार, पड़ाव, बुधौलियाना, बजरिया आदि मोहल्लों से घूमती हुई वापस रामलीला पहुंची। बारात निकलने के दौरान आस्थावान लोगों ने अपने दरवाजे के सामने भगवान शिव, भगवान विष्णु लक्ष्मी की आरती उतारी। बारात में बग्घी में सवार भगवान शिव और उनके गणों की नयनाभिराम झांकी लोगों के आकर्षक का केंद्र रही। बारात में डीजे और बैंडबाजों की धुनों पर घोड़े और युवक थिरकते हुए चल रहे थे। मां शारदा बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न रूपों की झांकियां सजाई गईं थी। बारात में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, कैलाशचंद्र अग्रवाल, सुरेश खेबरिया, बसंत नगाइच, केजी अग्रवाल, रमेशचन्द्र मिश्रा, मुन्ना लाल लाक्षाकार, सतीश नंदा, प्रभु दयाल अहिरवार, राकेश मिश्रा, राजू अहिरवार, नरोत्तम शुक्ला समेत रामलीला सांस्कृतिक कमेटी के पदाधिकारी व नगर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# संसाधनों से शाश्वत आनंद संभव नहीं

**सुमेरपुर।** धन, वैभव, संपत्ति जीवन के लिए साधन हैं। उनसे शाश्वत आनंद प्राप्त नहीं किया जा सकता है। लोग संसाधनों को ही सुख मान बैठे हैं। जबकि संसाधन तो सिर्फ जीवन जीने के लिए है। उनमें सुख नहीं है। सुख कही और है। संसाधनों में सुख होता तो लोगो की सुख की चाहत निरंतर नहीं बदलती।

ये बातें संत स्वामी डा.मुक्तानंद पुरी ने सब्जी मंडी की रामकथा में कहीं। उन्होंने कहा कि सुख- दुख हमारी अज्ञानता में है। हमारे मन में है। परिस्थितियां कैसी भी हों, संत सुख- दुख का आभास ही नहीं करते, तभी सदा मस्त रहते हैं। सच्चा सुख परमात्मा की भक्ति में है। जिसे पाने का प्रयास सभी को करना चाहिए। इससे पूर्व आचार्य रामानुज दीक्षित ने राम वन गमन का प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया।

# समतलीकरण के नाम पर अनियमितता

## जेसीबी से कराया काम, किसान ने एसडीएम से की शिकायत, एडीओ करेंगे मामले की जांच

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कई बार जिम्मेदार सरकारी कामकाज कैसे करते हैं, इसे बताने की आवश्यकता नहीं। कई बार काम हो जाता है और संबंधित को पता भी नहीं चलता। ताजा मामला मऊ ब्लाक की ग्राम पंचायत मंडौर का है। यहां खेत समतलीकरण को लेकर सवालिया निशान लगे हैं। एक व्यक्ति ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर शिकायत भी की है।



शिकायतकर्ता किसान संवारे।

गांव निवासी संवारे पुत्र खिलाड़ी ने बताया कि उसके खेत का मनरेगा के तहत समतलीकरण किया जाना था। आरोप लगाया कि इसके एक लाख अस्सी हजार रुपये निकाल लिए गए और काम ठीक से नहीं किया गया। उसने बताया कि उसकी मजरा बंबुरा में 0.452 हेक्टेयर जमीन है, जिसके समतलीकरण के लिए उसने आवेदन किया था। उसने आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर तक कोई समतलीकरण नहीं किया गया था और जब उसने शिकायत करने की बात की तो इसकी जानकारी जिम्मेदारों को हो गई। आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर की रात में जेसीबी से खेत समतल करा दिया गया। इसका वीडियो भी उसके पास है। उसने मामले की निष्पक्ष जांच की गुहार की है।



इस खेत के समतलीकरण को लेकर की गई है शिकायत। अमृत विचार

### सचिव ने कहा, मुझे मालूम नहीं

समतलीकरण के मामले में जब सचिव अनूप मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई और फोन काट दिया। प्रधानपति अभिषेक यादव ने दावा किया कि खेत का समतलीकरण मनरेगा के तहत मजदूरों से कराया गया है।

### एडीओ करेंगे जांच : बीडीओ

जानकारी के मुताबिक, एसडीएम मऊ सौरभ यादव ने शिकायत की जांच कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा को दिए। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि उन्होंने उक्त मामले की जांच एडीओ कोआपरेटिव को सौंप दी है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### आरोप, चली जेसीबी

पीड़ित ने आरोप लगाया कि 16 अक्टूबर की रात को जेसीबी से खेत का समतलीकरण करा दिया गया।

### जमकर हो रही धांधली



मंडौर के युवा समाजसेवी मंटू त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा योजना में जमकर धांधली की जा रही है। इसमें कई लोगों की भूमिका संदिग्ध है। सबकी जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### निष्पक्ष जांच होनी चाहिए



वहीं रिंकू द्विवेदी ने भी ग्राम पंचायत के कामों में अनियमितता का आरोप लगाया। वह कहते हैं कि ग्राम पंचायत के कार्यों में सरकारी धन की जमकर बंदरबांट की जा रही है। इसकी जांच करवाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### समतलीकरण के नाम पर भ्रष्टाचार



गांव निवासी शिवबली मिश्रा ने दावा किया कि ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार व्याप्त है। आरोप लगाया कि गरीब किसान के खेत के समतलीकरण के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच कराई जाए।

## किसानों से झूठे वादे करना छोड़े सरकार

**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित यादव एडवोकेट ने सरकार पर किसानों से झूठे वादे करने का आरोप लगाया है। अमित ने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी है। रबी, तिलहन, आलू और अन्य फसलों की बुआई चल रही है। रासायनिक खादों की भारी जरूरत है। केंद्र और प्रदेश की सरकारें खाद उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। किसानों से सोसाइटी के सचिव दुर्व्यवहार कर रहे हैं। यदि किसान नारेबाजी या विरोध प्रदर्शन करते हैं तो उन पर बल प्रयोग किया जाता है। दुकानदार कालाबाजारी कर किसानों को लूट रहे हैं। प्रशासन कोई उचित कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकार आमदनी दोगुना करने के फर्जी दावे करती हैं। उन्हें कुछ रेवड़ियां बांट देती है लेकिन खाद, बीज, कीटनाशक आदि कम दामों में दिलाना तो दूर जरूरत भर दिला भी नहीं पाती। इससे पैदावार में गिरावट आती है। सरकार किसानों को खाद उपलब्ध कराए और खेती के लिए आवश्यक सभी वस्तुएं कम दामों पर मुहैया कराए।

# अपार आईडी में दर्ज होगी बच्चों की पढ़ाई की कुंडली

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- इससे कागजात खोने का डर नहीं रहेगा

**अमृत विचार।** कक्षा एक से बारहवीं तक के बच्चों के लिए 12 अंकों की यूनीक आईडी अपार तैयार की जा रही है। अपार में विद्यार्थियों की पढ़ाई का लेखाजोखा दर्ज होगा।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी की परिकल्पना को साकार करते हुए सरकार ने यह पहल की है। इस आटोमेटेड परमानेंट अकादमिक अकाउंट (अपार) में जिले के लगभग 1693 सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों, मदरसों में पढ़ने वाले सभी बोर्डों के लगभग 2,27,653 छात्र-छात्राएं आच्छादित होगें। बताया कि इसमें दर्ज कराने के लिए माता-पिता/वैध अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। प्रत्येक छात्र-छात्रा के अकादमिक इतिहास का विवरण डिजिलॉकर में संरक्षित रहेगा। इसमें शैक्षिक योग्यता प्राप्त ग्रेड सर्टिफिकेट, विभिन्न संस्थाओं में बच्चों की उपलब्धि इत्यादि शामिल है। बताया कि अपार आईडी शैक्षणिक एवं कैरियर में आजीवन उपयोगी है। इसके बच्चों के शैक्षिक अभिलेखों अंकपत्रों, स्थानांतरण प्रमाणपत्रों के खो जाने का डर नहीं रहेगा। ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रैकिंग कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आसान हो जाएगा। सरकार द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली योजनाओं का लाभ भी आसानी से दिया जा सकेगा। यू-डायस पोर्टल पर दर्ज बच्चों के डेटा के आधार पर अपार आईडी बनाई जाएगी। बीएसए ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक विद्यालय में विशेष शिक्षक अभिभावक मीटिंग कर अपार के संबंध में बताएं और आईडी बनवाएं। बताया कि अभिभावक किसी भी समस्या या सुझाव के लिए संबंधित खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यू-डायस पोर्टल पर विद्यालय पंजीकृत नहीं होने पर मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई होगी।

### यशस्वी योजना की तिथि बढ़ाई

**चित्रकूट।** सरकार ने प्रधानमंत्री यशस्वी योजना की तिथि बढ़ाई है। यह जानकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने दी। बताया कि पीएम यशस्वी ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी योजना के तहत छात्रों के आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन पत्र भर सकते हैं।

# समितियों से डीएपी खाद गायब, किसान परेशान

सुमेरपुर (हमीरपुर)

- किसान महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर

**अमृत विचार।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित क्षेत्रीय सहकारी समितियों से डीएपी खाद नदारद होने से किसान परेशान है। किसानों को डीएपी की जगह एनपीके थमाई जा रही है जबकि किसानों की पहली पसंद डीएपी है। सहकारी समितियों से डीएपी गायब होने के कारण किसान महंगे दामों में बाजार से खरीदकर बुवाई करने को मजबूर है।

कस्बे के क्षेत्रीय सहकारी समिति के अलावा क्रय विक्रय सहकारी समिति, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र संचालित हैं। इसके अलावा इंगोहटा, छानी, पौथिया, हेलापुर (कुछेछा), पचखुरा बुजुर्ग, मुंडेरा में क्षेत्रीय सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इन सभी समितियों से किसानों को खाद बीज वर्ष पर्यंत मुहैया होता है, लेकिन मौजूदा समय में कहीं डीएपी खाद नहीं है। किसान परशुराम यादव, प्रदीप गुप्ता, उदयभान, मानसिंह भदौरिया, दुलीचंद विश्वकर्मा, राजाराम आदि ने बताया कि डीएपी की जगह एनपीके किसानों को थमाई जा रही है। किसानों ने बताया कि एनपीके को किसान पसंद नहीं करता है। इस समय किसान मटर, मसूर, सरसों, चना, लाही आदि फसलों की बुवाई कर रहा है। इन फसलों में किसान डीएपी बोना महफूज समझता है। पीसीएफ के जिला प्रबंधक शरद कुमार ने बताया कि रैक लगने जा रही है। दो दिन बाद सभी सहकारी समिति में डीएपी पहुंचा दी जाएगी।



ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं सीडीओ अमृतपाल कौर। अमृत विचार



जन चौपाल में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

# आवास योजना में कोई रिश्वत मांगे तो बताएं

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

- सीडीओ ने देवकली गांव में लगाई जन चौपाल

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने विकासखंड की ग्राम पंचायत देवकली में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जन चौपाल लगाई। सीडीओ ने गांववालों को आश्वस्त किया कि अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हैं तो आवास अवश्य मिलेगा। कोई पैसा मांगे तो बताएं, सख्त कार्रवाई होगी।

सीडीओ ने गांववालों को बताया कि योजना का लाभ दिलाने में प्रधान की कोई भूमिका नहीं है। सचिव सर्वे करेगा और अगर आपके पास वास्तव में घर नहीं है तो मिलेगा। उन्होंने महिलाओं को बच्चों के पोषण पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।

सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने सीएमओ के साथ गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बाद में सीडीओ ने गांव का भ्रमण कर दिक्कतें जानीं। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। जन चौपाल के दौरान डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्रा, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, सीवीओ डा. सुभाष चंद्र, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, बीडीओ शैलेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत मोहनलाल सिंह, ग्राम प्रधान, सचिव आदि अधिकारी और गांववासी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



विमोचन अवसर पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### तुलसीदास पर आधारित किताबों का विमोचन

**राजापुर (चित्रकूट)।** कस्बे में हुए सादे समारोह में तुलसी रामचरित मानसपीठ के पीठाधीश्वर रामआसरे दास ने तुलसीदास के कृतित्व पर आधारित तीन किताबों का विमोचन किया गया। इसमें तुलसी इंटर कालेज के पूर्व शिक्षक रामगणेश पांडेय की मंजिल, लेखिका सरिता पांडेय की रत्नावली की कवितावली व दिनेश प्रसाद त्रिपाठी प्रधानाचार्य पंडित छितानी मितानी दुबे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूपौली बरुवा की धर्मयुद्ध शामिल हैं। समारोह में मौजूद अन्नू मिश्रा, महेश पांडेय, साहित्यकार गौरीदत्त त्रिपाठी ने किताबों के कथ्य पर चर्चा की। इस अवसर पर सुनील पांडेय, अंशुमान पांडेय, राकेश द्विवेदी, संतोष त्रिपाठी, अजीत मिश्रा, बालकृष्ण विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### युवा उत्सव में होनहारों ने दिखाई प्रतिभा

**चित्रकूट।** जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र उपाध्याय ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ने गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को युवा उत्सव एवं विज्ञान मेले का आयोजन किया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्राचार्य विनय कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्लवन कर उद्घाटन किया। विज्ञान माडल प्रतियोगिता में तैयबा प्रथम रहीं। भाषण में अनन्या द्विवेदी, लोकगीत में निखिल त्रिपाठी, कहानी लेखन में खुशी ने बाजी मारी। कविता लेखन में अदिती गुप्ता, पोस्टर प्रतियोगिता में रज्जू, लोकनृत्य में वर्षा सिंह अव्वल आईं। सभी विजेता प्रतियोगियों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र दिए गए। दिवारी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन डा. वंश गोपाल ने किया। डा. सीमा कुमार, अमित सिंह, नीरज गुप्ता, राजेश पाल और डा. धर्मेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप यादव, उदयभान, खेल शिक्षक श्रीकेशन, श्यामसुंदर यादव, सिद्धार्थ निगम आदि मौजूद रहे।




किसानों को नई तकनीक के संबंध में बताते अभय महाजन। अमृत विचार

### किसानों को नई तकनीक अपनाने की जरूरत : कृष्णा गौर

**सीतापुर (चित्रकूट)।** आरोग्यधाम में शुक्रवार को एक दिवसीय कौशल-सह-तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें मप्र की राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए नई तकनीक का उपयोग करने की सलाह दी। राज्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीक किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। कृषि उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी का मार्ग प्रशस्त करेगी। वन अनुसंधान केंद्र प्रयागराज की डा. अनीता तोमर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती के प्रति जागरूक करना तथा कौशल विकास के माध्यम से आय में बढ़ोतरी के अवसर प्रदान करना है। विधायक रीति पाठक ने औषधीय पौधों की खेती को बेहतर विकल्प बताया। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने श्री अन्न (मोटे अनाज) की खेती पर ज़ोर दिया। आजीविका मिशन संजय सराफ़ ने बताया कि हम भी विभिन्न स्वदेशी वनस्पतियों का निर्यात अन्य देशों में करके अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रामप्रवेश यादव, दीपक कुमार गुप्ता, नवीन कुमार आदि ने कृषि तकनीकों और इसके लाभकारी पहलुओं के बारे में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. मनोज त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में प्रयागराज से आए शोधार्थी स्वाति प्रिया, सत्यव्रत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 5 नवंबर को लगेगी लोक अदालत

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त की अध्यक्षता में पांच नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से मंडलीय पेंशन अदालत लगेगी। सेवानिवृत अध्यापकों/ कर्मचारियों के लंबित देयकों के संबंध में जनसुनवाई की जाएगी।

## एक नजर

### डंपर चालक की मौत पर एफआईआर दर्ज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** डंपरों की आमने-सामने हुई टक्कर से एक चालक की मौत होने पर परिजनों ने दूसरे ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीते 14 अक्टूबर को चन्दपुरवा गेट के पास हाईवे पर दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए थे। जिससे एक डंपर के चालक राजेंद्र की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक के भाई राजकुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है।

### दबिश देकर बरामद की अवैध शराब

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** आबकारी टीम ने शुक्रवार को थानांतर्गत ग्राम भारतपुरवा में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आबकारी टीम ने मऊ की फुटकर मदिरा दुकानों का निरीक्षण भी किया।



एडीएम उमेश चंद्र निगम को दिक्कतें बताते किसान। अमृत विचार

## किसानों ने बताई व्यथा, दिया ज्ञापन

**चित्रकूट।** भरतकूप क्षेत्र में नीलगायों और अन्ना मवेशियों से त्रस्त किसान शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां किसानों ने अपनी व्यथा बताई। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम को समस्याओं का ज्ञापन दिया। किसानों के साथ भाजपा नेता जगदीश गौतम और पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय और प्रेस क्लब आफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत भी मौजूद रहे। किसानों का कहना था कि लंबे समय से समस्या चली आ रही है पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# ग्रामीणों को कर रहे जागरूक

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)




कार्यक्रम के बारे में बताते महंत दिव्यजीवन दास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के भरत मंदिर में एकल अभियान के तहत 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

महंत दिव्य जीवनदास ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बाताया कि एकल अभियान के तहत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख से अधिक स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही गांव, क्षेत्र और देश के विकास की कुंजी है। बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है बल्कि इसके साथ ही हमारी संस्कृति, धर्म, और अध्यात्म को भी ग्रामीण बच्चों में समाहित करना है। बताया कि गांवों में समितियों का गठन किया गया है और प्रशिक्षित आचार्य तैनात किए गए हैं, जो लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

संभाग दक्षिण उत्तर प्रदेश के ग्राम विकास शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रह्लाद प्रताप ने कहा कि एकल शिक्षा अभियान के माध्यम से हम पंचमुखी शिक्षा की ओर ध्यान दे रहे हैं। इसके अंतर्गत आरोग्य, संस्कृति, जागरूकता, और प्राथमिक शिक्षा का विकास किया जा रहा है, जिससे गांवों का समग्र विकास हो सके। बताया कि यह अभियान ग्रामीण समाज को नई दिशा देने की एक अहम पहल है।

शरदोत्सव — भक्तिमती शबरी नाटक रहा आकर्षण का केंद्र

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आएंगे–आएंगे...



शरदोत्सव में शबरी नाटक का एक दृश्य। अमृत विचार



शरदोत्सव में अभिनय करते कलाकार, सजा मंच।



अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती पर दीनदयाल परिसर में शरदोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हुई प्रस्तुतियों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मुंबई के साधो द बैंड की नाट्य प्रस्तुति भक्तिमती शबरी ने लोगों को भक्तिरस से ओतप्रोत कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सविता दाहिया सतना के निर्देशन में नाट्य प्रस्तुति भक्तिमति शबरी से की गई। आलेख योगेश त्रिपाठी एवं संगीत संयोजन मिलिंद त्रिवेदी का रहा। इसमें बताया गया कि शबरी पिछले जन्म में एक रानी थीं, जो भक्ति करना चाहती थीं लेकिन राजा मना कर देते हैं।

तब शबरी अगले जन्म में भक्ति करने की बात कहकर गंगा में डूब कर अपने प्राण त्याग देती हैं। दूसरे जन्म में गंगा किनारे गिरिवन में बसे भील समुदाय को शबरी गंगा से मिलती हैं। भील समुदाय शबरी का लालनपालन करते हैं और युवावस्था में उनका विवाह का प्रयोजन किया जाता है। विवाह में जानवरों की बलि देने का विरोध कर घर छोड़ कर घूमते हुए मतंग ऋषि के आश्रम में पहुंचती हैं, जहां ऋषि शबरी को दीक्षा देते हैं। मतंग ऋषि माता शबरी से कहते हैं कि इस जन्म में मुझे तो प्रभु राम के दर्शन नहीं हुए, लेकिन तुम जरूर इंतजार करना। प्रभु जरूर दर्शन देंगे। भगवान राम और माता शबरी मिलाप प्रसंग में भगवान राम माता शबरी को नवधा भक्ति कथा सुनाते हैं और शबरी उन्हें माता सीता तक पहुंचने वाले मार्ग के बारे में बताती हैं। अंत में शबरी समाधि ले लेती हैं। भजन मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे.. राम आएंगे-आएंगे राम आएंगे... सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल के नगीने में... भजन ने भी मोहा।

### नानाजी का कृतित्व हिमालयी है : रामहृदय दास

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मप्र की नगरीय निकाय एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि नानाजी देशमुख ने वैभव को त्यागकर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। समाज और देश की सेवा करने वाले व्यक्ति पूज्य हो जाते हैं। रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास ने कहा कि बड़ा संयोग है कि चंद्र के अमृत के रूप में शरदपूर्णिमा के दिन नानाजी का जन्म हुआ और उन्होंने सत्ता और पद को ठुकराते हुए समाजिक जीवन में कुछ करके दिखाया। नानाजी का कृतित्व हिमालयी है। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विभाग के विनोद गूजर ने किया।

### तीसरे दिन होगी पवनदीप राजन की प्रस्तुति

शरदोत्सव के तीसरे दिन सुगम संगीत का आयोजन होगा। इसमें इंडियन आइडल के विजेता गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल मुंबई भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगा दी जान

## किसान के ऊपर बैंक और साहूकारों का था लाखों रुपये का कर्ज

कार्यालय संवाददाता महोबा

- उरद, मूंग व तिल की फसल खराब होने से हुआ आहत
- 6 माह पहले किया था लड़की का विवाह

**अमृत विचार।** उर्द, मूंग और तिल की फसल बारिश से बर्बाद होने से आहत किसान ने खेत में लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला सतीश कुमार पाठक 50 पुत्र स्वर्गीय स्वामी प्रसाद पाठक ने अपने खेत में इस साल खरीफ की फसल की बुवाई की थी। फसल काफी अच्छी थी किसान ने किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए बैंक से और साहूकारों से कर्ज ले रखा था। इस साल फसल अच्छी होने की उम्मीद थी इसलिए किसान ने खरीफ की फसल आने पर कर्ज की अदायगी की बात कही थी, लेकिन बेमौसम हुई बारिश से उर्द, मूंग और तिल की फसल बर्बाद हो गई। जिससे किसान परेशान रहने लगा और कई बार घर में फसल पैदा न होने व कर्ज की अदायगी को लेकर परेशानी भी बताई। परिजनों ने उसे समझाया कि सब ठीक हो जाएगा। शुक्रवार को किसान अपने खेत गया और खेत में लगे नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतक के बड़े भाई सुरेश पाठक ने बताया कि 6 महीने पहले लड़की की शादी की थी। उसकी शादी का भी कुछ कर्ज बकाया था। उसने किसान क्रेडिट कार्ड से भी पौने दो लाख रुपये बैंक से कर्ज लिया था। इधर फसल के खराब हो जाने से वह परेशान रहता था।

शुक्रवार को सुबह वह घर से गायब हो गया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। लेकिन कहीं नहीं दिखाई दिया। घर के लोग तलाश करते हुए नेहरू इंटर कॉलेज के पीछे अपने खेत में पहुंचे तो देखा कि नीम के पेड़ से उसका शव लटक रहा था जिसकी सूचना पनवाड़ी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी मनीष पांडे मौके पर पहुंचे, और शव को नीचे उतारने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना से मृतक के घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**महोबा।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कोतवाली चरखारी क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर बैठक आयोजित कर मातृशक्ति को निडर बनाने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चरखारी गणेश कुमार गुप्ता ने कहा कि देश के कानून में महिलाओं को पुरुषों के बराबर समान अधिकार दिया है। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान की तहत नारी उत्पीड़न को रोकने के लिए 1090, 1076, 181 जैसी तमाम हेल्पलाइन चलाई जा रही है। इन नंबरों पर कॉल करने पर महिला को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाती है। सुरक्षा सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चल रही है। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा शक्ति मोबाइल महिला हेल्प देश के महिला साइबर सेल महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र मिशन शक्ति सहित कई महत्वपूर्ण कार्य महिला शक्ति को उत्थान के लिए चलाई जा रहे हैं।





पुलिया पर लगी बेरिकेडिंग व बड़े वाहनों की लगी लाइन। अमृत विचार

# पुलिया पर चल रहा निर्माण, यातायात बाधित

संवाददाता पनवाड़ी महोबा

- पुलिस ने बड़ा हादसा होने के संदेह पर भारी वाहनों के आवागमन पर लगाई रोक

**अमृत विचार।** विकासखण्ड के ग्राम बुडेरा में क्योलारी से निकली नदी की पुलिया खदानों से ओवर लोड वाहनों के निकलने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस कारण पुलिस ने हादसा रोकने के उद्देश्य से बेरीकेडिंग कर बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दिया है। अब निर्माण कार्य शुरू हो गया है। हालत यह है कि वहां वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई है। एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग इस मार्ग से आते जाते हैं। आवागमन बाधित होने से वे परेशान हैं।

विकास खण्ड के ग्राम स्योडी, सिलालपुरा, नगाराघाट, बराना आदि गांव में करीब दस वर्षों से खनिज विभाग द्वारा कृषकों की भूमि को उपजाऊ बनाने के उद्देश से बालू निकाल कर उपजाऊ भूमि बनाने के लिए पट्टे दिए जा रहे हैं। पट्टे पर दंबग बालू माफिया एनएलटी जैसी भारी मशीनों से गाइड लाइन के विरुद्ध बालू खनन कर डम्फर एवं ट्रकों में ओवरलोड करके इन्हीं मार्गों से वाहन निकालते हैं। परिणाम स्वरूप विगत दिन बुडेरा गांव में स्थित नदी पुलिया भारी वाहन बालू से लदे निकलने से धंस गयी। उपरोक्त पुलिया धसने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने क्षति ग्रस्त पुलिया की हालत देख बेरीकेडिंग लगा भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी, जिससे खदानों एवं सड़क पर सैकड़ों की सख्या में वाहनों की कतार है।

ग्रामीणों द्वारा पुलिया क्षतिग्रस्त की सूचना पीडब्ल्यूडी को दी गयी। सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई ने क्षतिग्रस्त पुलिया का निरीक्षण किया और पुलिया मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर आरम्भ कराया। दो दिन बीत जाने के बाद भी इस मार्ग पर आवागमन बहाल नहीं हो सका। जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी यहां से गुजरने वाले चार पहिया वाहनों को हो रही है।



काव्य गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार। अमृत विचार

# वाल्मीकि रामायण ने जग को राह दिखाई...

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- वाल्मीकि जयंती की संध्या पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर देर शाम को शहर के नर्सिंग कुटि मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरुआत साहित्यकार पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद कवियों द्वारा सुनाई गई रचनाएं सुनकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्यकार संतोष पटैरिया ने मां सरस्वती वंदन प्रस्तुत की। उन्होंने, तुम्हारा सच का ही है मिथ्या का साथ नहीं, घटा घिरी है हमको पता नहीं हैं समझो इसको रात नहीं है सुनाकर वाहवाही लूटी।

पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की संख्या पर कहा कि हमे गर्व का अनुभव हो रहा है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि थे उनसे पहले विश्व में कोई कवि नहीं हुआ है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष और संस्कृति संस्थान के सदस्य संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जन्म ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका आश्रम चित्रकूट के समीप लालापुर गांव में आज भी है। उन्होंने रचना पेश करते हुए कहा कि वाल्मीकि जी का हुआ दुनिया में नाम रामायण लिख करके किया राष्ट्र का काम। कवि रामप्रकाश शुक्ल ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपने मन को बस में करके सब इंद्रिय साधन से कस लें, कस लें कस लें अपने तन को हरि नाम कमा करके जस लें। कवि संतोष द्विवेदी विगुल ने वीर रस की रचना सुनाते हुए कहा कि लगा तेल विस्टल विपुल चंद्रशेखर आजाद जीते जी न छू सके गौरों की औलाद। कवि हरनारायण शर्मा पारस ने कहा हनुमान ने भारतीय संस्कृति का लंका में बजाया डंका। डा. एलसी अनुरागी ने रामायण पर रचना पढ़ी कि वाल्मीकि की रामायण ने जग को राह दिखाई जिसने राम नाम गुण गाया। कवियों की कविताओं को जमकर सराहा गया। इस मौके पर ओमप्रकाश तिवारी, श्याम बिहारी निगम, ब्रजगोपाल हरिश्चंद्र वर्मा सहित तमाम कवियों और साहित्यकारों ने रचनाएं प्रस्तुत की।

# महिलाओं और छात्राओं को बताए उनके अधिकार

संवाददाता कार्यालय, महोबा



युवती को जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी, पंफलेट दिखातीं महिलाएं। अमृत विचार

- एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने चौपाल लगाकर सुनीं महिलाओं की समस्याएं

**अमृत विचार।** महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर शहर के अलावा पनवाड़ी, कुलपहाड, चरखारी में शुक्रवार को महिला सुरक्षा विशेष दल (एंटी रोमियो स्क्वाड) टीम द्वारा छात्राओं, महिला को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ उनकी समस्याओं को सुनने के लिए चौपाल का भी आयेजन किया गया। जागरूकता मिशन शक्ति अभियान के तहत बाजार, कोचिंग सेंटर, मुख्य चौराहो पर पुलिस टीम ने भ्रमण कर जायजा लिया साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया।

महिला सुरक्षा विशेष दल टीम ने अपने अपने क्षेत्र में अलग- अलग स्थानों पर जाकर मनचलों और युवाओं की गतिविधियों पर नजर रखी साथ ही चौराहों और कोचिंग सेंटरों के आसपास खड़े व आने-जाने वाले लोगों की हरकतों को चेक किया। साथ ही आने जाने वाली महिलाओं व छात्राओं से वार्ता की गई। विशेष दल ने छात्राओं और महिलाओं के उत्पीड़न रोकथाम संबन्धी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबन्ध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बावत जागरूक किया साथ ही बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नम्बर 1090, महिला हेल्पलाइन 181, सीएम हेल्पलाइन 1076, यूपी 112, सायबर हेल्पलाइन 1930 के बावत जानकारी देकर जागरूक किया।

एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाई, जिसमें महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन भी दिया गया। टीम ने बताया कि छात्राओं और महिलाओं को अपनी शिकायत लेकर थाना, चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा क्योंकि पुलिस टीम द्वारा ग्राम, स्कूल व सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। इस मौके पर टीम ने साइबर अपराधों के बारे में भी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल 1930, 112 पर दें। इस मौके पर महिलाओं बालिकाओं को जागरुक करने के लिए पंफलेट व पोस्टर भी वितरित किए गए।

# उज्ज्वला के लाभार्थियों को मुफ्त मिलेगा गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता महोबा

- गैस सिलेंडर लेने के लिए लाभार्थियों को भेजी गई जानकारी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब दीपावली त्योहार में दो निःशुल्क एलपीजी सिलिंडर रिफिल प्रदान किए जाने का शासन ने निर्णय लिया है। योजना के तहत दीपों का पर्व दीपावली में चारों तरफ जगमग रोशनी के साथ साथ उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के सिलिंडर निःशुल्क भरे जाएंगे। 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर 2024 एवं द्वितीय चरण में माह जनवरी से मार्च 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतः निःशुल्क सिलेंडर वितरित किया जाएगा।

जिलापूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी अपने स्तर से उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किग्रा. का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा। योजना अंतर्गत किए जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में आयल कंपनियों द्वारा भेजी जाएगी। लाभार्थी संबन्धित एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। लाभार्थियों का आधारकार्ड बैंक से लिंक होना चाहिए ।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत आच्छादित लाभार्थियों के जैसे- जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे उसी क्रम में उन्हें इस योजनांतर्गत आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए जिन एसीटीसी, बीसीटीसी लाभार्थियों का अभी तक आधार प्रमाणीकरण सत्यापित नहीं हुआ उनका आयल कंपनियों द्वारा अभियान चलाकर आधार प्रमाणित कराया जाएगा।

# योजनाओं की जानकारी न मिलने पर पेंशनर्स नाराज

कार्यालय संवाददाता महोबा

- उच्च न्यायालय में रिट दाखिल कर रिकवरी कराने का लिया निर्णय

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी पेंशनरों को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी नहीं दी जा रही है। इतना ही नहीं पेंशनरों को बैठकों में न बुलाने पर सेवानिवृत्त कर्मचारी नेताओं ने नाराजगी जताई साथ ही शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित बैठक में पारिवारिक पेंशनरों की आयु निर्धारण में आधारकार्ड में अंकित जन्मतिथि को मान्यता न दिए जाने सहित दस वर्ष आठ माह बाद भी राशिकरण की कटौती बंद न किए जाने को लेकर उच्च न्यायालय में रिट दाखिल कर राशिकरण की रिकवरी कराने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्षता करते हुए शिवकुमार तिवारी ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के लिए संगठन हर समय तैयार है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशनरों को आधे से भी पैसा मिलता है ऐसी स्थिति में उनके सामने परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है।

# प्रशिक्षण के लिए 90 किसानों को विवि भेजा

कार्यालय संवाददाता महोबा



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

- किसानों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी ने किया रवाना

**अमृत विचार।** जनपद महोबा में उप्र श्रीअन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं कृषक प्रशिक्षण एंड सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर 18 से 22 अक्टूबर तक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 50 कृषक, 20 कर्मचारी मिलेट्स प्रशिक्षण, 40 कृषक आत्मा योजनांतर्गत कुल 110 किसान और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के लिए रवाना हुए। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने मिलेट्स यानी श्री अन्न के प्रति जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के माध्यम से श्री अन्न के प्रति किसानों में जागरूकता लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली गई, इसके अंतर्गत न केवल मिलेट्स से बनने वाली रेसिपीज को बढ़ावा दिया जाएगा बल्कि उनके बारे में जागरूकता भी फैलाई जाएगी। इस कार्य योजना के अंतर्गत अब तक मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन अब एक कदम आगे बढ़ाते हुए इसे प्रदेश वृहद स्तर पर आमजन द्वारा प्रयोग में लाए जाने के लिए व्यापक प्रचार का सहारा लिया जाएगा। इस मौके पर डा. अभय कुमार सिंह यादव उप कृषि निदेशक उपस्थित रहे।

**रामलीला** 5वें दिन उमड़े लोग, प्रभु राम और जानकी के विवाह की लीला का हुआ मंचन

# श्रीराम के वनगमन की लीला देख छलके आंसू

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित रामलीला के पंचम दिवस श्रीराम-जानकी विवाह, श्रीराम वन गमन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। राम के वनगमन को देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

राम- जानकी विवाह के बाद महाराज दशरथ महर्षि वशिष्ठ के पास पहुंचे। उन्हें बताया कि अब वे श्रीराम का राज्याभिषेक करना चाहते हैं। गुरु की आज्ञा मिली तो महाराज ने राज्याभिषेक की घोषणा कर दी। समाचार जब नगर वासियों को मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। राम के राज्याभिषेक की जानकारी मंथरा को हुई तो वह महारानी कैकेयी के पास पहुंच गई। उन्हें समझाया कि वह महाराज से भरत के लिए राजपाठ और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग ले। महारानी ने पहले तो उसके सुझाव को ठुकरा दिया पर बाद में उसकी बात को मान लिया और कोपभवन में जाकर बैठ गईं। महल में महारानी को न पाकर महाराज दशरथ चिंतित हो गए। जब उन्हें पता चला कि महारानी कोपभवन में हैं तो वहां पहुंचे। महारानी ने उन्हें पूरा वृतांत बताया और कहा कि राम को वन भेज दें। महाराज ने उन्हें समझाया कि राम के बिना वे नहीं रह सकते पर महारानी नहीं मानीं। अंततः महाराज को उनकी मांग पर सहमति देनी पड़ी। प्रभु राम को जब इसकी जानकारी हुई तो वे सहर्ष वन जाने को तैयार हो गए। जानकी जी और लक्ष्मण जी भी उनके साथ चल पड़े। उधर महाराज दशरथ के रूदन से महल गूंज उठा। दोनों भाई जानकी जी के साथ वन चले तो अयोध्यावासी भी रो पड़े। रामलीला देख रहे श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो गईं। वन जा रहे प्रभु राम को निषाद राज मिले ने उनसे आतिथ्य स्वीकार करने के लिए आग्रह किया पर प्रभु नहीं माने। लीला में राम का अभिनय मृदुल गौरव रावत, लक्ष्मण राजेश तिवारी, वशिष्ठ हरिश्चंद्र शर्मा, दशरथ भूपेंद्र रिछारिया, कैकई वीरेंद्र कुमार, मंथरा प्यारेलाल श्रीवास, निषाद राज अरविंद तिवारी आदि का शानदार अभिनय रहा। संगीत में ज्ञानेंद्र पटेरिया, मनीष तिवारी, राहुल गुप्ता का सहयोग रहा तथा व्यवस्था अखिल उर्फ दीपू शुक्ला यशवर्धन त्रिवेदी प्रकाश कुशवाहा आदि की रही। व्यास का कार्य रतीश रावत और संचालन अनिल शुक्ला का रहा। सहयोग आशीष मिश्रा, अमित शुक्ला और धर्मेंद्र तिवारी का रहा।



महारानी कैकेयी को समझाती मंथरा। अमृत विचार

## रेल हादसे रोकने के लिए बताए गए उपाय

**मौदहा (हमीरपुर)।** झांसी के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में रागौल रेलवे स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों को ट्रेन संचालन से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई और हादसे न हों इसके लिए क्या सावधानी बरती जाएं यह भी बताया गया।



फॉग के दौरान ट्रेन संचालन में क्या सावधानियां बरतनी है, ट्रेन रोलिंग इन निरीक्षण तथा बीपीसी वैधता, शंटिंग तथा लोड स्टेबल करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर जानकारी दी गई। ट्रैक अनुरक्षण तथा नॉन-इंटरलॉक समपार फाटक के खोलने, बंद करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। स्टाफ के लिए बेहतर रेस्ट की व्यवस्था, ओएचई अनुरक्षण करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, ज्वाइंट पॉइंट तथा क्रासिंग के नाप, इंजीनियरिंग, ट्रैफिक तथा पॉवर ब्लाक के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। सेमिनार के दौरान यातायात निरीक्षक, स्टेशन प्रबंधक, वरिष्ठ खंड अभियंता सहित लगभग 30 लोगों ने भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग ने तोड़ा दम

**महोबा।** थाना महोबकंठ के ग्राम कनकुआं मझलवारा निवासी हल्के 70 सड़क दुर्घटना में एक वाहन की टक्कर से घायल हो गया था परिजनों ने उसे जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया था, लेकिन हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसके मेडिकल कॉलेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया था जहां पर उसकी मौत हो गई।



# एमपी जा रही 41 बोरी खाद पकड़ी, रिपोर्ट दर्ज

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने चलाया जांच अभियान

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचर।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में कृषि विभाग ने अवैध तरीके से बेची जा रही उर्वरक खाद को लेकर अभियान चलाया। कृषि विभाग की टीम ने मध्य प्रदेश में खाद की सप्लाई करने वालों पर देर रात बड़ी कार्रवाई की। चेकिंग टीम को ट्रैक्टर-ट्राली से 41 बोरी खाद बरामद हुई। जिसके बाद संबंधित ट्रेडर्स के संचालक के खिलाफ माधौगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रबी फसल को लेकर जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे साथ ही खाद की कालाबाजारी न हो इसके लिए कृषि विभाग ने जिले के सभी ब्लॉक में टीमें तैयार की हैं। जो लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसी कड़ी में कृषि विभाग ने गुरुवार रात को कार्रवाई की। जिसमें एक ट्रैक्टर ट्राली से 16 बोरी डीएपी और 25 बोरी यूरिया बरामद की।

यह खाद मध्य प्रदेश में अवैध तरीके से सप्लाई की जा रही थी। देर रात कृषि अधिकारी गौरव यादव और अपर कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित की टीम को सूचना मिली कि उक्त ट्रेडर्स अवैध सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मध्य प्रदेश बॉर्डर से एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, जिसमें डीएपी खाद और यूरिया लदा हुआ था। इस दौरान चालक प्रमोद कुमार को भी पकड़ा गया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा किसानों को बुवाई के दौरान खाद मिले इसलिए जांच की जा रही है।



थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते कृषि अधिकारी गौरव यादव। अमृत विचार

### जिले में बेचने का है लाइसेंस

माधौगढ़ तहसील के गोपालपुरा में गेडा ट्रेडर्स के संचालक उमाशंकर गुप्ता के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। जो केवल जिले के लिए लाइसेंसधारी था, लेकिन खाद को मध्य प्रदेश भेज रहा था। जरूरत से ज्यादा खाद पकड़ी गई तो कार्रवाई की गई हैं। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत माधौगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं मामले में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी ट्रेडर्स या समिति द्वारा जरूरत से ज्यादा खाद पकड़ी गई तो कार्रवाई की जाएगी।

# नदियों और तालाबों में कूड़ा व विषाक्त पदार्थ न डालें

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** भारतीय नदियां संस्कृतियों की जननी कार्यक्रम के अंतर्गत एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। 58 यूपी बटालियन उरई के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दुष्यंत सिंह चौहान के निर्देशन में हवलदार अनूप सिंह और विनोद राणा ने कैडेट्स को नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए यमुना नदी के घाटों की सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया। हाथ में पोस्टर बैनर स्लोगन लिखे हुए तख्ती आदि लेकर नदियां सभ्यता और संस्कृति की जननी है का नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक

- एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को किया जागरूक

किया। लेफ्टिनेंट राजमणि ने मानव सभ्यता के विकास का उल्लेख करते हुए कैडेट्स को बताया नदियों के किनारे ही मानव सभ्यताएं और संस्कृति का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि नदियों का जल स्वच्छ रखें जिससे जलीय जीव जन्तु विलुप्त होने से बच सकें। नदियों में कूड़ा कर कट व विषाक्त पदार्थ न डालें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शाक्य, अरविन्द द्विवेदी, आनन्द शर्मा, वीरेन्द्र द्विवेदी, अतुलमिश्रा, नीरज एवं समस्त अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।





नदियों की सफाई के लिए लोगों को जागरूक करते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# चोरी की 14 बाइकों के साथ 1 गिरफ्तार

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** आटा थाना पुलिस कदौरा थाना पुलिस व एसओजी, तथा सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। चोरी की 14 मोटरसाइकिल के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य साथी भागने में सफल रहा। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

कालपी सर्किल के पुलिस उपाधीक्षक डाक्टर देवेन्द्र पचौरी ने आटा थानाध्यक्ष अजय कुमार के साथ आटा थाना में प्रेस वार्ता करते हुये बताया कि पुलिस अधीक्षक डाक्टर दुर्गेश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार के निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम के लिये नियमित वाहन चेकिंग के दौरान करमचंदपुर दशहरी मार्ग पर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक वाहन चोर गिरफ्तार किया गया पकड़े गये वाहन चोर की निशानदेही पर पुलिस ने कदौरा क्षेत्र के इकौना के जंगल से 13 अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गयी तथा कुल 14 मोटरसाइकिल साईकिल बरामद करने में सफलता हाथ लगी है पकड़े गये आरोपी इरफान पुत्र अनवर को गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य साथी खुर्शीद आलम पुत्र छोटू निवासी गुलौली भागने में सफल रहा।जिसकी तलाश करने में पुलिस तेजी से जुटी है।



बरामद बाइकें व पकड़ा गया चोरी का आरोपी।

# पकड़ी 99 मवेशियों से लदी डीसीएम, पांच हिरासत में

संवाददाता,उरई

**अमृत विचार।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम खारुसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और ओवर ब्रिज के पास भैंस व पड़वा से लदी डीसीएम को पकड़ा। मौके से पांच व्यापारियों को भी हिरासत में लिया गया जिनसे पूछतांछ की जा रही है।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम खारुसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे किलोमीटर 180.6 पर बने ओवर ब्रिज के पास 112 की सूचना पर पुलिस ने पड़वा व भैंसों से लदे कंटेनर को पकड़ लिया। जबकि पुलिस ने मौके से चालक बडेल्लाल निवासी वृन्दावन थाना उचका गांव जिला गोपालगंज विहार, परवेज निवासी रैवा, नईम निवासी सिक्की सराय, शोहिल निवासी नालबन्द चौराहा, सद्दाम जिला फिरोजावाद सहित पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। व्यापारी से पूछतांछ की तो बताया कि वह महोबा से आगरा ले जा रहे थे। जिस पर पुलिस ने व्यापारियों से कागज मांगे तो उन्होंने दिखाने से मना कर दिया। वहीं 112 को कॉल करने वाले अभिषेक द्विवेदी निवासी लबरसी थाना मूसानगर कानपुर देहात की तहरीर पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# लक्ष्मीबाई के नाम से जाना जाएगा टरननगंज चौराहा

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** अब टरननगंज चौराहे को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा के नाम से जाना जाएगा। पालिका ने सभी अपचारिक्ताओं को पूरा कर लिया हैं। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष व समाज सेवियों ने वोर्ड लगाकर औपचारिकता पूर्ण की। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लाल सिंह चौहान महेवा विगत सन 2006 से मांग कर रहे थे कि कालपी के मुख्य चौराहे टरननगंज का नाम बदल कर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा किया जाए। उनकी इस बात पर विचार करके जिलाधिकारी जालौन ने अनुमति प्रदान की। इसके बाद शहर के मुख्य चौराहे पर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे का बोर्ड लगाया गया। इस दौरान लालसिंह चौहान जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ, अरविन्द यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अवनीश कुमार शुक्ला अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र कुमार यादव, नसीम खान, वीरेन्द्र सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह यादव, शरद खन्ना, सर्वेंद्र यादव आदि मौजूद।



नाम परिवर्तन का बोर्ड लागने के बाद मौजूद पालिकाध्यक्ष व समाजसेवी।

# उद्यमियों का सम्मेलन आज, कैबिनेट मंत्री सचान करेंगे शिरकत

**कालपी।** उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समिति के तत्वावधान में बुंदेलखंड गार्डन कालपी यमुना पुल के समीप हाथ कागज उद्योग के उद्यमियों का शनिवार को सम्मेलन होगा।

अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा शासन के द्वारा चलाई जा रही उद्यमियों के हितों की योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। इसी क्रम में उद्योग मंत्री कार्यक्रम स्थल में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। कार्यक्रम में भारी संख्या में उद्यमियों की सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर उद्योग विभाग तथा कई अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# अभियान चलाकर सड़कों को 31 तक करें गड्ढामुक्त

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि 31 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी उरई को विशेष रूप से निर्देशित किया कि स्टेशन रोड को प्राथमिकता पर एक सप्ताह के भीतर गड्ढामुक्त कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में अवैध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स और सड़क के किनारे अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया कर अवैध अतिक्रमणों को तुरंत खाली कराया जाए, इससे न केवल सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी, बल्कि यातायात की समस्या भी कम होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत, सभी स्कूलों, तहसील, ब्लॉक और गांवों में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर नाटकों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ये ब्लैक स्पॉट्स वे स्थान हैं जहां अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। सभी को मिलकर कार्य करना होगा, ताकि सुरक्षित और सुगम सड़क यातायात सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। हमें मिलकर इस दिशा में काम करना होगा ताकि हमारे शहर के नागरिक सुरक्षित रह सकें। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता व सहायक अभियंता के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण के आदेश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जर्जर पोलो को चिन्हित कर तत्काल बदले जाए और सड़क के किनारे पोल लगाए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर गोवंश विचरण करते न मिलने पाए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।





कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

### क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यूपी प्राजेक्ट्स कारपोरेशन लि. की निर्माण इकाई 12, झांसी द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक में बीम तिरछा होने पर कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और मानकों के अनुसार ही निर्माण कार्य कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि ईंटों की गुणवत्ता खराब थी, जिसे तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश दिए। इस दौरान प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी, सीएमओं डॉ नरेंद्र देव शर्मा, इं. शैलेष कुमार सिंह, इं. मनीष वर्मा एवं अवर अभियन्ता शिंका द्विवेदी आदि मौजूद रही।

**सूचना**

प्रार्थी कस्बा माधौगढ़ वार्ड नं0 2 मालवीय नगर माधौगढ़ का निवासी है प्रार्थी के पिता उमाशंकर पुत्र रामनरायन निवासी सुरपतपुरा हाल नि0 माधौगढ़ के पास गौजा सुरपतपुरा मे गाटा सं0 28 रकवा 0.344हे0 व मौजा बुढ़नपुरा में आराजी सं0 210/0.417 हे0 व 198/0.158 हे0, 205/0.142हे0, 209/0.413हे0, 174/0.198हे0, 209/346 रकवा 0.012हे0 5 किता कुल रकवा 0.923 हे0 है तथा कस्बा माधौगढ़ मु0 मालवीय नगर वार्ड नं0 2 में 2 किता मकान जिनके कर रजिस्टर नं0 135 व 136 है जो प्रार्थी के पिता के नाम है प्रार्थी के पिता की उम्र करीब 75 वर्ष हो गयी है और उम्र की वजह से प्रार्थी के पिता की मानसिक शक्ति कमजोर हो गयी है और वह अपना भला बुरा सोचकर सही निर्णय नहीं ले पाते है वह लोगों के बहकावे में आकर कोई भी कार्य करने लगते है। प्रार्थी को आशंका है कि कोई व्यक्ति प्रार्थी के पिता को गुमराह करके उनकी उक्त कृषि भूमि अथवा उक्त मकान का बैनामा/दानपत्र अथवा मुहायदावय करवा सकता है इसलिये प्रार्थी यह आपत्ति प्रस्तुत कर रहा है। अतः प्रार्थना है कि यदि कोई व्यक्ति प्रार्थी के पिता को गुमराह करके उनके नाम की उक्त कृषि भूमि अथवा उक्त मकानो के सम्बन्ध में कोई लिखा पढी बैनामा/ दानपत्र अथवा मुहायदावय पूर्वोक्त उमाशंकर पुत्र रामनरायन निवासी सुरपतपुरा हाल निवासी माधौगढ़ के नाम व और से श्रीमानजी के कार्यालय में प्रस्तुत करे तो उसपर पूर्वोक्त आधारों पर प्रार्थी की उजुरवारी स्वीकार कर उचित कार्यवाही करने की कृपा की जायें।

प्रार्थी
शिवदत्त पुत्र उमाशंकर निवासी
सुरपतपुरा हाल निवासी माधौगढ़
परगना माधौगढ़ जिला जालौन

# नैरोबी में ग्लोबल वाटर कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. संजय सिंह

कार्यालय संवाददाता, उरई

- 19 से 26 अक्टूबर तक होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार।** केन्या की राजधानी नैरोबी में ग्लोबल वाटर कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। इसमें दुनिया भर के विशेषज्ञ जल संकट के समाधान पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत की ओर से परमार्थ संस्था के डॉ. संजय सिंह प्रतिनिधित्व करेंगे।

नैरोबी में 19 से 26 अक्टूबर तक ग्लोबल वाटर सम्मेलन होगा। इसमें जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल के समान वितरण में भारत सरकार के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के अनुभव डॉ. संजय सिंह साझा करेंगे। वे इससे पहले भी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में जल संसाधनों के प्रबंधन पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया था। एक हफ्ते तक चलने वाली कार्यशाला में जल संकट के बढ़ते प्रभाव और उससे निपटने के सामूहिक उपायों पर चर्चा की जाएगी। वैश्विक जल संकट के समाधान के लिए विशेषज्ञ दीर्घकालिक नीतियों और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर देंगे। सम्मेलन का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण, उचित प्रबंधन, और समुदाय आधारित समाधानों की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट्स ने चेतावनी दी है कि जल संकट का बढ़ता दायरा दुनिया के कई देशों पर संकट खड़ा कर सकता है। ऐसे में जल संसाधनों के दीर्घकालिक समाधान और सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसमें दुनिया भर के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि मिलकर जल संकट के समाधान के लिए विचार-विमर्श करेंगे, ताकि आने वाले वर्षों में इस समस्या को और गंभीर होने से रोका जा सके। जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन आज की सबसे बड़ी जरूरत है, जिसे जन भागीदारी और आधुनिक तकनीक के साथ प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है।



डॉ संजय सिंह

# जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

**उरई।** जुमे की नमाज के बाद विरोध की आशंका के चलते शुक्रवार को जिले भर में पुलिस और प्रशासन सतर्क रहा। मस्जिदों के पास पुलिस को तैनात करने के साथ ही अफसर भ्रमणशील बने रहे। हालांकि नमाजी नमाज अदा करने के बाद शांतिपूर्वक घरों को लौट गए।

बता दें कि बहराइच घटना को लेकर जिले में विरोध प्रदर्शन के अंदेशे में पुलिस लगातार सतर्क हैं। धर्मगुरुओं से अफसर वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद भी शुक्रवार को नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस को तैनात किया गया था। इससे कहीं भी विरोध प्रदर्शन न हो सके। साथ ही एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार स्वयं ही कालपी की खानकाह मस्जिद पहुंचे। जहां उन्होंने ड्यूटी पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा। इसके अलावा जिले की सभी मस्जिदों के आसपास एवं बाजार पर भी पुलिस की निगाह बनी रही। नमाज के बाद नमाजी शांति पूर्ण ढंग से घर चले गए।



निरीक्षण करते एसपी।

# पति और तीन दोस्तों पर दुष्कर्म की दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पति व उसके तीन दोस्तों पर रेप करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। विरोध किया तो पति और उसके दोस्तों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत एक्शन लिया और आरोपी पति सहित उसके तीन दोस्तों के खिलाफ रेप की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया साथ ही पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

इस मामले में कोंच कोतवाली की डिप्टी एसपी अर्चना सिंह ने बताया कि एक युवती द्वारा पति और उसके दोस्तों पर रेप करने का आरोप लगाया गया है। जिसका संज्ञान लेने के बाद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है, साथ ही महिला के बयान भी दर्ज कराया जा रहे हैं। बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जानकारी | गोविंदपुरी में बिछाए जा रहे ट्रैक के कारण संचालन प्रभावित

# कई ट्रेनों के रूट और ठहराव बदले



**कानपुर।** गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के अप कॉमन लूप लाइन पर बैलास्ट रहित ट्रैक निर्माण के लिए पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। जिसके कारण कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन तथा अस्थाई ठहराव स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि गोविंदपुरी स्टेशन के अप दिशा में प्लेटफार्म उपलब्ध न होने के कारण कई ट्रेनों का ठहराव गोविंदपुरी में खत्म कर दिया गया है।

### 8 नवंबर से 22 दिसंबर तक ये ट्रेनें गोविंदपुरी में नहीं रुकेंगी

01802 कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर मेमू और 04159 कानपुर सेन्ट्रल-इटावा मेमू, 01814 कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू, 04187कानपुर सेन्ट्रल-टूंडला मेमू, 04144 कानपुर सेन्ट्रल –खजुराहो, 0410 कानपुर सेन्ट्रल -फफूंद मेमू, 11110 लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी इंटरसिटी, 01824 लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, 04191 कानपुर सेन्ट्रल -फफूंद मेमू गोविंदपुरी में नहीं रुकेंगी।

8 नवंबर से 22 दिसंबर तक इन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन 10330 धनबाद-जम्मू तवी साप्ताहिक ट्रेन, 03575 आसनसोल -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02525 कामख्या -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02245पटना-निजामुद्दीन सप्ताह में 02 दिन, 09458 दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक ट्रेन, 04077 पटना -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02393पटना –नई दिल्ली 6 दिन, 09068, बरौनी -उधना साप्ताहिक, 03435 मालदा टाउन -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 04125 सूबेदारगंज–बांद्रा साप्ताहिक ट्रेन, 03007 हावड़ा-खातीपुरा साप्ताहिक, 04069 राजगीर- नई दिल्ली सप्ताह में 2 दिन, 02261 दरभंगा-नई दिल्ली सप्ताह में 2 दिन , 09570बरौनी-राजकोट साप्ताहिक, 09570 बरौनी- राजकोट साप्ताहिक, 09118सूबेदारगंज–सूरत साप्ताहिक, 09062 गाजीपुर सिटी-उधना साप्ताहिक, चंदारी-कानपुर सेन्ट्रल -पनकी धाम होकर चलेगी। इसी प्रकार चंदारी, 09526नहारलागुन- हापा साप्ताहिक, 02397 गया-आनंद विहार 6 दिन, 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार दैनिक, 05671गुवाहाटी -आनंद विहार साप्ताहिक, 12946 बनारस- वेरावल एक्सप्रेस साप्ताहिक, 14033 सूबेदारगंज –श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस दैनिक, 20962 बनारस -उधना एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन कानपुर सेंट्रल स्टेशन-पनकी धाम होते हुए चलेगी। 22197 कोलकाता - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी साप्ताहिक ट्रेन, 15101छपरा –लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन, 22467 वाराणसी – गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस साप्ताहिक, 20415वाराणसी –इंदौर साप्ताहिक ट्रेन, चंदारी, कानपुर सेंट्रल स्टेशन-गोविंदपुरी होकर चलेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डोड्वा जमौली वि0 ख0- शिवराजपुर कानपुर नगर**

पत्राकं मेमों/ प0 रा0 वि0आ0/पन्द्रहवा.वित्त/.मनरेगा/ निविदा/2024–25 दिनांक 17/10/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत डोड्वा जमौली विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 29/10/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 29/10/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19/10/2024 से दिनांक 28/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय मकरन्द निवादा में ऑगनवाडी केन्द्र का निर्माण ( मनरेगा + वित्त आयोग + ICDS ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा पुटटी पेन्ट ऑल सामग्री आदि | 11.84 | 00 | 3 माह |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय डोड्वा जमौली में ऑगनवाडी केन्द्र का निर्माण ( मनरेगा + वित्त आयोग + ICDS ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा पुटटी पेन्ट ऑल सामग्री आदि | 11.84 | 00 | 3 माह |
| 3 | आर.सी.सी. रोड से प्राथमिक विद्यालय मकरन्द निवादा तक नाली कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.50 | 00 | 2 माह |

नियम व शर्तेः–
1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।
2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 28/10/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4– दिनांक 29/10/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।
7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– डोड्वा जमौली
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत– डोड्वा जमौली
शिवराजपुर कानपुर नगर

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14700-14800 अरहरस्पेशल 11600-11700 चनादाल 8600-8700 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7400-7450 मसूरदाल 7600-7650 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11000 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 सरसोंकोल्हू 14400-14500 अलसी 12700-12800 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1979 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1950-1947 मयूर 1950-1947 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3850-3900 मंगलौरलडडू 4700-4750 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 55900-56000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 105000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 110000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59150-59350 |

# पुलिस नहीं है आरबीआई, वित्तीय बाजार पर रखते हैं नजर: दास

## नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी पर कार्रवाई के बाद गवर्नर ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक पुलिस की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है। आरबीआई गवर्नर की यह टिप्पणी आरबीआई की तरफ से नवी फिनसर्व और तीन अन्य गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ गुरुवार को की नियामकीय कार्रवाई के एक दिन बाद आई है।

आरबीआई ने सचिन बंसल की नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से कर्ज मंजूर करने और वितरण से रोकने का आदेश दिया है। यह कदम मूल्य निर्धारण सहित पर्यवेक्षी चिंताओं पर उठाया गया है। गवर्नर दास ने ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में कहा कि भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम है। मुद्रास्फीति काफी हद तक लक्ष्य सीमा के भीतर आ गई है। इसके कम होने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन पर कहा कि आरबीआई इन दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी में बहुत सावधानी बरत रहा है।



- ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में दास ने कहा- भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम

### इस समय ब्याज दर में कटौती जोखिम भरा

शक्तिकान्त दास ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय असामयिक और जोखिम भरा होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ऊंचे स्तर पर है। दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला हुआ था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए तटस्थ कर दिया।

# न्यूट्रल पैटर्न: तटस्थता से लाभ उठाने की कला

न्यूट्रल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण की विशेष विधि है, जो निवेशकों को बाजार की उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रखते हुए लाभ कमाने के अवसर देती है। यह दृष्टिकोण विशेष रूप से उन समयों में उपयोगी होता है जब बाजार तेजी या मंदी में नहीं होता। निवेशक विभिन्न संकेतकों और रणनीतियों का उपयोग करके तटस्थ स्थिति में रहकर अपने पोर्टफोलियो को विविधता देते हैं। हालांकि, न्यूट्रल पैटर्न में लाभ के साथ-साथ कुछ जोखिम भी होते हैं, जिन्हें समझना और प्रबंधित करना आवश्यक है। यह निवेश के क्षेत्र में एक संतुलित और रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। आइए इस पर गौर करें...

### कैसे करता है काम

- **डेटा एनालिसिस:** न्यूट्रल का उपयोग करने के लिए, विश्लेषक कई चार्ट्स और आंकड़ों का अध्ययन करते हैं ताकि संभावित रुझानों की पहचान की जा सके।
- **हेजिंग स्ट्रेटेजी:** निवेशक कई विकल्पों और वायदा अनुबंधों का उपयोग करके निवेश को सुरक्षित करने के लिए न्यूट्रल का उपयोग कर सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधीकरण:** न्यूट्रल पैटर्न में विभिन्न प्रकार के निवेशों को मिलाने से जोखिम को कम किया जा सकता है।

### इसकी पहचान

- **बोलिंजर बैंड्स:** जब कीमतें बैंड्स के बीच स्थिर रहती हैं।
- **आरएसआई (रिपेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स):** आरएसआई स्तर 30-70 के बीच हो।
- **मूविंग एवरेज:** जब छोटी-बड़ी मूविंग एवरेज एक दूसरे के करीब होती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **कम जोखिम:** न्यूट्रल का उपयोग करके निवेशक जोखिम को कम कर सकते हैं।
- **संभावनाएं:** यदि बाजार में तेजी या मंदी नहीं है, तो अन्य निवेश विकल्पों में लाभ कमा सकते हैं।
- **संरक्षण:** यह रणनीति बाजार में होने वाली अस्थिरता से सुरक्षित रहने में मदद करती है।




न्यूट्रल पैटर्न एक उपयोगी तकनीक है, विशेष रूप से उन निवेशकों के लिए जो जोखिम को कम करना चाहते हैं। हालांकि, इसे समझदारी से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें संभावित लाभ और जोखिम दोनों होते हैं।

### जोखिम

- **कम लाभ:** न्यूट्रल रणनीतियों से कभी कम लाभ होता है क्योंकि वे बाजार के रुझानों का लाभ नहीं उठातीं।
- **मार्जिन कॉल्स:** अगर बाजार अप्रत्याशित तरीके से चलता है, तो निवेशकों को संभावित नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **संवेदनशीलता:** न्यूट्रल पैटर्न्स कुछ बाजार स्थितियों में प्रभावी नहीं हो सकते, जैसे कि अत्यधिक उतार-चढ़ाव।

## एनएसडीएल में डीमैट के तौर पर रखीं 500 लाख करोड़ की प्रतिभूतियां

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) ने शुक्रवार को कहा कि डिपोजिटरी में डीमैट रूप में रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य 2024 में 500 लाख करोड़ (6 हजार अरब डॉलर) पहुंच गया। डिपॉजिटरी को 2014 में 100 लाख करोड़ तक पहुंचने में 18 साल लगे, 2020 में 200 लाख करोड़ को छूने में छह साल व 500 लाख करोड़ छूने में चार साल लगे। एनएसडीएल के एमडी एस गोपालन ने कहा कि निवेशकों, सहभागियों, नियामकों को इसके लिए धन्यवाद देते हैं।

# वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि सबसे उज्ज्वल हिस्से में से एक

वाशिंगटन, एजेंसी

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। बंगा ने कहा कि मुझे लगता है कि 6-7% और उससे अधिक की दर से वृद्धि करना ये दर्शाता है कि उन्होंने इसके लिए कई कदम उठाए हैं। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की होने वाली वार्षिक बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत में हुई अधिकतर वृद्धि घरेलू बाजार के दम पर मुमकिन हुई है जो कुछ मायनों में अच्छा संकेत है। वहीं विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (परिचालन) एन्ना बेर्डे ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।



- विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा ने कहा- भारत ने इसके लिए कई कदम उठाए हैं

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 690.43 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में भंडार 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.54 अरब डॉलर घटकर 602.10 अरब डॉलर रह गईं। मुद्रा आस्तियों में भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 9.8 करोड़ डॉलर घटकर 65.66 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.34 अरब डॉलर रह गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 2 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रहा।

# सोना रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, चांदी में 1,000 रुपये की आई उछल

नई दिल्ली, एजेंसी

त्योहारों में मजबूत मांग से शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपये की तेजी के साथ 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

गुरुवार को 99.9% शुद्धता वाला सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन की तेजी के साथ 99.5% शुद्धता वाला सोना 550 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलो थी। वायदा कारोबार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का भाव 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। कारोबार के दौरान सोना वायदा 77,667 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



- त्योहारों में मजबूत मांग से सोना की दर में आई तेजी, 550 रुपये बढ़ा



## एक नजर

### भवानी को दी जमानत रद करने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित नेता एवं दुष्कर्म के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अपहरण मामले में दी अग्रिम जमानत रद करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं उज्ज्वल भुइयां ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। भवानी पर महिला को शिकायत दर्ज कराने से रोकने का आरोप है जिसका प्रज्वल ने यौन उत्पीड़न किया था।

### बृज भूषण की अर्जी पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह की उस याचिका पर शुक्रवार को शहर की पुलिस और पहलवानों से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने कई महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी को रद करने के अनुरोध वाली अर्जी पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। सिंह ने 13 जनवरी, 2025 को सूचीबद्ध मुख्य याचिका पर पहले सुनवाई करने का अनुरोध किया है कि निचली अदालत में मामला अभियोजन साक्ष्य दायर करने के चरण में है और याचिका जब तक उच्च न्यायालय के समक्ष आएगी, तब तक अधिकतर गवाहों के बयान दर्ज हो चुके होंगे। न्यायमूर्ति मनोज ओहरी ने याचिका पर दिल्ली पुलिस और पहलवानों को नोटिस जारी किया है।

### कार्यक्रम के दौरान हमले से 10 घायल, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में मंदिर में शरद पूर्णिमा समारोह के दौरान लोगों के समूह ने चाकूओं और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसने कल देर रात हुई घटना में शुक्रवार को दो लोगों को हिरासत में लिया। यह घटना गुरुवार को हुई जब जयपुर के करणी विहार में स्थित मंदिर में जागरण हो रहा था। लोगों ने देर रात को अपने पड़ोस में शोर व भीड़ होने पर आपत्ति जताई। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीच खीर बांटी जा रही थी, तब दो लोग वहां पहुंचे और विवाद हो गया।

### सियालदह ईएसआई अस्पताल में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के सियालदह ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर 10 दमकल वाहनों को भेजा गया और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना के बाद पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस अस्पताल पहुंचे।

# राजग के एजेंडे पर जनता को भरोसा: मोदी

## प्रधानमंत्री ने राजग को सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा की जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर स्पष्ट संदेश दिया है कि उसका भरोसा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रगति और सुशासन के एजेंडे पर है। प्रधानमंत्री ने राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों से गुरुवार को यह बात कही। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री ने राजग को 1975 के बाद गैर-कांग्रेसी दलों का सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का सुझाव दिया। इस सम्मेलन में कुल 17 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। हरियाणा में भाजपा की जीत को महत्वपूर्ण करार देते हुए मोदी ने कहा कि राजग ने सभी वर्गों का विश्वास और समर्थन हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राजग सरकार आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है और अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करना इसकी विशिष्टता रही है, जिसने 2014 से सरकार के प्रति जनता में विश्वास बनाने में मदद की है। सुशासन का अर्थ लोगों की समस्याओं का समाधान खोजना है पर मोदी ने कहा कि शिकायत निवारण पर ध्यान देने के साथ समाधान-केंद्रित शासन सभी राजग शासित राज्य सरकारों की विशिष्ट पहचान है। मोदी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 वर्षों में 5 लाख पत्रों की तुलना में पिछले 10 वर्षों में उन्हें जनता से 4.5 करोड़ पत्र प्राप्त हुए हैं। यह राजग सरकार में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। सुचारू शासन, तेजी से निर्णय लेने और शासन में पारदर्शिता ने राजग शासित राज्यों में निवेशकों और निवेश को आकर्षित करने में मदद की।



- राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों से बोले
- समाधान-केंद्रित शासन राजग शासित सरकारों की विशिष्ट पहचान

### मोदी कर्मयोगी सप्ताह की आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार (आज) को कर्मयोगी सप्ताह यानी राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह की शुरुआत करेंगे। लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकसित करने की दिशा में नए सिरे से प्रोत्साहन की कवायद होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसने पर्याप्त प्रगति की है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई गति देने वाला अपनी तरह का आयोजन होगा। पीएमओ ने कहा कि यह पहल सीखने और विकास के लिए एक नई प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगी। कार्यक्रम व्यक्तिगत प्रतिभागियों और मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा जुड़ाव के विभिन्न रूपों के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। प्रत्येक कर्मयोगी चार घंटे की योग्यता से जुड़े गुर सीखने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

# महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने कुछ कंपनियों को पहुंचाया लाभ: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने बुनियादी ढांचे से जुड़ी कुछ परियोजनाओं में चंदे के बदले कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया, जिससे करदाताओं का 10,903 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला है। कांग्रेस के आरोप पर महायुति सरकार या भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली रांकपा हैं। रमेश ने एक्स कहा कि महायुति सरकार ने चुनावी चंदे के बदले में इन्फ्रास्ट्रक्चर टेंडर में कुछ कंपनियों को विशेषाधिकार दिया, जिससे करदाताओं को कम से कम 10,903 करोड़ का नुक़सान हुआ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसा ही एक कांड हुआ है, जिसमें 10 हजार करोड़ की डकैती खुद महायुति सरकार ने कराई है। ये 10 हजार करोड़ जनता के हैं, जो सरकार को कर के रूप में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले चंदा दो-धंधा लो की योजना चल रही थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया। जब से कार्ट ने रोका है, तब से पैसे बटोरने की नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड में भी 13% चंदा महाराष्ट्र से वसूला गया था।



- करदाताओं का 10,903 करोड़ का हुआ नुकसान
- कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा- चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला

## रक्षा उत्पादन नीति से संबंधित याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रक्षा उत्पादन नीति से संबंधित याचिका यह कहकर रद किया कि यह केंद्र के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

अदालत में पेश हुए याचिकाकर्ता को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह ऐसे मामले हैं जो केंद्र सरकार के नीतिगत क्षेत्र के अधीन हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे से राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। पीठ ने टिप्पणी की कि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखना सरकार का काम है। यह नीतिगत मामला है।

# बिहार: जहरीली शराब से 10 और मौत, मृतक संख्या बढ़कर हुई 35

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में जहरीली शराब से 10 और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सिवान की मगहर तथा औरिया पंचायतों में शराब से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में भी सात लोगों की शराब पीने से मौत हुई है।

वहीं विपक्षी दल नीतीश सरकार द्वारा शराब पर लगाए प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं। दोनों जिलों के लोगों ने दावा किया कि जहरीली शराब पीने के बाद लोगों की जान गई। पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर दावा किया कि दोनों जिलों के 25 से अधिक लोग अब भी सीवान, सारण और पटना के कई अस्पतालों में गंभीर हालत में हैं। डीआईजी ने कहा कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने अबतक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों जिलों के प्रशासन ने मगहर, औरिया व इब्राहिमपुर क्षेत्रों के तीन चौकीदारों को निलंबित और पांच पुलिसकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- नीतीश सरकार के शराब पर लगाए प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर विपक्षी ने उठाए सवाल

## पड़ोस में हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी क्यों

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत के पड़ोस में हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन का जिक्र करते हुए दुनिया की चुप्पी पर शुक्रवार को सवाल उठाया और कहा कि इस तरह के उल्लंघन के प्रति अत्यधिक सहिष्णु होना उचित नहीं है। धनखड़ ने नैतिक उपदेशकों, मानवाधिकारों के संरक्षकों की गहरी चुप्पी पर कहा कि उनकी असलियत सामने आ गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि वे ऐसी चीज के भाड़े के टट्टू हैं जो मानवाधिकारों के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सहिष्णु हैं और इस तरह के अपराधों के प्रति सहिष्णु होना उचित नहीं है। धनखड़ ने कहा कि लड़के, लड़कियों और महिलाओं को किस तरह की बर्बरता एवं यातना और मानसिक आघात झेलना पड़ता है, उस पर गौर कीजिए।

- उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- अत्यधिक सहिष्णु होना उचित नहीं

# एमवीए में सीट बंटवारे पर कांग्रेस फैसले लेने में सक्षम नहीं: राउत

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) में सीट बंटवारा वार्ता पर देरी को लेकर शुक्रवार को निराशा जताई। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई के नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं। राउत ने कहा कि एमवीए के घटक दलों में महाराष्ट्र विधानसभा की कुल 288 सीट में से 200 पर सहमति है।

राउत ने बताया कि उन्होंने सीट बंटवारे पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक तथा महाराष्ट्र के लिए पार्टी प्रभारी रमेश चेन्निथला से शुक्रवार सुबह बात की। उन्होंने कहा कि दिन में वह राहुल गांधी से भी बात करेंगे। राउत ने कहा कि लंबित फैसला जल्द होना चाहिए। बहुत कम समय बचा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं।



- राज्यसभा सांसद ने कहा- राहुल गांधी से करेंगे बात

# झारखंड में आजसू 10, जदयू दो व लोजपा एक सीट पर लड़ेंगी चुनाव

रांची, एजेंसी

झारखंड विस चुनाव में राजग की घटक ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) 10, जद(यू) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी व मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरमा ने कहा कि सीट बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है लेकिन भाजपा देखो और प्रतीक्षा करो की रणनीति अपना रही है क्योंकि प्रतिद्वंद्वी दलों ने अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे। गिनती 23 को होगी।



- भाजपा के सह प्रभारी और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने दी जानकारी

## बेअदबी मामलों में राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता शुक्रवार को साफ कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवाई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा इन मामलों में सुनवाई पर लगाई रोक हटा दी और राम रहीम से जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की याचिका पर यह फैसला लिया और वह मामले में चार हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने हाईकोर्ट के उस आदेश को पलटने का अनुरोध किया, जिसके तहत फरीदकोट के बाजाखाना थाने में दर्ज तीन मामलों की सुनवाई पर रोक लगी थी।

- पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की लगाई रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटाया

# कर्नाटक के एमयूडीए मामले में ईडी का छापा, राज्य में चढ़ा सियासी पारा

बेंगलुरु, एजेंसी

ईडी ने शुक्रवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े धन शोधन में छापेमारी की। ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिजनों और अन्य के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया है। ईडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस शासित राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है।

केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ पहुंची एजेंसी ने मैसूरु स्थित एमयूडीए कार्यालय तथा बेंगलुरु में कुछ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने देवराजू के आवास की तलाशी ली। मुख्यमंत्री या उनके परिवार के किसी परिसर पर छापेमारी नहीं की। एमयूडीए सचिव प्रसन्ना कुमार ने बताया कि ईडी जो भी जानकारी मांगेगी, हम उपलब्ध कराएंगे। ईडी ने कहा है कि वे आज और कल यहीं काम करेंगे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ये केवल दस्तावेज जमा करने और सत्यापन की कवायद थी। पूर्व सांसद डीके सुरेश ने इसे राजनीति से प्रेरित छापेमारी करार दिया। शहरी विकास मंत्री सुरेश बीएस ने कहा कि ईडी को दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। भाजपा और जद (एस) ने छापेमारी का स्वागत किया।

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व उनके परिवार के किसी भी परिसर पर नहीं की गई कार्रवाई

## ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु जग्गी वासुदेव के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन के खिलाफ दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट की कार्यवाही का दायरा बढ़ाने को शुक्रवार को अनुचित करार देते हुए कार्यवाही बंद कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने महसूस किया कि बंदी प्रत्यक्षीकरण कार्यवाही के दायरे को बढ़ाना अनुचित था, क्योंकि हाईकोर्ट का अधिकार क्षेत्र अच्छी तरह से परिभाषित है।

